किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

दैनिक हिन्दी समाचार • समाज जागरण • RNI NO. UPHIN/2021/84200

वर्ष: 2 अंक: 264 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 07 जुलाई 2024 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


# हाथरस भगदड़ कांड़ में बड़ी खबर, मुख्य आरोपी को कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

हाथरसः हाथरस मामले में मुख्य आरोपी देव प्रकाश मधुकर का शुक्रवार देर रात दिल्ली से गिरफ्तार किया गया था. शनिवार को उसे कोर्ट में पेश किया गया. कोर्ट ने उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. जानकारी के मुताबिक उस पर पुलिस ने एक लाख रुपये का ईनाम घोषित किया था. उसका मेडिकल कराकर कोर्ट में पेश किया गया था. अब 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है. उससे गहनता से पूछताछ की जाएगी.

हाथरस में 2 जुलाई को भगदड़ मचने से 121 लोगों की मौत हो गई थी. इस मामले में मुख्य आरोपी देवप्रकाश मधुकर को कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. अब हाथरस पुलिस सोमवार या मंगलवार को मधुकर की पुलिस रिमांड के लिए कोर्ट में एप्लीकेशन लगाएगी. शुक्रवार यानी बीती

रात हाथरस पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (SOG) ने दिल्ली के नजफगढ़ इलाके से मधुकर को गिरफ्तार किया था.

हाथरस के एसपी निपुन अग्रवाल ने बताया कि हाथरस घटना का मुख्य आरोपी देव प्रकाश मधुकर को गिरफ्तार किया गया था. इस पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था. पुलिस ने आरोपी मधुकर का मेडिकल कराया है और फिर कोर्ट में पेशी कराई. एसपी निपुण अग्रवाल ने बताया कि हाथरस की SOG ने मधुकर को कल देर शाम दिल्ली के नजफगढ़ से गिरफ्तार किया था. पूछताछ की गई है, इनकी फंडिंग अभी जांच के दायरे में है. फंडिंग कहां से आ रही है, डोनर की लिस्ट जुटाई जा रही है. हाथरस एसपी ने बताया था कि मामले में दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने कहा कि फंड इकट्ठा करने के संबंध में गहनता से जांच की जा रही है कि कहीं किसी तरह के कार्यक्रम में इनके संसाधन किसी राजनीतिक पार्टी से पोषित तो नहीं किए जा रहे हैं. अब तक की पूछताछ से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि कोई राजनीतिक दल अपने राजनीतिक और निजी स्वार्थ के लिए इनसे जुड़ रहा है.

## 10-20 लाख नहीं, रेलवे ने सिर्फ एक स्टेशन पर प्लेटफॉर्म टिकट बेच कमाए 70 लाख रुपये

जोधपुर. उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर सिटी रेलवे स्टेशन पर अपने परिजनों को लेने अथवा छोड़ने आने वाले आगंतुकों की संख्या में एक वर्ष में एक लाख से भी अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है. जोधपुर सिटी रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म टिकटों की बिक्री के आंकड़े खंगालने पर यह जानकारी सामने आई कि भागदौड़ युक्त जिंदगी के बावजूद लोगों में अपनों को ट्रेन पर सी-ऑफ करने के क्रेज में कोई कमी नही आई है.

आंकड़ों से पता चला कि शहर ने रेलवे स्टेशन पर 2022-23 की तुलना में 2023-24 में 1 लाख 9 हजार 276 प्लेटफॉर्म टिकट अधिक खरीदे. इससे न केवल रेलवे के राजस्व में वृद्धि हुई बल्कि सघन टिकट जांच से रेलवे स्टेशन पर आने-जाने वाले अनाधिकृत लोगों का प्रवेश रोकने में भी रेलवे सफल रहा.

जोधपुर मंडल के सीनियर डीएम विकास खेड़ा का इस संबंध में कहना है कि डीआरएम पंकज कुमार सिंह के नेतृत्व में जारी सघन टिकट जांच अभियान के साथ-साथ ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेनों का संचालन, अयोध्या स्पेशल तथा दीपावली पर स्टेशन पर अपने परिजनों को छोड़ने अथवा लेने के लिए ज्यादा लोगों का आना प्लेटफॉर्म टिकटों की बिक्री में वृद्धि बड़ा कारण रही है.

## संसद का बजट सत्र 22 जुलाई से 12 अगस्त, 2024 तक चलेगा

जैतो,6 जुलाई (रघुनंदन पराशर ):भारत सरकार की सिफारिश पर

राष्ट्रपति ने संसदीय मामलों की अनिवार्यताओं के अंतर्गत, 22 जुलाई, 2024 से 12 अगस्त, 2024 तक बजट सत्र, 2024 के लिए संसद के दोनों सदनों को बुलाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।23 जुलाई, 2024 को केंद्रीय बजट 2024-25 लोकसभा में पेश किया जाएगा।केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री श्री किरण रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ह्यएक्सह्न (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट के माध्यम से इन विवरणों की जानकारी दी।

## टैक्स फाइलिंग में आया बड़ा बदलाव: मायआइटीरिटर्न ने भारत का पहला अनूठा मोबाइल ऐप लॉन्च किया

**शशि भूषण दूबे कंचनीय**

लखनऊ 06 जुलाई, 2024 – स्कोरिडोव ने अपना नया मायआईटीरिटर्न मोबाइल ऐप लॉन्च करने की घोषणा की है। इस ऐप को भारतीयों के इनकम टैक्स रिटर्न भरने के तरीके को सरल व आसान बनाने और इस प्रक्रिया में बड़ा बदलाव लाने के लिए डिजाइन किया गया है। यह अभिनव ऐप भारत में अपनी तरह का पहला ऐप है, जो यूजर्स को किसी भी दस्तावेज को अपलोड किए बिना सीधे अपने स्मार्टफोन से अपना टैक्स रिटर्न फाइल करने की सुविधा देता है और रिटर्न फाइल करने की पूरी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करके इसे पहले की तुलना में तेज और अधिक कुशल बनाता है।

स्कोरिडोव के फाउंडर साकार यादव ने नए ऐप के बारे में बताते हुए कहा, ह्यभारत में हमें इस गेम-चेंजिंग ऐप को पेश करते हुए खुशी हो रही है। मायआईटीरिटर्न में, हमारा मिशन हमेशा टैक्स फाइलिंग को आसान, सुरक्षित और कुशल बनाना रहा है। यह ऐप उस मिशन का प्रमाण है, जो एक अनूठा सॉल्यूशंस मुहैया कराते हुए यूजर्स के डेटा को सुरक्षित रखता है और उन्हें अधिकतम संभव रिफंड सुनिश्चित करते हुए पूरी प्रक्रिया को सरल बनाता है। हमारा मानना है कि यह ऐप आने वाले दिनों में भारतीयों के टैक्स भरने के तरीके में बड़ा बदलाव लेकर आएगा।"

टैक्स फाइलिंग में एक गेम-चेंजर मायआईटीरिटर्न ऐप टैक्स रिटर्न भरने के तरीकों में बदलाव ला रहा है। मायआईटीरिटर्न ऐप को उपभोक्ता को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जो कागजी जरूरतों को खत्म करते हुए टैक्स फाइलिंग को सभी के लिए सुलभ बनाता है। स्मार्टफोन पर बस कुछ ही टैप से कोई भी व्यक्ति अपने घर या ऑफिस से आराम से टैक्स रिटर्न पूरा कर सकता है

मायआईटीरिटर्न ऐप की मुख्य विशेषताएं ऐप यूजर्स के अनुकूल है और स्पष्ट, नियमों के पालन में आसान निदेशों के साथ प्रत्येक चरण में यूजर्स की मदद करता है। चाहे व्यक्ति वेतनभोगी कर्मचारी हो या अपने व्यवसाय वाले, उन सभी के लिए यह प्रक्रिया आसान और सरल है।

इसके साथ सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि टैक्स रिटर्न फाइल करने के लिए किसी तरह के डॉक्यूमेंट्स या दस्तावेज को अपलोड करने की जरूरत नहीं है। ऐप सुरक्षित रूप से सभी आवश्यक जानकारी सीधे सरकारी डेटाबेस से प्राप्त करता है, जिससे टैक्स फाइलिंग की प्रक्रिया में किसी दस्तावेज की जरूरत नहीं होती है और इससे समय और कोशिशों दोनों की बचत होती है।मायआईटीरिटर्न का बैकएंड यह सुनिश्चित करता है कि सभी योग्य कटौतियों और छूट की पहचान कर करदाता को उसका पूरा रिफंड वापस मिले। यह उनके लिए विशेष रूप से फायदेमंद है, जिन्हें उनके लिए उपलब्ध टैक्स फायदों के बारे में जानकारी नहीं है। अन्य विशेषताओं में फॉर्म-16 विवरण, शेयर (पूंजीगत लाभ), एडवांस्ड एन्क्रिप्शन तकनीकें शामिल हैं जो व्यक्तिगत और वित्तीय जानकारी को सुरक्षित रखते हुए बुनियादी आयकर रिटर्न से लेकर अधिक जटिल फाइलिंग तक विभिन्न टैक्स जरूरतों को पूरा करती है।

## ज्ञानवापी के व्यासजी तहखाने की मरम्मत की मांग

**दैनिक समाज जागरण**

वाराणसी। वाराणसी में श्रृंगार गौरी-ज्ञानवापी के मूलवाद से जुड़े कई मामलों की आलग-अलग कोर्ट में शनिवार को सुनवाई हुई। जिसमें इन मामलों में बहस टल गई। जिला जज संजीव पांडेय की अदालत

ने ज्ञानवापी के 8 याचिकाओं पर सुनवाई के लिए 15 जुलाई की तारीख निर्धारित की है। जिसमें श्रृंगार गौरी ज्ञानवापी समेत मस्जिद के मूलवाद में जिला जज की अदालत में श्रृंगार गौरी के नियमित दर्शन पूजन समेत प्रमुख तीन याचिकाओं पर बहस होनी है।

ज्ञानवापी के व्यासजी तहखाने की मरम्मत और बदन तहखानों को खोलने व अरक सर्वे कराने की मांग पर राखी सिंह और काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास की याचिका पर भी सुनवाई होनी है। हिंदू पक्ष के वकील ने व्यासजी तहखाने के जर्जर छत और उसके बीम के मरम्मत की मांग की है। उन्होंने जर्जर बीमों को लेकर हादसे की आशंका जताते हुए कोर्ट से मरम्मत की अनुमति मांगी है। हालांकि इस पर मुस्लिम पक्ष ने आपत्ति जाहिर की है। जिस लेकर दोनों पक्षों के ओर से बहस भी हुई है। हिंदू पक्ष के ओर ओर से दायर याचिका में ज्ञानवापी परिसर में बंद तहखानों के एएसआई सर्वे की मांग की गई है। दावा किया गया है कि ज्ञानवापी मस्जिद के दक्षिण की ओर एस-1 और उत्तर की ओर एन-1 सहित अन्य तहखानों को एएसआई के प्रारंभिक सर्वेक्षण के तहत कवर नहीं किया जा सका, क्योंकि वे पत्थर से बंद हैं।

उनका अवरोध हटाकर टीम को अंदर सर्वे की अनुमति प्रदान की जाए। राखी सिंह की ओर से दायर याचिका में जिसमें अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी और काउंटर की ओर से आपत्ति दाखिल कर चुका है। वादी महिलाओं में लक्ष्मी देवी, सीता साहू, मंजू व्यास और रेखा पाठक हैं। इनके वकील सुभाष नंदन चतुर्वेदी और सुधीर त्रिपाठी हैं। सुभाष नंदन चतुर्वेदी ने बताया कि आज जिला जज के समक्ष हम पक्ष रखेंगे कि इन मामलों की सुनवाई जल्द हो।

## शाकाहारी थाली हुई 10 प्रतिशत महंगी, प्याज-टमाटर ने बढ़ाई कीमतें

टमाटर के दाम में 30 प्रतिशत, आलू के मूल्य में 59 प्रतिशत और प्याज के दाम में 46 प्रतिशत वृद्धि के कारण शाकाहारी थाली के कुल मूल्य में वृद्धि हुई थी। भारत में शाकाहारी थाली का मूल्य जून में 10 फीसदी बढ़ गया है। क्रिसिल की शुक्रवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक प्याज, आलू और टमाटर के दाम बढ़ने के कारण शाकाहारी थाली का मूल्य बढ़ा है। मगर इस अवधि में ब्रायलर चिकन का मूल्य कम होने के कारण मांसाहारी थाली के मूल्य में 4 प्रतिशत की गिरावट आई। क्रिसिल मार्केट इंटेलीजेंस ऐंड एनालिसिस की मासिक ह्यरोटी राइस रेटह्न रिपोर्ट के मुताबिक शाकाहारी थाली का मूल्य इस जून में बढ़कर 29.4 रुपये हो गया है जबकि यह जून 2023 में 26.7 रुपये था। शाकाहारी थाली का मूल्य मई में 27.8 रुपये था।

लिहाजा मासिक आधार पर शाकाहारी थाली का मूल्य छह प्रतिशत बढ़ा। शाकाहारी थाली में रोटी, सब्जी (प्याज, टमाटर और आलू), चावल, दाल, दही और सलाद शामिल होते हैं।

टमाटर के दाम में 30 प्रतिशत, आलू के मूल्य में 59 प्रतिशत और प्याज के दाम में 46 प्रतिशत वृद्धि के कारण शाकाहारी थाली के कुल मूल्य में वृद्धि हुई थी। दरअसल, प्याज की रबी की बोआई कम होने से फसल की आवक में खासी कमी हुई थी।

## सेना की गोली से जहन्नुम में पहुंचे 4 आतंकी,

**दैनिक समाज जागरण**

श्रीनगर. जम्मू कश्मीर के कुलगाम जिले में भारतीय सुरक्षाबलों का बड़ा एक्शन देखने को मिला. घाटी से आतंक का सफाया करने की कसम खा चुकी भारतीय सेना ने स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर सूचना के आधार पर कार्रवाई की. इस दौरान चार आतंकियों को जहन्नुम में पहुंचा दिया है. हालांकि इस ऑपरेशन को अंजाम देने के दौरान भारत मां का एक सपूत शहीद भी हो गया. सेना की तरफ से यह जानकारी दी गई है. बताया गया कि कुलगाम में दो स्थानों पर यह एनकाउंटर चला, जिसमें सेना को बड़ी कामयाबी मिली.

अधिकारियों ने बताया कि कुलगाम के फ्रिसल चिन्नीगाम इलाके में घेराबंदी और तलाश अभियान शुरू किए जाने के दौरान आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ हो गई. उन्होंने बताया कि मुठभेड़ में अब तक चार आतंकवादी मारे गए हैं. अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ स्थल की ड्रोन फुटेज में चार शव पड़े हुए दिखाई दे रहे हैं, लेकिन गोलीबारी अभी भी जारी रहने के कारण शव अभी बरामद नहीं किया जा सका है. उन्होंने कहा कि मुठभेड़ जारी है.

मुठभेड़ स्थल का दौरा करने वाले कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक वी.के. बिरधी ने कहा कि अभियान जारी रहेगा. उन्होंने संवाददाताओं से कहा, "कुछ शव (आतंकवादियों के) देखे गए हैं, लेकिन मुठभेड़ अभी समाप्त नहीं हुई है." बिरधी ने बताया कि मुठभेड़ स्थल श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग के नजदीक नहीं बल्कि जिले के अंदरूनी इलाकों में है. इससे पहले, अधिकारियों ने बताया कि कुलगाम जिले के मोडरगाम गांव में आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हुई. उन्होंने कहा कि मुठभेड़ में सेना का एक जवान शहीद हो गया.

# बाइडन ने किया बड़ा दावा, कहा- सिर्फ "सर्वशक्तिमान भगवान" ही मुझे राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ से बाहर कर सकते

## दूसरी बार राष्ट्रपति बनने का लक्ष्य लिए चुनावी मैदान में उतरे बाइडन ने ट्रंप पर "आदतन झूठा" होने का आरोप लगाया

**दैनिक समाज जागरण**

जो बाइडन ने डोनाल्ड ट्रंप के साथ राष्ट्रपति पद के चुनाव की प्रक्रिया के तहत हुई पहली बहस में अपने खराब प्रदर्शन की जिम्मेदारी लेते हुए शुक्रवार को कहा कि वह बहस से पहले "थके हुए और बीमार" थे. अमेरिका के राष्ट्रपति बाइडन ने साथ ही कहा कि केवल "सर्वशक्तिमान भगवान" ही उन्हें पांच नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव की दौड़ से बाहर कर सकते हैं.

बाइडन (81) ने यह बात एक टेलीविजन चैनल को दिए साक्षात्कार में कही. राष्ट्रपति पद के चुनाव की प्रक्रिया के तहत अटलांटा में 27 जून को पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप के साथ हुई बहस में खराब प्रदर्शन के बाद बाइडन की लोकप्रियता की 'रेटिंग' गिर गई है जिसके बाद उन्हीं की पार्टी के कुछ नेताओं ने उनसे

राष्ट्रपति पद के चुनाव की दौड़ से बाहर होने का आग्रह किया था.

दूसरी बार राष्ट्रपति बनने का लक्ष्य लिए चुनावी मैदान में उतरे बाइडन ने ट्रंप पर "आदतन झूठा" होने का आरोप लगाया. बाइडन ने 'एबीसी न्यूज' से साक्षात्कार के दौरान राष्ट्रपति पद के चुनाव के तहत अपनी पहली बहस में अपने खराब प्रदर्शन को लेकर कहा, "यह एक बुरा प्रकरण था. किसी गंभीर स्थिति का कोई संकेत नहीं था. मैं थक गया था. मैंने तैयारी के दौरान अपने मन की नहीं सुनी और यह केवल एक बुरी रात थी." यह बहस के बाद किसी टेलीविजन चैनल के साथ उनका पहला साक्षात्कार था. उन्होंने कहा, "मैं बीमार था. चिकित्सक मेरे साथ थे. मैंने उनसे पूछा कि क्या उन्होंने मेरी कोविड-19 संबंधी जांच की है. वह यह पता लगाने की कोशिश कर रहे थे कि मेरे बीमार होने का कारण क्या है. उन्होंने मेरी कोविड जांच की लेकिन मुझे संक्रमण नहीं हुआ था. मुझे बस सर्दी लगी थी." बाइडन ने कहा कि बहस में उनके खराब प्रदर्शन में किसी और की नहीं "बल्कि मेरी गलती थी." बाइडन ने कहा कि डेमोक्रेटिक पार्टी के किसी भी प्रमुख नेता ने उनसे चुनाव से हटने के लिए नहीं कहा है. उन्होंने कहा कि वह राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ से तभी हटेंगे जब "सर्वशक्तिमान भगवान" उनसे ऐसा करने के लिए कहेंगे.

## प्रधानमंत्री ने डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की

जैतो,6 जुलाई रघुनंदन पराशर ): प्रधानमंत्री कार्यालय ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने कहा कि मातृभूमि के प्रति उनका समर्पण और त्याग देशवासियों को निरंतर प्रेरित करता रहेगा।श्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया ह्यअपने प्रखर राष्ट्रवादी विचारों से मां भारती को गौरवान्वित करने वाले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी जन्म-जयंती पर आदरपूर्ण श्रद्धांजलि। मातृभूमि के लिए उनका समर्पण और त्याग देशवासियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा।"



# नेपाल और इंग्लैंड में सरकारों का पतन

दैनिक समाज जागरण

भारत में भाजपा गठबंधन की सरकार जैसे-तैसे बच गयी लेकिन पड़ौस में नेपाल और इंग्लैण्ड की सरकारें गिर गयी । नेपाल में सरकार बैशाखी हटने से गिरी जबकि इंग्लैंड में जनादेश से। दुनिया में सरकारों का बनना,बिगड़ना एक सनातन प्रक्रिया का अंग है ,लेकिन इनके बनने-बिगड़ने का असर आस=पड़ोस पर भी पड़ता ही है। भारत के साथ भी यही फामूर्ला लागू होता है। इसलिए भारत और भारतवासियों को इन घटनाओं पर नजर रखना पड़ती है ।

सबसे पहले बात नेपाल की करें। यहां प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' की सरकार थी । बैशाखियों पर टिकी ये सरकार आखिर गिर गयी। सत्तारूढ़ गठबंधन के सहयोगी सीपीएन-यूएमएल ने प्रचंड को हटाने के लिए सबसे बड़ी पार्टी (नेपाली कांग्रेस) के साथ सत्ता-साझेदारी समझौते के बाद समर्थन वापस ले लिया है.अब यहां केपी

शर्मा ' ओली' के मुख्यमंत्री बनने की संभावना है। शर्मा जी भारत के नहीं चीन के समर्थक हैं । इसलिए भारत को शर्मा जी के आने से परेशानी होना स्वाभाविक है। नेपाल में पिछले 16 साल में 13 स-रकारें गिरीं हैं ,नेपाल की सरकारों के गिरने की कहानी अलग है। अभी तो हम प्रचंड के जाने और ओली के आने की बात कर रहे है। नेपाल में हमारे कुछ साहित्यिक मित्र हैं जो बताते रहते हैं की प्रचंड ने भारत की तर्ज पर नेपाल को हिन्दू राष्ट्र बनाने की दिशा में काफी काम किया । भारत में राम लाला की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के मौके पर नेपाल में भी एक उन्माद पैदा करने की कोशिश की गयी । दीपावली मनाई गयी ,लेकिन राम जी नेपाल सरकार के काम नहीं आये । प्रचंड को आखिर जाना ही पड़ा ,दुनिया में धर्म की राजनीति ज्यादा नहीं चलती । वहां भी जहाँ धार्मिक आधार पर ही चुनाव होते है। बहरहाल हमें शर्मा जी के जाने और ओली जी के आने पर सतर्क रहने की जरूरत है ,क्योंकि खरबूजे को देखकर खरबूजा रंग बदलता है । हमारी सरकार के सहयोगी दल भी कब अपनी बैशाकहियाँ हटाकर मोदी जी को प्रचंड जैसा असहाय कर दें कोई नहीं जानता।

अब चलिए इंग्लैंड। यहाँ भारत के कथित दामाद ऋषि सुनक की सरकार थी। ताजा चुनाव में इंग्लैंड की जनता ने सुनक की पार्टी को सत्ता से बाहर कर दिया । इस परिवर्तन में भारतवंशियों तक ने सुनक साहब का साथ नहीं दिया। सुनक को भारत की सरकार भारत का दमाद मानती थी। मानना ही चाहिए। हमारे यहां गांव-गोंड़े के रिश्ते बहुत चलते हैं। लेकिन सुनक साहब ने प्रधानमंत्री रहते हुए न भारत के लिए बहुत कुछ किया ,और न भारतवंशियों के लिये । नतीजा ये हुआ कि उन्हें अब सत्ता से बाहर जाना पड़ा। सुनक के प्रधानमंत्री बनने पर उनके भारतवंशी होने को लेकर कभी कोई विवाद नहीं उठा ,अन्यथा वहां कोई गुजराती प्रतिद्वंदी होता तो उन्हें श्यामा गाय का बछड़ा कह सकता था। हमारे यहां तो इटली मूल की भारतीय बहू को ' जर्सी गाय ' और बारबाला ' कहने वाले अनेक विद्वान हैं।

बहरहाल ब्रिटेन में चार जुलाई को हुए आम चुनाव में लेबर पार्टी ने बहुमत हासिल कर लिया है. कंजर्वेटिव पार्टी को अब तक की सबसे बुरी हार का सामना करना पड़ा है. लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर महाराजा चार्ल्स तृतीय से मुलाकात के बाद आधिकारिक तौर पर ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री बन गए हैं। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रिटेन के आम चुनाव में जीत के लिए लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर को बधाई दी तथा दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के साथ ही पारस्परिक विकास व समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए सकारात्मक व रचनात्मक सहयोग की उम्मीद जताई. मोदी जी ने इसके साथ ही निवर्तमान प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के नेतृत्व की सराहना की और अपने कार्यकाल के दौरान भारत और ब्रिटेन के संबंधों को प्रगाढ़ करने में उनके ह्यसक्रिय योगदानह्ल के प्रति आभार जताया।

भारत के आसपड़ोस में श्रीलंका है ,पकिस्तान है ,चीन है इन सबसे हमारे रिश्ते कैसे हैं ,ये बताने की जरूरत नहीं। पाकिस्तान से हमारी कुट्टी हुए अरसा हो चुका है । चीन को हम साबरमती में झूला झूला चुके हैं ,लेकिन उसकी फितरत नहीं बदली। पकिस्तान की फितरत तो बदलने का सवाल ही नही। श्रीलंका भी चीन के प्रभाव में है । उसके ऊपर हमारा प्रभाव न जाने क्यों नहीं पड़ रहा। श्रीलंका वाले तो हमारे मोदी जी के शपथग्रहण समारोह में भी नजर नहीं आये। जो पड़ौसी आये थे उनमें से मालदीव वाले भी मन मारकर आये थे। ये सारे सन्दर्भ में इसलिए आपके सामने रख रहा हूँ क्योंकि आसपास की राजनीतिक गतिविधियां भारत के अनुकूल नहीं हैं।

भारत में नेपाल जैसी ही गठबंधन की सरकार है। हमारी कामना और प्रार्थना है कि ये सरकार पूरे पांच साल चले,क्योंकि भारत जैसा गरीब देश दो-ढाई साल में चुनाव की मार सहने की स्थिति में नहीं है। लेकिन हमारी ' कामना और प्रार्थना से बात बनने वाली नहीं है । ये सरकार तो नायडू,नीतीश बाबू , जलते-बुझते चिराग और जीतनराम माझी के भरोसे चलने वाली सरकार है । जिस दिन भी इन छुटभैयों का माथा सटका उस दिन सरकार को ' प्रचंड गति ' मिलने से कोई रोक नहीं सकता। ऐसी सरकारें अक्सर हिकमत अमली से चलती हैं। पीव्ही नरसिम्हाराव ,अटल बिहारी बाजपेयी और डॉ मनमोहन सिंह ने ऐसी सरकारें बाखूबी चलकर दिखाई । किन्तु माननीय मोदी जी के लिए ऐसा करना शायद कठिन हो। क्योंकि वे न राव हैं ,न बाजपेयी हैं और न मनमोहन सिंह। वे मोदी जी हैं,नरेंद्र दामोदर मोदी। उनकी चाल,चरित्र और चेहरा बदलना आसान काम नहीं है।उनका एजेंडा हिडन नहीं है,खुल्लम-खुल्ला है। वे भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाना चाहते हैं क्योंकि आरएसएस ऐसा चाहता है। वे मजबूर हैं। वे भारत की विविधता ,धर्मनिरपेक्षता को नहीं मानते। वे मुसलमानों को भारत का नागरिक नहीं मानते । उनके लिए मणिपुर भारत का कोई राज्य नहीं है।

कुल जमा हमारे लोग ब्रिटेन में भी हैं और नेपाल में भी। इसलिए हमें यहां हुए सत्ता परिवर्तन के बाद अपनी विदेश नीति की भी समीक्षा करना पड़ेगी । आने वाले दिनों में अमेरिका में भी चुनाव होना है हमें सबको साथ लेकर इस मसले पर संसद में संसद के बाहर चाय पीते हुए भी बात करना पड़ेगी ,अन्यथा हमारे लिए यानि भारत के लिए, नयी समस्याएं खड़ी हो सकतीं हैं। हमें उम्मीद है कि हमारी बैशखियों पर टिकी सरकार इस मामले में गाम्भीर्य का प्रदर्शन करेगी। नहीं करेगी तो सरकार के साथ-साथ पूरे देश को इसका खमियाजा भुगतना पडेगा।सरकार कि मुखिया का या है ,वे तो फकीर हैं ,लेकर अपना झोला झंडा चल पड़ेंगे।

# बैठकी भारत से सीखो बेशर्मी और भूलना

दैनिक समाज जागरण

बैठकी का समय होते हीं,कॉलबेल की आवाज से उत्साहित दरवाजा खोला फिर क्या था !बैठकी जमनी थी,जम गई.....

सरजी,विगत 4 जुलाई को ब्रिटेन में 650 संसदीय सीटों के लिए मतदान हुआ। इस चुनाव में मुख्य मुकाबला प्रधानमंत्री रहे ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी और मुख्य विपक्षी दल कीर स्टार्मर की लेबर पार्टी के बीच हुआ जिसमें ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी को जबरदस्त हार का मुख देखना पड़ा है इस चुनाव में कुल 650 सीटों में कंजरवेटिव पार्टी को मात्र 121 सीटों पर जीत से संतोष करना पड़ा है और मत प्रतिशत से ऋषि सुनक के दल को 23.7 प्रतिशत वोट मिला जो पिछले चुनाव के मुकाबले लगभग 20 प्रतिशत का नुकसान झेलना पड़ा है। दुसरी ओर लेबर पार्टी पिछले चुनाव से मात्र 1.7 प्रतिशत अधिक वोट लेकर 412 सीटों पर बम्पर जीत हासिल की है।अपनी हार स्वीकार करते हुए निवर्तमान प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने जनता से माफी मांगी और कहा --"आई एम सॉरी"। ऋषि




सुनक ने लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर को शुभकामनाएं और बधाइयां भी दी।--मास्टर साहब चुप हुए।

ए मास्टर साहब ! अब ब्रिटेन के इस चुनाव परिणाम और राजनीतिक चरित्र की तुलना भारत से की जाय तो विगत लोकसभा चुनाव में कांग्रेस, कुल संसदीय सीटों का 18 प्रतिशत अर्थात 99 सीटें और मत प्रतिशत का 21 प्रतिशत प्राप्त की है और तब इसका नेता,राहुल खान लगातार चिल्ला रहा है कि मैं जीत गया.. मैं जीत गया.!!!

दुसरी ओर कांग्रेस से 141 प्रतिशत अधिक अर्थात 240 सीटें तथा 75 प्रतिशत अधिक मत( कुल मत का 36.56 प्रतिशत ) पाने वाले प्रधानमंत्री को हारा

हुआ बताकर लगातार अपमानित कर रहा है।--सुरेंद्र भाई मुंह बनाये।

ए भाईजी ! तब तो कंजरवेटिव पार्टी के हारे हुए प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को भारत के विपक्षियों से कुछ सीखने की आवश्यकता है !!--उमाकाका मुस्कुराये।

**उ का ए काकाजी!!--मुखियाजी प्रश्न किये।**

अजी,जिस तरह हार के बावजूद कांग्रेस और विपक्षी पार्टियां, संसद में और संसद के बाहर जिस बेशर्मी और बेईमानी का व्यवहार कर रहीं हैं उस व्यवहार को सीखने के लिए तत्काल ऋषि सुनक को भारत का दौरा करके विपक्षी नेताओं से भेंट करनी चाहिए।--कहकर उमाकाका हाथ चमकाये।

इसबीच बेटी चाय का ट्रे रख गई और हमसभी एक एक कप उठाकर पुनः वार्ता में.....

काकाजी, ब्रिटेन के मतदाताओं को भारत से भुलने की आदत भी सीखनी चाहिए।--कुंवरजी अखबार उठाते हुए।

**उ का ए कुंवर बाबू!! तनी साफ-साफ बोलीं।--मुखियाजी कुंवरजी की ओर।**

याद है न मुखियाजी!! 1975 की वो इमरजेंसी ! जिसने भारतीय लोकतंत्र को तार-तार कर दिया था। कैसे हम भारत के लोग उस त्रासदी को भूलकर पुनः इंदिरा गांधी को सत्ता पर बैठा दिये। उसी इमरजेंसी में संविधान के नीति निदेशक तत्वों का गला घोटते हुए जबर्दस्ती उसमें सेक्यूलर और सोसलिस्ट शब्द घुसेड़ दिया गया।कांग्रेस ने दशकों बार संविधान बदला। इस तरह बदला कि जल्द से जल्द हिंदूओं के देश भारत का इस्लामीकरण हो जाय लेकिन हम, कांग्रेस के




सारे कुकर्मों को भूल गये।विगत चुनाव में मोदीजी के विरुद्ध विपक्षियों के प्रचार कि मोदी आयेगा तो संविधान बदल देगा पर विश्वास करके भाजपा की सीटें कम कर दी।--कुंवरजी मुंह बनाये।

मुखियाजी, सुना नहीं आपने ! सदियों तक रामलला, फटे टेंट में थे और अब बारिश की कुछ बूंदे निमार्णाधीन ढ़ाचे में आ गया तो छाती पीट रहे हैं। छोड़िये न ! हजारों सिखों का राजनीतिक रूप से प्रायोजित नरसंहार हुआ लेकिन कुछ हीं सालो बाद हीं वहां कांग्रेस की सरकार बन गई। लोग भूल जाते हैं कि कैसे कोविड जैसी महामारी में मोदीजी ने देशवासियों की रक्षा में, वैक्सीन का देश में हीं इजादकर और सभी को मुफ्त मुहैया कराकर लोगों की जान बचाई। जबकि यही विपक्षी उस समय वैक्सीन का मजाक उड़ा रहे थे।--डा.पिंटू मुंह बनाये।

क्या बात कही डा.साहब ने !! मोदी सरकार ने 140 करोड़ देशवासियों को मूफ्त, दो-दो डोज वैक्सीन का लगवाकर ऐसा कारनामा कर दिखाया कि पुरा विश्व हैरान हो गया था। लेकिन भारतवासियों के भूलने की लत का क्या कहना !! यहां लोग पक्का मकान मिलते हीं टूटा छप्पर भूल जाते हैं। मुफ्त में गैस कनेक्शन मिलते हीं धुआं देता वो चुल्हे की त्रासदी भूल जाते हैं।--मास्टर साहब बोल पड़े।

इसी तरह मुखियाजी, रामभक्तों को गोलियों से भूनने वाले को, मुजफ्फरनगर नगर के दंगे को हवा देने वाली समाजवादी पार्टी को,यूपी में सपा के जंगलराज को लोग भूल जाते हैं और फिर उसी पार्टी को वोट देते हैं। अयोध्या तो हाल-फिलहाल,हमारी भूल जाने की प्रवृत्ति की मिसाल है। छोड़िये !जातिवादी जहर, हम हिंदूओं को, मुगलकाल से लेकर अबतक मारता, उजाड़ता रहा है लेकिन हम तो उसे हर समय भूलने को तत्पर रहते हैं। अब इससे बुरी स्थिति क्या हो सकती है !!--सुरेंद्र भाई आहत लगे।

देखिये इस बार का चुनाव,ये साबित कर गया कि प्रजातंत्र, मूर्खों की जमघट है। तभी तो इस चुनाव में बेधड़क झूठ-फरेब का बोलबाला रहा और किसी हद तक लोगों ने उसे सत्य समझा। हां इतना जरूर है कि हमारे देश के विपक्षियों को ब्रिटेन के राजनीतिक आदर्श से सीख लेनी चाहिए। जनता को कुछ नहीं कहूंगा क्योंकि हमारे यहाँ प्रजा को विकास और राष्ट्रवाद से मतलब नहीं होता,ये सिर्फ धर्म,जाति और लालच के चश्मे से वोट करती है।अच्छा अब चला जाय।--कहकर डा.पिंटू उठ गये इसके साथ हीं बैठकी भी..... !!!!!

**प्रोफेसर राजेन्द्र पाठक (समाजशास्त्री)**

# कौशल की कमी दूर करना जरूरी

दैनिक समाज जागरण

भारत हर वर्ष जो 15 लाख इंजीनियर तैयार करता है उनमें से 5 फीसदी से भी कम आईआईटी, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थानों या भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थानों से होते हैं।

भारत के रोजगार क्षेत्र का एक बड़ा विरोधाभास यह है कि जहां एक ओर बेरोजगारी बड़ी चुनौती बनी हुई है, वहीं देश के संभावित बड़े नियोक्ताओं की शिकायत है कि उन्हें काम करने के लिए श्रमिक नहीं मिल रहे हैं।

गत सप्ताह लार्सन ऐंड टुब्रो के चेयरमैन एस एन सुब्रमण्यन ने कहा कि इंजीनियरिंग क्षेत्र की इस दिग्गज कंपनी को कुल मिलाकर 45,000 श्रमिकों और इंजीनियरों की जरूरत है। इस मामले में एलऐंडटी कोई अपवाद नहीं है।

पूरे भारत की बात करें तो पूर्व में स्टील निमार्ताओं से लेकर टेक्सटाइल हब तिरुपुर तक कंपनियों को मशीन ऑपरेटर, वेल्डर, फिटर, वाहन चालक, टेक्नीशियन, कारपेंटर और प्लंबर जैसे साधारण कामों के लिए कुशल श्रमिक तलाशने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

यह कमी केवल ऑर्डर बुक के विस्तार, चुनावों या गर्मियों की वजह से नहीं है जिन्होंने श्रमिकों को वापस उनके गांव भेज दिया। यह देश के श्रम बाजार

की एक पुरानी कमजोरी का परिणाम है जिसकी वजह से वेतन और लागत में ऐसे समय में इजाफा हो रहा है जब निजी क्षेत्र का निवेश अभी भी अपेक्ष-ाकृत कमजोर है। यह कमी उस समय और बढ़ जाती है जब हम मूल्य श्रृंखला में ऊपर जाते हैं। उस स्थिति में कंपनियों को अंतर को पाटने के लिए विदेशों खासकर चीन से तकनीशियनों और इंजीनियरों को बुलाना पड़ता है।

इस कमी की प्रमुख वजह शिक्षा और प्रशिक्षण की खराब गुणवत्ता है। इससे कंपनियों को इंजीनियरों और तकनीकी कर्मचारियों के प्रशिक्षण की अतिरिक्त लागत वहन करनी पड़ती है।

ताजा इंडिया स्किल्स रिपोर्ट के अनुसार करीब 64 फीसदी इंजीनियरिंग ग्रैजुएट रोजगार पाने योग्य हैं और इनमें से 40 फीसदी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों यानी आईटीआई से आते हैं। कुल मिलाकर करीब आधे युवाओं के पास ही रोजगार पाने लायक कौशल है।

दिलचस्प है कि यह हतोत्साहित करने वाली तस्वीर भी 2014 की तुलना में बेहतर है। उस समय केवल 33.9 फीसदी युवा ही रोजगार पाने लायक थे। यह सुधार सरकार के प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना तथा अप्रेंटिस एवं अन्य योजनाओं की बदौलत आया। इस प्रगति के बावजूद रिपोर्ट में संकेत दिया गया है कि बाजार को कुशल श्रमिक उपलब्ध कराना एक बड़ी चुनौती बना हुआ है।

यह बताती है कि केवल दो फीसदी श्रमिकों के पास औपचारिक व्यावसायिक प्रशिक्षण है और नौ फीसदी के पास अनौपचारिक व्यावसायिक प्रशिक्षण है। इस-ाके अलावा सरकार के कौशल कार्यक्रमों में भी गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षकों या प्रमाणन की कमी है। इसके परिणामस्वरूप प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षित 20 फीसदी से भी कम लोगों को कंपनियों में रोजगार मिल पाया।

समस्या की मूल वजह यह है कि प्रशिक्षण कार्यक्रम उद्योग जगत की जरूरतों के अनुरूप नहीं हैं। इससे एक बार फिर यह बात रेखांकित होती है कि उद्योग जगत के साथ करीबी भागीदारी करने की आवश्यकता है। इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम इस समस्या का सटीक उदाहरण हैं।

भारत हर वर्ष जो 15 लाख इंजीनियर तैयार करता है उनमें से 5 फीसदी से भी कम भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थानों या भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थानों से होते हैं। अधिकांश स्नातक ऐसे निजी और सरकारी संस्थानों से आते हैं जिन्हें अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद की मान्यता तो होती है लेकिन उनकी गुणवत्ता में काफी अंतर होता है।

सरकार द्वारा 2008 में स्थापित राष्ट्रीय कौशल विकास निगम एक गैर लाभकारी संस्था है जिसे उद्योग जगत के साथ काम करने के लिए बनाया गया था लेकिन वह भी इस समस्या को हल नहीं कर सका। इसका असर देश के श्रमिकों पर पड़ रहा है। बड़े नियोक्ता इससे बचने के लिए आर्टिफिशल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल कर रहे हैं जिससे श्रमिक और प्रभावित हो रहे हैं। यही वजह है कि देश के श्रमिकों को उचित कौशल प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए।

## कविता

मै पहचान हूं भारत की।
मैं शान हूं भारत माता की ।।

छंद हूं रस हूं सोरठा हूं ।
रामायण की चौपाई हूं।।

क्यों हिंदी को बोलने में,
अपना अपमान समझते हो।

क्यों अंग्रेजी बोल के तुम,
अपना अभिमान समझते हो।।

अनपढ़ से होकर शुरू मैं,
ज्ञानी तुम्हें बनाती हूं ।

पर अंग्रेजी फल से शुरू हो ,
जानवर तुम्हें बनाती है।।
मैं भारत का केंद्र बिंदु हूं।
मैं हिंदी हूं मैं हिंदू हूं।।

भारत के नस नस में हूं मै।
धरती से अम्बर तक हूं मैं।।

और भारत के 22 भाषाओं
की में रानी हूं।
शान से अपनाओ मुझको मैं
भारत की निशानी हूं ।।

मैं पहचान हूं भारत की।
मैं शान हूं भारत माता की।।

रस हूं छंद हूं सोरठा हुं।
रामायण की चौपाई हूं।।

**लेखिका नूतन राय**
**मुंबई, महाराष्ट्र**

## चंद्रशेखर वैद्य

चंद्रशेखर वैद्य (जन्म- 7 जुलाई, 1922; मृत्यु- 16 जून, 2021) भारतीय सिने अभिनेता थे। उन्हें मुख्यतः चंद्रशेखर के नाम से ही जाना जाता था। वैसे तो उन्होंने कई फि ल्मों में अभिनय किया लेकिन उन्हें मुख्य पहचान रामानंद सागर के टीवी धारावाहिक 'रामायण' में अपने किरदार आर्य सुमंत के कारण मिली। रामायण की कथा के अनुसार सुमंत महाराजा दशरथ के महामंत्री थे। धारावाहिक में चंद्रशेखर ने सुमंत की भूमिका में जान डाल दी थी। चंद्रशेखर का अभिनय कॅरियर सिर्फ रामायण तक सीमित नहीं रहा। उन्होंने 100 से अधिक फिल्मों में छोटे-बड़े रोल किए। उन्होंने 50 से लेकर 90 के दशक तक 'गेटवे ऑफ इंडिया', 'बरसात की रात', 'कटी पतंग', 'द बर्निंग ट्रेन', 'नमक हलाल', 'डिस्को डांसर', 'शराबी', 'त्रिदेव' जैसी फिल्मों में काम किया।

### परिचय

चंद्रशेखर वैद्य का जन्म 7 जुलाई, 1922 को हैदराबाद में हुआ था। उनके पिता सरकारी अस्पताल में डॉक्टर थे। चंद्रशेखर जब छोटे थे, तब उनकी मां गुजर गई। इसके बाद पिता ने दूसरी शादी कर ली। उनकी सौतेली मां इनसे छोटी थी। चंद्रशेखर वैद्य को आर्थिक तंगी के कारण स्कूल छोड़ना पड़ा। सन 1940 में वह अपनी दादी के साथ बैंगलोर चले गए। इस दौरान उनकी पत्नी उनके साथ नहीं थीं। एक वक्त ऐसा भी आया, जब उन्होंने चौकीदार का भी काम किया।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# आगामी 13 जुलाई, 2024 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के उद्देश्य से माननीय जनपद न्यायाधीश ने अधिकारियों के साथ की महत्वपूर्ण बैठक

राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण संभव कराने के उद्देश्य से संबंधित अधिकारियों को तैयारी करने के संबंध में दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**समाज जागरण**

आगामी 13 जुलाई, 2024 को जनपद मुख्यालय, दीवानी न्यायालय एवं तहसील न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना प्रतिकर अधिनियम वाद, वैवाहिक वाद, भारतीय उत्तराधिकारी अधिनियम के वाद, दीवानी वाद, एम0वी0एक्ट व ई-चालान के वाद, आर्बिटेशन के वाद, लघु शमनीय वाद, एन0आई0एक्ट की धारा 138 के वाद, विद्युत अधिनियम के वाद, भू-राजस्व वाद, सेवा सम्बन्धी मामले, पेंशन के मामले, श्रम के मामले व अन्य प्रकृति के मामले एवं प्री-लिटीगेशन स्तर पर बैंक ऋण के मामलें, विद्युत एवं बी0एस0एन0एल0 टेलिफोनिक बिल सम्बन्धित अन्य मामलों का निस्तारण पक्षकारों की सहमति व आपसी समझौते के माध्यम से किया जायेंगा। मामलों के निस्तारण के लिए पक्षकार संबंधित न्यायालय में संपर्क कर सकते हैं एवं अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ईमेल dlsa.gbn-noida@gmail.com व टोल फ्री नंबर 120-2970040 पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक विभिन्न वादों का निस्तारण समझौतों के आधार पर सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जनपद के माननीय जनपद न्यायधीश अवनीश सक्सेना ने आज जजी के सभागार में संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक करते हुए कहा कि आम नागरिकों को सुलभ एवं शीघ्रता के साथ न्याय दिलाने के उद्देश्य से निरंतर स्तर पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। सभी संबंधित अधिकारीगण आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने एवं इस अवसर पर अधिक से अधिक सुलह एवं समझौते के आधार पर विभिन्न प्रकार के वादों का निस्तारण करते हुए जन सामान्य को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से सभी विभागीय अधिकारियों के द्वारा अपने अपने स्तर पर तैयारी सुनिश्चित करते हुए राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित होने वाले वादों का चिन्हीकरण करते हुए राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन अधिक से अधिक वाद निस्तारित करने की कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे ताकि सरकार एवं माननीय न्यायालय के इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आम नागरिकों को अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो सके।

इस अवसर पर उन्होंने डिप्टी कलेक्टर वेद प्रकाश पाण्डेय से कहा कि उनके द्वारा राजस्व विभाग तथा अन्य उनके अधीनस्थ समस्त विभागों के अधिकारियों के माध्यम से राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण कराने के उद्देश्य से अभी से तैयारी सुनिश्चित की जाए। इसी प्रकार उन्होंने शिक्षा विभाग, प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड, परिवहन विभाग, श्रम विभाग, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण, समाज कल्याण विभाग, स्टांप विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जिला पूर्ति विभाग, नगर पंचायत, प्रोबेशन विभाग तथा अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों से भी इसी प्रकार की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें।

उन्होंने इस अवसर पर संबंधित विभागीय अधिकारियों से कहा कि सभी विभागीय अधिकारियों के द्वारा अपने-अपने विभागों के वादों का निस्तारण सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार भी सुनिश्चित किया जाए ताकि संबंधित वादकारी राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठाते हुए अपने वादों का निस्तारण करा सकें।

इस अवसर मा0 जिला जज ने समस्त विभागीय अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये कि उनके द्वारा 1 से 13 जुलाई तक प्री-लिटीगेशन के मामलों का जो निस्तारण किया जायें, उसकी सूचना नोडल अधिकारी को उपलब्ध करा दी जायें, ताकि प्री-लिटीगेशन के मामलों के आकड़े राष्ट्रीय लोक अदालत के आकड़ों में समायोजित किये जा सके। मा0 जिला जज ने इस अवसर पर उपस्थित समस्त विभागीय अधिकारियों का उत्सावर्धन करते हुये कहा कि विगत राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद गौतमबुद्धनगर को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ था। आप सभी इस बार भी ऐसी ही लग्न के साथ राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें, ताकि जनपद इस बार भी शीर्ष स्थान प्राप्त कर सकें।

इस अवसर पर अपर जिला जज त्वरित न्यायालय-क/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत गौतम बुद्ध नगर रणविजय प्रताप सिंह, अपर जिला जज/सचिव(पूर्णकालिक) विधिक सेवा प्राधिकरण गौतमबुद्धनगर ऋचा उपाध्याय, डिप्टी कलेक्टर वेद प्रकाश पाण्डेय, सहायक आयुक्त स्टांप (द्वितीय) शशि भानु मिश्र, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर धर्मवीर सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार, श्रम परिवर्तन अधिकारी राजकुमार, एवं अन्य सम्बन्धित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जनपद की तीनों तहसीलों में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ संपन्न

तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 204 शिकायतें हुई दर्ज, 09 शिकायतों का विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर कराया गया निराकरण

अधिकारीगण जनता की समस्याओं का शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर करें निस्तारण, लापरवाही नहीं होगी क्षम्य : डीएम

**समाज जागरण**

जन सामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित गति के साथ निस्तारण कराने के उद्देश्य से आज जनपद की तीनों तहसीलों में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ। जनपद की तीनों तहसीलों में कुल 204 शिकायतें दर्ज हुई, जिसके सापेक्ष 09 शिकायतों का निराकरण विभागीय अधिकारियों के द्वारा मौके पर ही सुनिश्चित किया गया। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा तहसील सदर में संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की गई। आयोजित तहसील संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिला अधिकारी द्वारा जन सामान्य की शिकायतों का अनुश्रवण किया गया एवं जन सामान्य के द्वारा कुल 09 शिकायतें विभिन्न विभागों से संबंधित दर्ज कराई गई, जिसके सापेक्ष विभागीय अधिकारियों के माध्यम से 01 शिकायत का निराकरण मौके पर ही सुनिश्चित किया गया।

इस अवसर पर जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनता की शिकायतों एवं समस्याओं के निराकरण को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार एवं शासन गंभीर है। उन्होंने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जिन विभागों से संबंधित जनता की शिकायतें दर्ज हो रही हैं। सभी संबंधित अधिकारीगण गंभीरता के साथ तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें और मौके पर जाकर संबंधी शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित कराएं ताकि संबंधित पोर्टल पर शिकायतों को ऑनलाइन किया जा सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील शर्मा, उप जिलाधिकारी दादरी चारुल यादव, प्रभागीय वन अधिकारी प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, एसीपी ग्रेटर नोएडा अमित एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

इसी प्रकार दादरी तहसील में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार की अध्यक्षता में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ, जहां पर कुल 153 शिकायतें जनता के द्वारा दर्ज कराई गई, जिसके सापेक्ष विभागीय अधिकारियों के माध्यम से 06 शिकायतों का निराकरण मौके पर ही कराया गया। जेवर तहसील में अपर जिला अधिकारी भू0/अ0 बच्चू सिंह की अध्यक्षता में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ, यहां पर जनता के द्वारा कुल 42 शिकायतें विभिन्न विभागों से संबंधित दर्ज कराई गई, जिसके सापेक्ष 02 शिकायतों का निस्तारण अधिकारियों के माध्यम से मौके पर सुनिश्चित कराया गया।

# समझौते के आधार पर मोटर दुर्घटना अधिनियम से संबंधित वाद का किया गया निस्तारण

**समाज जागरण**

माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा आयोजित विशेष लोक अदालत के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतम बुद्ध नगर को संदर्भित पिटीशन संख्या एलपीसी सी संख्या 2674 वर्ष 2023 जो धारा मोटर दुर्घटना अधिनियम से संबंधित है। उक्त पत्रावली को माननीय उच्चतम न्यायालय में

विशेष याचिका प्रस्तुत करने हेतु प्रार्थना श्रीमती कमलेश द्वारा पिटीशन आयोजित किया गया था। इसके संबंध में पूर्व प्रयास समझौता बैठकर संचालित किया गया व कार्यालय द्वारा पक्षकारों को नोटिस प्रेषित किया गया पक्ष कार नियत तिथि पर उपस्थित हुए। दिनांक 5 जुलाई 2024 को प्री सीटिंग वार्ता बैठक श्री कुणाल वेपा पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना प्रतितोष अधिनियम गौतम बुद्ध नगर की अध्यक्षता में पक्षकारों के मध्य वार्ता कराई गई। पक्षकारों के मध्य सुलह वार्ता सफल रही।पक्षकारों के मध्य सभी विवादों को वापस लेने पर सहमति व्यक्त की गई तथा दोनों पक्षों के मध्य समझौता भी निष्पादित किया गया। उक्त बैठक में अपर जिला जज एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतम बुद्ध नगर ऋचा उपाध्याय एवं बीमा कंपनी की ओर से उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ता श्रीचंद छाबडी एवं डीडी वशिष्ठ के अतिरिक्त बीमा कंपनी के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

# किसी भी दशा में बख्शे न जाएं जमीन कब्जाने वाले : मुख्यमंत्री

- जनता दर्शन में सीएम योगी ने सुनीं करीब 400 लोगों की समस्याएं, महिलाओं की संख्या रही अधिक

- जनसमस्याओं के निस्तारण में हीलाहवाली अक्षम्य :मुख्यमंत्री

**समाज जागरण**

गोरखपुर, 6 जुलाई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले भूमाफिया और कमजोरों को उजाड़ने वाले दबंग किसी भी दशा में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति का अनुसरण करते हुए कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सरकार का संकल्प है कि किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने जमीन कब्जा करने के मामलों में तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

सीएम योगी शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। बारिश के कारण मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक करके, इत्मीनान से सबकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान करीब 400 लोगों से मुलाकात कर उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी के साथ नाइंसाफी नहीं होगी। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। सबको न्याय मिलेगा और सबकी पीड़ा दूर की जाएगी। जनता दर्शन में दूसरे जिलों के भी लोग आए थे। सीएम से मिलकर समस्या बताने वालों में महिलाओं की संख्या पुरुषों की अपेक्षा काफी अधिक रही।

जनता दर्शन में कुछ महिलाओं ने भूमाफिया और दबंगों द्वारा जमीन कब्जा करने की शिकायत की। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भूमाफिया को करारा सबक सिखाया जाएगा। उनके रहते कोई भी किसी कमजोर या गरीब को उजाड़ नहीं पाएगा। मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद प्रशासन व पुलिस के अफसरों को निर्देशित किया कि जबरन जमीन कब्जा करने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त विधिक कार्रवाई करें। सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी दबंग, माफिया, अपराधी किसी की जमीन पर कब्जा न करने पाए।

मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। सीएम ने अफसरों से कहा कि वे हर जरूरतमंद का आयुष्मान कार्ड बनवाएं ताकि इलाज के लिए उन्हें परेशान न होना पड़े। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अफसरों को दो टूक हिदायत देते हुए कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण में हीलाहवाली अक्षम्य होगी। हर व्यक्ति की समस्या का पूरी प्रतिबद्धता और पारदर्शिता से न्यायोचित समाधान शासन-प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होती है और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारी पूरी संवेदनशीलता से लोगों की समस्याओं को सुनें और गुणवत्तापूर्ण, त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। इस दौरान पुलिस व राजस्व से जुड़ी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी जिले स्तर पर ही समस्या का समाधान सुनिश्चित करें ताकि लोगों को परेशान न होना पड़े। कड़े तेवर में उन्होंने कहा कि संवेदनहीन और लापरवाह अधिकारियों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री ने की गोसेवा, खिलाया गुड़

मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान शनिवार प्रातःकाल गुरु गोरक्षनाथ का दर्शन पूजन किया और अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर शीश नवाया। साथ ही मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए गोशाला में जाकर गोसेवा की। सीएम ने गोवंश को खूब दुलारा और अपने हाथों से उन्हें गुड़ खिलाया। मुख्यमंत्री ने गोशाला के कार्यकताओं से सभी गोवंश के स्वास्थ्य व पोषण की जानकारी ली और जरूरी निर्देश दिए।

# केंद्रीय राज्यमंत्री पंकज चौधरी व कमलेश पासवान ने की सीएम योगी से भेंट

मोदी सरकार में मंत्री बनने पर मुख्यमंत्री ने दी बधाई

लोकसभा चुनाव में सतत मार्गदर्शन के लिए पंकज और कमलेश ने जताया सीएम योगी का आभार

**समाज जागरण**

गोरखपुर, 6 जुलाई। केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी और केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री कमलेश पासवान ने शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने दोनों केंद्रीय राज्यमंत्रियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।

पंकज चौधरी महराजगंज के सातवीं बार सांसद चुने गए हैं और उन्हें मोदी सरकार में दूसरी बार केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री बनाया गया है। जबकि बांसगांव से लगातार चौथी बार सांसद चुने गए कमलेश पासवान को पहली बार केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री बनाया गया है। इन दोनों राज्यमंत्रियों ने शनिवार को गोरखनाथ मंदिर पहुंचकर गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की और पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। सीएम योगी ने पंकज चौधरी और कमलेश पासवान को केंद्र सरकार में मंत्री बनने पर बधाई दी। इस दौरान उनके मध्य पूर्वांचल और समूचे उत्तर प्रदेश के विकास को लेकर कई बिंदुओं पर वार्ता हुई। दोनों राज्यमंत्रियों ने लोकसभा चुनाव में सतत मार्गदर्शन के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त किया।

# महायोगी गोरखनाथ विवि को मिली एमबीबीएस पाठ्यक्रम की मान्यता

चिकित्सा और चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में गोरखपुर के नाम जुड़ी एक और उपलब्धि

एमबीबीएस कोर्स में दाखिला और पढ़ाई इसी सत्र से

1800 बेड के हाइटेक अस्पताल वाला होगा महायोगी गोरखनाथ विवि का मेडिकल कॉलेज

**समाज जागरण**

गोरखपुर, 6 जुलाई। चिकित्सा और चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में गोरखपुर के नाम आज एक और उपलब्धि जुड़ गई। गोरखपुर में निजी क्षेत्र के पहले विश्वविद्यालय महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय आरोग्यधाम के मेडिकल कॉलेज (श्री गोरक्षनाथ मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर) को नेशनल मेडिकल कॉउंसिल से एमबीबीएस पाठ्यक्रम मान्यता प्राप्त हो गई है। इसी सत्र से यहां नीट काउंसलिंग के जरिये एमबीबीएस कोर्स में दाखिला और पढ़ाई प्रारंभ हो जाएगी। यह विश्वविद्यालय महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की तरफ से संचालित है और मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ इसके कुलाधिपति हैं।

महज तीन साल की अपनी प्रगति यात्रा में महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय ने कई स्वर्णिम उपलब्धियां हासिल कर ली हैं। नर्सिंग, पैरामेडिकल, फामेर्सी के तमाम रोजगारपरक पाठ्यक्रमों के साथ ही यहां गुरु श्री गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के अंतर्गत 2021 से ही बीएएमएस का पाठ्यक्रम संचालित है। इस बीच आज नेशनल मेडिकल काउंसिल ने विश्वविद्यालय के मेडिकल कॉलेज (श्री गोरक्षनाथ मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर) को एमबीबीएस की मान्यता भी प्रदान कर दी है। पहले सत्र के लिए यहां 50 एमबीबीएस सीटों के लिए मान्यता मिली है। एमबीबीएस की मान्यता मिलने पर विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल वाजपेयी एवं कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव ने विश्वविद्यालय परिवार एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोगों को बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में यह समूचे पूर्वांचल के युवाओं के लिए बड़ी सौगात है। कुलपति एवं कुलसचिव ने बताया कि महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय का मेडिकल कॉलेज तीन चरणों में बनकर तैयार होगा। पहले, दूसरे और तीसरे चरण में 600-600 यानी कुल 1800 बेड का अस्पताल बनेगा। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद द्वारा महायोगी गुरु गोरखनाथ विश्वविद्यालय में स्थापित यह मेडिकल कॉलेज गोरक्षपीठाधीश्वर एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ड्रीम प्रोजेक्ट भी है। कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव के अनुसार पहले वर्ष इस मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की 50 सीटों पर प्रवेश लिया जाएगा। इस संख्या को दूसरे और तीसरे चरण में और बढ़ाया जाएगा। एमबीबीएस की मान्यता मिल जाने से न सिर्फ पूर्वांचल के प्रतिभाशाली छात्र-छात्रों को अपने घर के पास गोरखपुर, बस्ती, बिहार और नेपाल के लाखों लोगों को होगा लाभ गुणवत्तापरक चिकित्सा शिक्षा उपलब्ध होगी बल्कि गोरखपुर-बस्ती-आजमगढ़ मंडल से लेकर पश्चिमी बिहार और नेपाल की तराई तक के लोगों को 1800 बेड का अत्याधुनिक सुपरस्पेशलिटी सुविधाओं से लैस चौबीसों घंटे सेवा देने वाला एक नया अस्पताल भी मिल जाएगा। कुलपति डॉ. वाजपेयी ने बताया कि यह वाराणसी और लखनऊ के बाद गोरखपुर में निजी क्षेत्र का पहला मेडिकल कॉलेज होगा। साथ ही एम्स गोरखपुर और बाबा राघव दास मेडिकल कॉलेज गोरखपुर के बाद शहर का यह तीसरा बड़ा चिकित्सा संस्थान होगा। विश्वविद्यालय की इस उपलब्धि पर गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो. यूपी सिंह सहित सभी सदस्यों, भारत सरकार के पूर्व औषधि महानियंत्रक डॉ. जीएन सिंह आदि ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

### डॉ संजय माहेश्वरी की अध्यक्षता में गठित है अंतरराष्ट्रीय स्तर की कमेटी

कुलसचिव डॉ राव ने बताया कि मेडिकल कॉलेज की स्थापना और रोल मॉडल के रूप में इसके विकास के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की दो कमेटियां सहयोग दे रही हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर की कमेटी प्रख्यात कैंसर रोग विशेषज्ञ एवं बिरला ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के मेडिकल डायरेक्टर डॉ संजय महेश्वरी की अध्यक्षता में बनाई गई है। इसमें एम्स नई दिल्ली के डॉ संजीव सिनहा, भारत सरकार के पूर्व औषधि महानियंत्रक डॉ जीएन सिंह, यूनाइटेड स्टेट ऑफ अमेरिका के डॉ राघवेंद्र राव, डॉ असिथ मैली पिट्सबर्ग और डॉ केशव दास सदस्य के रूप में शामिल हैं। यह कमेटी मुख्य रूप से देश के भीतर और बाहर स्थित समक्ष संस्थाओं के साथ अकादमिक सहयोग स्थापित करने के लिए काम करेगी। इस समिति में कुलसचिव सदस्य सचिव के रूप में रहेंगे। इसके साथ ही बनाई गई प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग यूनिट में कुलपति मेजर जनरल डॉ अतुल वाजपेयी अध्यक्ष, कर्नल (डॉ) राजेंद्र चतुर्वेदी संयोजक, डॉ. आर चंद्रशेखर प्रिंसिपल आर्किटेक्ट, जीएन सिंह, डॉ संजय माहेश्वरी, ब्रिगेडियर दीप ठाकुर, आर्किटेक्ट आशीष श्रीवास्तव, आरडी पटेल, वरुण भार्गव, राजेश सिंह, एसके सिंह, एके श्रीवास्तव शामिल हैं।

### तत्कालीन राष्ट्रपति ने किया था विश्वविद्यालय का उद्घाटन

उल्लेखनीय है कि महायोगी गुरु गोरखनाथ विश्वविद्यालय का उद्घाटन 28 अगस्त 2021 को तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किया था। अब मेडिकल कॉलेज के जरिये 1800 बेड के अत्याधुनिक अस्पताल का सपना भी साकार हो रहा है। पहले सत्र में 50 सीटों के साथ शुरू हो रहे मेडिकल कॉलेज के पास 450 बेड का गोरखनाथ चिकित्सालय पहले से है। जल्द ही इसमें 1800 बेड का नया अस्पताल भी जुड़ जाएगा जिसके आधार पर आगामी सत्रों में मेडिकल कॉलेज में सीटों का विस्तार होगा।

# साधनों की उपलब्धता बढ़ने से यूपी में बढ़ी परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता

**समाज जागरण**

लखनऊ, 6 जुलाईः योगी सरकार प्रदेश के दंपतियों को परिवार नियोजन के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम चला रही है। इसके तहत सारथी वाहन और सास बेटा बहू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही प्रदेश की सभी स्वास्थ्य इकाइयों में परिवार नियोजन के विभिन्न साधनों (बास्केट ऑफ च्वाइस) के बारे में परामर्श देने के साथ निशुल्क वितरित किये जा रहे हैं। सीएम योगी की मॉनीटरिंग का ही नतीजा है कि प्रदेश में "परिवार नियोजन लॉजिस्टिक प्रबंधन सूचना प्रणाली" (एफपी - एलएमआईएस) ने परिवार नियोजन सेवाओं की उपलब्धता को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इससे प्रदेश में परिवार नियोजन के प्रति जागरुकता बढ़ी है।

**एफपी-एलएफआईएस को लागू करने में उत्तर प्रदेश अव्वल**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने बताया कि एफपी- एलएमआईएस प्रणाली ने परिवार नियोजन साधनों की उपलब्धता और पहुंच को सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाई है। यह पहल न केवल वर्तमान में प्रभावी है, बल्कि भविष्य में भी स्वास्थ्य सेवाओं के प्रबंधन में महत्वपूर्ण उपकरण साबित होगी। उन्होंने बताया कि सीएम योगी की दूरदर्शी सोच का नतीजा है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रदेश में आशा द्वारा एफपी - एलएमआईएस को लागू करने में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम रहा है। वहीं निरंतर पहल से आवश्यक साधनों की पहुंच को सुनिश्चित किया जा रहा है ताकि लाभार्थियों को बिना किसी बाधा के सेवाएं मिलती रहें। परिवार कल्याण कार्यक्रम के महाप्रबंधक डॉ. सूर्यान्शु ओझा ने बताया कि एफपी - एलएमआईएस एक डिजिटल प्रणाली है, जो स्वास्थ्य केंद्रों और अन्य वितरण केंद्रों के बीच परिवार नियोजन साधनों की आपूर्ति श्रृंखला का प्रबंधन करती है। इसे राष्ट्रीय तकनीकी सहयोग इकाई, परिवार नियोजन प्रभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार ने वर्ष 2017 में निर्मित किया था। इसे वर्ष 2018 में लागू किया गया। इसका उद्देश्य सही समय और सही स्थान पर आवश्यक साधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करना था, जिससे स्थानीय आवश्यकताओं को पूरा करने में सहयोग मिल सके।

**एफपी - एलएमआईएस से बढ़ी आधुनिक साधनों की मांग**

प्रदेश में एफपी -एलएमआईएस पोर्टल के लॉन्च होने के बाद से परिवार नियोजन साधनों की कमी की समस्याएं धीरे-धीरे काफी हद तक कम हो गई। वर्तमान में स्वास्थ्य केंद्रों में गर्भनिरोधक साधन आसानी से उपलब्ध हैं। इस प्रणाली ने स्थानीय स्वास्थ्य कर्मियों को स्टॉक की स्थिति को वास्तविक समय में ट्रैक करने में मदद की है, यही कारण है कि वर्ष 2020 - 21 की तुलना में वर्ष 2023-24 में परिवार नियोजन साधनों का वितरण बड़ी मात्रा में किया गया। यह प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं में एक महत्वपूर्ण सुधार को दशार्ता है। यह आपूर्ति बताती है कि आधुनिक साधनों की मांग बढ़ रही है। लखनऊ एसीएमओ प्रजनन स्वास्थ्य डॉ. बीएन यादव ने बताया कि "एलएमआईएस ने हमारे काम को बहुत आसान बना दिया है। अब हमें परिवार नियोजन साधनों की कमी की चिंता नहीं रहती और हम अपने लाभार्थियों को निरंतर सेवाएं प्रदान कर सकते हैं।" नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे (एनएफएचएस)-5 के आंकड़ों को अनुसार, प्रदेश में की कुल अनमेट नीड (दंपति बच्चे नहीं चाहते और कोई भी परिवार नियोजन का साधन भी नहीं अपना रहे) 12.9 फीसद हैं, वहीं अंतराल विधियों की अनमेट नीड 4.8 फीसद है जबकि एनएफएचएस-4 में कुल अनमेट नीड 18.1 और अंतराल विधियों की अनमेट नीड 6.8 फीसद थी। यह आंकड़े दशार्ते हैं कि प्रदेश में परिवार नियोजन साधनों की मांग बढ़ी है।

**पोर्टल से मांग और आपूर्ति के आंकड़े आसानी से हो रहे प्राप्त**

प्रदेश के एफपी - एलएमआईएस कंसल्टेंट मोहम्मद काशिफ ने बताया कि एफपी - एलएमआईएस के माध्यम से सभी स्वास्थ्य केन्द्रों के स्टॉक की स्थिति को वास्तविक समय में ट्रैक कर लिया जाता है। इससे समय पर पुनः पूर्ति सुनिश्चित हो जाती है।

# युद्धस्तर पर हो काम, लापरवाही बर्दाश्त नहीं : मुख्यमंत्री

निर्माणाधीन ट्रांसपोर्टनगर/ दाउदपुर फ्लाईओवर और सिक्सलेन मार्ग का निरीक्षण किया सीएम योगी ने

सीएम का निर्देश, सुनिश्चित करें कि जलजमाव न हो, नाले को कवर्ड कर फुटपाथ की तरह बनाएं

**समाज जागरण**

गोरखपुर, 6 जुलाई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को निर्माणाधीन ट्रांसपोर्टनगर/ दाउदपुर फ्लाईओवर और सिक्सलेन मार्ग का मौके पर पहुंचकर जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अफसरों को निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ युद्धस्तर पर करने की हिदायत देते हुए दो टूक चेतावनी भी दी। कहा कि निर्माण कार्य मे गुणवत्ता और समयबद्धता को लेकर किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने फ्लाईओवर और सिक्सलेन निर्माण की भौतिक प्रगति जानने के साथ ही इसके लेआउट मैप का भी अवलोकन किया। सीएम ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि काम को युद्धस्तर पर पूरा कराया जाए। साथ ही मार्ग के दोनों तरफ के नालों को इस तरफ बनाया जाए जिससे कहीं भी जलजमाव की समस्या न आने पाए। यदि जलजमाव हुआ तो जिम्मेदारी तय कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि यह भी ध्यान रखा जाए कि जनता को तनिक भी असुविधा न होने पाए। इसके लिए सर्विस लेन को भी तेजी से तैयार कर लिया जाए। साथ ही नाले को कवर्ड कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि इसका इस्तेमाल फुटपाथ के रूप में किया जा सके। सीएम योगी ने निर्माण में गुणवत्ता के साथ किसी तरह का समझौता नहीं होना चाहिए। यदि कहीं कोई खामी मिली तो सख्त कार्रवाई तय है।

मुख्यमंत्री ने देवरिया बाईपास को जोड़ने वाले फ्लाईओवर के निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया और जरूरी दिशानिर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मंजू नाम की एक महिला की समस्या भी सुनी। उन्हें जमीन का तत्काल मुआवजा देने के साथ ही सुविधानुसार प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

# न्यायाधीश,जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से जिला कारागार का निरीक्षण किया गया

**दैनिक समाज जागरण जिला प्रभारी शमीम अहमद सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर जनपद न्यायाधीश, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक, जनपद बिजनौर द्वारा संयुक्त रूप से जिला कारागार बिजनौर का आकस्मिक

निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जेल की सुरक्षा व्यवस्था एवं बंदियो को मिलने वाली सुविधाओं को चेक कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जिला कारागार के वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

# संगठन के स्थापना दिवस पर किया पौधारोपण

**दैनिक समाज जागरण जिला प्रभारी शमीम अहमद सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद। अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के 11 वां स्थापना दिवस पर वैश्य समाज के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने भवन मंदिर परिसर में पौधारोपण किया। जिलाध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एडवोकेट ने कहा कि हमें अधिक से अधिक पौधों रोपण करना चाहिए। पर्यावरण

संरक्षण के बगैर जीवन की परिकल्पना नहीं की जा सकती आज हमारे द्वारा किया गया पौधारोपण अगली पीढ़ी के लिए तोहफा होगा। पर्यावरण संरक्षण के लिए हमें आगे आना होगा और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना होगा। नगर अध्यक्ष तनु गोयल ने बताया की पेड़ पौधे हमें शुद्ध प्राण दायनी वायु देते हैं। इसके अतिरिक्त पेड़ पौधे पर्यावरण की अशुद्धियों को भी सोख लेते हैं। वायु, जल व भूमि को प्रदूषण मुक्त बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करें। अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के 11वें स्थापना दिवस पर वैश्य समाज के लोगों ने अधिक से अधिक रचनात्मक कार्यों को करने का भी संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एडवोकेट, नगर अध्यक्ष तनु गोयल, युवा प्रदेश सचिव आदित्य अग्रवाल, जिला महामंत्री तुषार अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल, जिला संयोजक रोहित अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# वाहन स्वामी 08 जुलाई तक अनिवार्य रूप से जमा कर दें लॉगबुक

**आई एम खान दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

बदायूँ। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी देते हुए अवगत कराया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन - 2024 के अवसर पर हल्के / भारी वाहन जनपद बदायूँ में प्रयुक्त हुई थी, प्रयुक्त हुई वाहनों की लॉगबुक जिला पूर्ति अधिकारी / सहायक प्रभारी अधिकारी, यातायात के कार्यालय में वाहन स्वामियों द्वारा जमा किया जाना था। कुछ भारी वाहन / हल्के स्वामियों द्वारा लिये गये ईंधन की लॉगबुक वापस जमा नहीं की गई है। यदि किन्हीं कारणों से जिन वाहन स्वामियों द्वारा लॉग बुक जमा नहीं किया गया है, ऐसे वाहन स्वामी अपनी लॉग बुक जिला पूर्ति अधिकारी/सहायक प्रभारी अधिकारी, यातायात व्यवस्था जनपद-बदायूँ के कार्यालय अथवा जिला निर्वाचन कार्यालय, बदायूँ में दिनांक 08 जुलाई, 2024 तक अनिवार्य रूप से जमा कर दें। ताकि भुगतान के संबंध में अग्रिम कार्यवाही की जा सके।

# इनरव्हील क्लब ने डॉक्टर्स डे एवं सीए डे मनाया

## क्लब ने नगर के चिकित्सकों को किया सम्मानित

**आई एम खान/दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

बिसौली बदायूं। इनरव्हील क्लब द्वारा डॉक्टर डे के उपलक्ष में चिकित्सकों को सम्मानित किया। इस दौरान क्लब के सदस्यों द्वारा पौधारोपण भी किया गया। शनिवार को आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ सुधा महेश्वरी ने किया। उन्होंने कहा डॉक्टर भगवान के बाद धरती पर दूसरा व्यक्ति है जो मरते व्यक्ति को जीवन देता है। ऐसे में इनका सम्मान होना काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि

जहां कोरोना जैसी महामारी के समय हमारे डॉक्टर ने लाखों लोगों को नया जीवन दिया ऐसे में इन्हें सम्मान मिलना चाहिए। क्लब के सदस्यों ने चिकित्सकों को प्रशस्ति पत्र और पौधा देकर सम्मानित किया। इधर इनर व्हील क्लब द्वारा शनिवार को पौधारोपण किया। इस अवसर पर क्लब के सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए धरती को हरा-भरा बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान भारती, रितु, संगीता, सोनिया, दिव्या, ममता, नमिता, मधु, नीरू, अनुपम, मंजू, कृष्णा, अर्चना, प्रतिभा, रेनू, लता आदि मौजूद रही।

# डॉ. उर्मिलेश को जन्मदिवस पर किया याद

**आई एम खान दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

बदायूँ। बदायूं क्लब प्रांगण में शनिवार को गीतकार स्व. डॉ. उर्मिलेश की 73 वीं जयंती के अवसर पर उनकी स्मृति में पौधारोपण कर अधिकारियों एवं समाजसेवियों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। आयोजन में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मनोज कुमार एवं विशिष्ट अतिथि नवागत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार सिंह ने स्व0 डॉ. उर्मिलेश की

प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी, सदस्यों द्वारा दोनों अधिकारीयों का माल्यार्पण एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। आयोजन की सराहना करते हुये जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने क्लब की गतिविधियों की जानकारी ली। जिलाधिकारी मनोज कुमार ने डॉ. उर्मिलेश को बदायूं का गौरव बताते हुये कहा वे अपनी कविताओं से सदैव जिंदा रहेंगे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार सिंह ने कहा की डॉ. उर्मिलेश अमर कवि थे। डॉ. अक्षत अशेष ने कहा कि आज हुये पौधों के पौधारोपण को आने वाले दिनों में पूर्णतया सफल बनाया जायेगा, यह पौधे जीवित रहें और बढ़े इस लिए ट्री गार्ड सहित सुरक्षा की विशेष व्यवस्था रखी गई है। पौधारोपण में क्लब के उपाध्यक्ष डॉ एसके गुप्ता, सांस्कृतिक सचिव रविन्द्र मोहन सक्सेना, जनसम्पर्क सचिव मनीष सिंघल, नरेश चंद्र शंखधार, डॉ. भास्कर शर्मा, नितिन गुप्ता, डॉ. सौरभ शंखधार, सुशील शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# दो सिपाही निलंबित : एसपी ने ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर की कार्रवाई

## जनपद बिजनौर मुरादनगर की शान जिला प्रभारी राजेश कुमार सिंघल

**दैनिक समाज जागरण जिला प्रभारी शमीम अहमद सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर के नगीना और कोतवाली देहात थाने पर तैनात दो पुलिस कर्मियों द्वारा रात में गस्त पर ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर चोरी की घटनाएं होने पर एस एसपी नीरज कुमार जादौन ने कार्रवाई करते हुए दोनों सिपाहियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। एसएसपी ने दोनों सिपाहियों की प्रारंभिक जांच के आदेश दिए और 7 दिन के अंदर जांच रिपोर्ट देने के निर्देश एसपी पूर्वी धर्म सिंह मार्छाल व सीओ चांदपुर को दिए हैं। दरअसल, आज बिजनौर

एस एसपी नीरज कुमार जादौन ने कार्रवाई करते हुए नगीना थाने पर तैनात आरक्षी भूपेन्द्र कुमार व कोतवाली देहात थाने पर तैनात आरक्षी सुमित कुमार द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत रात्रि ड्यूटी के दौरान गस्त में बरती गई लापरवाही से चोरी की घटनाएं होने के कारण आरक्षी भूपेन्द्र कुमार को सीओ नगीना द्वारा दी गई रिपोर्ट व आरक्षी सुमित कुमार को एसपी ग्रामीण राम अर्ज द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर दोनों सिपाहियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है एस एसपी ने इस सम्बंध में प्रारंभिक जांच एसपी पूर्वी व सीओ चांदपुर को सौंपी है। 7 दिन के अंदर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं

# श्रावण मास में कांवड यात्रा के लिए हुई कन्ट्रोल रूम की स्थापना

**आई एम खान दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

बदायूँ। जिला मजिस्ट्रेट मनोज कुमार ने जानकारी देते हुए अवगत कराया है कि श्रावण मास में कांवड यात्रा को दृष्टिगत रखते हुये कलेक्ट्रेट एवं पुलिस विभाग में कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गयी है। उन्होंने बताया कि कलेक्ट्रेट स्थित आईसीसीसी (इंटीग्रेटेड कमाण्ड एंड कंट्रोल सेंटर) 05832-266054, 05832 - 266049, 05832 - 266050 7505389289, 7505395940, पुलिस लाइन स्थित कन्ट्रोल रूम 9454402956, 9454417440 तथा इसके अतिरिक्त कछला पुलिस चौकी, थाना कोतवाली उझानी, थाना कोतवाली बदायूँ तथा थाना कोतवाली सिविल लाइन के कन्ट्रोल रूम भी संचालित रहेगें। उन्होंने बताया कि चिन्हित किये गये नियन्त्रण कक्षों में लोक निर्माण विभाग, नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत, विद्युत विभाग, थाना, सहायक आयुक्त खाद्य-2 आदि विभागों के कर्मचारी 08 - 08 घण्टें की ड्यूटी पर रहेगें। (प्रातः 06 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक, अपरान्ह 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक, रात्रि 10 बजे से प्रातः 06 बजे तक) प्रतिस्थानी के आने के उपरान्त ही ड्यूटी छोडी जायेगी। सम्बन्धित विभाग नियन्त्रण कक्ष में अपने-अपने विभाग के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर अवगत करायेगें।

# शिकायतों के निस्तारण में देरी कतई बर्दाश्त नहीं -डा. वैभव शर्मा

## तहसील समाधान दिवस में एडीएम एवं एसपी देहात ने सुनी फरियादियों की शिकायतों को सुना

**आई एम खान/दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

बिसौली बदायूं। तहसील समाधान दिवस में एडीएम डॉक्टर वैभव शर्मा एवं एसपी देहात राम मोहन सिंह ने फरियादियों की समस्याओं को सुना और निस्तारण के निर्देश दिए। शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित समाधान दिवस में 47 शिकायतें आई जिसमें से अधिकारियों ने 6 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया। एडीएम डा. वैभव शर्मा ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों का अधिकारी गुणवत्ता के आधार पर समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करें। शिकायतों के निस्तारण में देरी कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एड. नवीन कुमार शर्मा की शिकायत जिला विद्यालय

निरीक्षक बदायूं से संबंधित थी। उन्होंने मांगी गई सूचनाएं एक माह बीतने के बाद भी उपलब्ध नहीं कराई है। परवेज नगर निवासी सुरेश का आरोप है कि उनकी किसान सम्मान निधि की किस्त नही आ रही हैं। ग्राम हत्सा निवासी सर्वेश कुमारी का आरोप है कि ग्राम बंजरिया खानपुर में स्थित जमीन के पक्के ठिए तोड़ दिए हैं। ग्राम मलखानपुर निवासी नंदकिशोर का आरोप है कि गांव के दबंग लोग तालाब व बंजर भूमि पर अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य कर रहे हैं। इस दौरान तहसीलदार विजय कुमार शुक्ला, नायब तहसीलदार गिरजा शंकर यादव, नायब तहसीलदार सृजन यादव, बीडीओ मुनव्वर खान, बिसौली कोतवाल ब्रजेश सिंह, एसओ बजीरगंज अरविन्द कुमार, फॉरेस्ट ऑफीसर मनोज कुमार, एसडीओ रामगोपाल राठौर आदि उपस्थित रहे।

# मण्डलायुक्त ने किया जनपद बदायूँ में बाढ़ सम्भावित इलाकों का निरीक्षण

## कार्य गुणवत्तापूर्ण न पाये जाने पर मण्डलायुक्त ने जताई नाराजगी, दिये टी.ए.सी. जांच के निर्देश टी.ए.सी. तीन दिन में जांच कर सौंपे आख्या - मण्डलायुक्त

**आई एम खान/दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

बदायूँ। मण्डलायुक्त ने बाढ़ खण्ड, बदायूँ के तहसील सहसवान के अन्तर्गत गंगा महाबा तटबन्ध पर बाढ़ सुरक्षात्मक कार्यो का स्थलीय निरीक्षण एवं भ्रमण किया गया। निरीक्षण के समय स्थल पर डा. राकेश कुमार सिंह, पुलिस महानिरीक्षक बरेली परिक्षेत्र बरेली, शर्मनानन्द तहसीलदार, सहसवान, वीरेन्द्र सिंह यादव, सहायक अभियन्ता, सम्बंधित जूनियर इंजीनियर आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे। निरीक्षण के समय स्थल पर पाया गया कि जनपद बदायूँ की तहसील सहसवान में गंगा नदी के बायें किनारे पर गंगा महाबा तटबन्ध पूर्व निर्मित है, जिसकी कुल लम्बाई 34.900 कि0मी0 है।

तटबन्ध के कि0मी0 18.500 से कि0मी0 19.500 के मध्य तटबन्ध का निरीक्षण एवं ग्राम नगलावरन के निकट तटबन्ध के कि0मी0 18.530 से 18.710 के मध्य बाढ़ सुरक्षात्मक परियोजना के कार्यों का निरीक्षण किया गया। परियोजना के अन्तर्गत तटबन्ध के कि0मी0 18.710 पर स्पर का निर्माण किया गया है, जिसमें आगरा कट स्टोन पत्थर को वायरक्रेट में भरकर लॉचिंग एप्रन का कार्य किया गया है, तटबन्ध व शैंक के स्लोप पर आगरा कट स्टोन पत्थर से पिचिंग भी की गयी है। निर्मित स्पर के शैंक की टॉप पर ब्रिक सोलिंग का कार्य किया गया है तथा गंगा नदी के बायें किनारे पर कि0मी0 18.530 से 18.710 के मध्य तीन पंक्तियों में परकोपाइन स्क्रीनिंग का कार्य किया गया है। मण्डलायुक्त ने मौके पर पाया कि तटबन्ध के कि0मी0 18.710 पर स्पर पर ब्रिक सोलिंग, स्लोप पिचिंग एवं लॉचिंग एप्रन का कार्य किया गया है परन्तु प्रथम दृष्टया स्थल पर किये गये स्लोप पिचिंग एवं ब्रिक सोलिंग का कार्य गुणवत्तापूर्ण नहीं पाये गये। ब्रिक सोलिंग के कार्य में प्रयुक्त ईटों के मध्य दूरी सामान्य से अधिक थी एवं स्लोप पिचिंग के कार्य में प्रयुक्त आगरा कट स्टोन को सही ढंग से सही जगह प्रयुक्त किया जाना नहीं पाया गया, जिस कारण से उनके मध्य खाली जगह दिख रही थी, जिससे स्लोप में पानी का रिसाव होना एवं अन्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। मण्डलायुक्त ने इसके दृष्टिगत तकनीकि ऑडिट सेल (टी0ए0सी0), बरेली मण्डल को उक्त कार्य की तकनीकि जांच कर सुस्पष्ट जांच आख्या तीन दिन में प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया।

# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण**

संभल।जिलाधिकारी डा0 राजेन्द्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत की अध्यक्षता में तहसील सम्भल में "संपूर्ण समाधान दिवस" का आयोजन किया गया । इस दौरान फरियादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके विधिक निस्तारण

हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा- निर्देश दिये गये।

# नए दौर के अनुरूप चलाने होंगे तकनीकी पाठ्यक्रम : सीएम योगी

**दैनिक समाज जागरण**

गोरखपुर, 6 जुलाई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज का समय तकनीकी का समय है। समय के अनुरूप ही हमें उन्नत तकनीकी को लेकर आगे बढ़ना होगा। इसके लिए युवाओं को नए दौर के तकनीकी पाठ्यक्रमों (न्यू एज कोर्सेज) की शिक्षा प्रदान करनी होगी ताकि हमारे युवा किसी भी तरह समय से पीछे न हो सकें।

सीएम योगी शनिवार को सहजनवा के हरदी में राजकीय पॉलिटेक्निक के आवासीय/अनावसीय भवनों का उद्घाटन करने के बाद यहां आयोजित समारोह में उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इन भवनों के निर्माण पर 21.02 करोड़ रुपये की लागत आई है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि आज कुछ युवा विभिन्न ऑनलाइन फर्जी कंपनियों की लालच में फंसकर अपना धन और समय दोनो बेकार कर देते हैं। आज दुनिया में साइबर सिक्योरिटी भी एक बड़ा मुद्दा बन चुका है। साइबर सिक्योरिटी के लिए भी डिग्री या डिप्लोमा कार्यक्रम चलालाकर प्रशिक्षित युवाओं को तैयार किया जा सकता है। साइबर सिक्योरिटी में प्रशिक्षित युवा साइबर से संबंधित विभिन्न मुद्दों में अपना योगदान दे सकते हैं और रोजगार प्राप्त कर सकते हैं।

# पैक्स के माध्यम से कॉमन सर्विस सेवाओं को उपलब्ध कराने के क्रम में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ

**दैनिक समाज जागरण**
**अजमल हसन जनपद बिजनौर**

बिजनौर- कोआपरेटिव सोसाइटी के माध्यम से गांव में सीएससी की सुविधा का लाभ आम जन मानस को दिया जायेगा

भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय एवम इलेक्ट्रॉनिक एवम सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा संचालित संस्था सीएससी के मध्य हुए करार के आधार पर बी पैक्स बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण समिति को कॉमन सर्विस सेंटर के रूप स्थापित करने की योजना बनी है।जिसमे बिजनौर जनपद के 81 समिति से सीएससी का कार्य प्रारंभ हुआ है, जिसके लिये आज जनपद के 81 सचिवों को प्रोजेक्ट के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया सीएससी के जिला प्रबंधक नसीम अहमद एवं महेंद्र कुमार द्वारा प्रशिक्षित किया गया, प्रधानमंत्री के "साहकार से समृद्धि" दृष्टिकोण को साकार करने के लिए यह पहल की गई है। इस पहल के अंतर्गत उत्तर प्रदेश राज्य में 5120 पैक्स को कॉमन सर्विस सेंटर में परिवर्तित किया जा चुका है। इस क्रम में,

राष्ट्रीय सहकारी प्रशिक्षण परिषद (ठउउढ) और सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड के संयुक्त प्रयास से राज्य के समस्त पैक्स सोसाइटी के अधिकृत सचिवों/ आपरेटरों को प्रशिक्षित करने का निर्णय लिया गया है।

उन्होंने बताया की सरकार घर घर तक योजना के तहत इन समितियों के माध्यम से भारत सरकार एवम राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ आसानी से उपलब्ध कराया जा सके। इन केंद्रों से बैंकिंग सेवा, आयुष्मान भारत योजना, टेली लॉ, प्रधानमंत्री श्रम योगी योजना, प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि, लेबर रजिस्ट्रेशन, बिजली बिल जमा,प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का रजिस्ट्रेशन, आईआरसीटीसी टिकट,सहित 250 से अधिक सेवा इन केंद्रों से संचालित होंगी। सहायक आयुक्त जिला सहकारिता विभाग श्री राजवीर सिंह जी ने सभी, सहायक अधिकारी एवम सभी सचिव को निर्देशित किया की ज्यादा से ज्यादा लोगो को सीएससी के माध्यम से केंद्र सरकार एवम राज्य सरकार की सेवा उपलब्ध कराएं एवम लोगो की सहायता करें।

इस अवसर पर सीएससी स्टेट मैनेजर स्वेत पंवार एवं सहायक विकास अधिकारी सहित सभी सचिव एवम अधिकारीगण मौजूद रहे।

# क्षतिग्रस्त दीर्घ सेतु पर भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबन्धित, वैकल्पिक मार्गों का करें प्रयोग

**आई एम खान/दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

बदायूँ। लोक निर्माण विभाग के निर्माण खण्ड के अधिशासी अभियन्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि शाहबाद बिसौली कछला गंगाघाट मार्ग (राज्य मार्ग सं0-109) के किमी0 38 में स्थित रानेट चौराहे के समीप सोत नदी पर क्षतिग्रस्त दीर्घ सेतु के निरीक्षण हेतु गठित चार सदस्यीय समिति के निरीक्षणोपरान्त की गयी संस्तुति के आधार पर अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड लोनिवि बदायूँ के कार्यालय पत्रांक 2145/1सी 10.10.2023 द्वारा भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबन्धित किया गया था। उन्होंने बताया कि संज्ञान में आया है कि वर्तमान में भारी वाहन क्षतिग्रस्त सेतु से होकर ही गुजर रहे हैं, जो कि जनमानस की सुरक्षा के दृष्टिगत उचित नहीं हैं। जनमानस के संज्ञान में लाना है कि समिति द्वारा दिये गये सुझाव के क्रम में उक्त क्षतिग्रस्त सेतु से तत्काल भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबन्धित किया जाता है। भारी वाहनों के आवागमन को प्रतिबन्धित किये जाने के फलस्वरूप भारी वाहन आवागमन हेतु दो मार्गों (1) बिसौली बजीरगंज-बिल्सी-कछला मार्ग (2) बिसौली - ओरछी - इस्लामनगर - रानेट चौराहा मार्ग का प्रयोग करें।

# कमिश्नर ने किया तहसील सहसवान में जनसुनवाई का औचक निरीक्षण

## अनुपस्थित खंड विकास अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश

**आई एम खान/दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

सहसवान बदायूं। बरेली मंडल की कमिश्नर सौम्या अग्रवाल व पुलिस महानिरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने तहसील सहसवान में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने जनसुनवाई के दौरान आमजन की शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता पर गुणवत्तापरक व समयबद्ध ढंग से करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। तदोपरांत उन्होंने उप जिला अधिकारी सहसवान व तहसीलदार सहसवान के न्यायालयों का निरीक्षण भी किया। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 20 शिकायतें प्राप्त हुई जिसके निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। आयुक्त ने अनुपस्थित खंड विकास अधिकारी सहसवान व दहगवा से स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए। आयुक्त सौम्या अग्रवाल ने तहसील सहसवान में संपूर्ण समाधान दिवस के औचक निरीक्षण के दौरान जनसुनवाई करते हुए आमजन से प्राप्त शिकायतों को एक-एक कर गंभीरतापूर्वक सुना व उन्हें शिकायतों के गुणवत्तापरक

निस्तारण का आश्वासन दिया तथा संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। आयुक्त सौम्या अग्रवाल ने कहा कि आमजन की शिकायतों का निस्तारण प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में है इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं होगी। उन्होंने कहा कि भूमि व राजस्व संबंधी मामलों के निस्तारण में अधिकारी संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित करें। वही संपूर्ण समाधान दिवस के उपरांत आयुक्त सौम्या अग्रवाल ने उप जिलाधिकारी सहसवान में तहसीलदार सहसवान के न्यायालयों का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न वादों से संबंधित पत्रावलियों को एक-एक कर देखा, निस्तारण की गुणवत्ता जानी व आवश्यक दिशा निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, विकास विभाग व जिला पूर्ति कार्यालय सहित विभिन्न विभागों की कुल 20 शिकायती व प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिनके निस्तारण के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए गए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सहसवान प्रेमपाल सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# आवारा गोवंश ने हाईवे पर जमाया अपना डेरा

**दैनिक समाज जागरण**

संभल ।थाना धनारी कस्बा बस स्टैंड पर बरसात मेंआवारा गोवंश हाईवे पर आ गए और हाईवे जाम की स्थिति पैदा कर दी उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश कागज में हो रहे फलीभूत जमीन स्तर पर आदेश खोखले नजर आ रहे हैं बात करें संभल जिले की तो थाना धनारी क्षेत्र के ग्राम गढा मैं भी इसी तरह रोड पर आवारा कौन सोने काफी तांडव मचाया था इसमें 2 घंटे रोड जाम रहा था वही स्थिति आज कस्बा धनारी में देखने को मिली इसी तरह गोवंश

सड़कों पर घूमते हुए हादसों को दावत देते हैं और आए दिन या हादसे होते रहते हैं ऐसे हादसों में कई लोगों की जान जा चुकी है लेकिन शासन प्रशासन इस पर कोई ध्यान देने को तैयार नहीं है

# झोला छाप डॉक्टरों के इन अस्पतालों और क्लीनिक में नाबालिक बने हैं कंपाउंडर और देते हैं दवाइयां

## हुआ हादसा तो आखिर कौन होगा जिम्मेदार

**दैनिक समाज जागरण**

चंदौसी/संभल।संभल जनपद और आसपास के क्षेत्र में बेखौफ चल रहे झोला छाप के अस्पतालों क्लिनिक से इलाज के दौरान न जाने अब तक कितनी मौतें हो चुकी हैं। जिसको लेकर प्रशासन बेहद सख्त है और लगातार झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्रवाई भी कर रहा है।लेकिन इसके बावजूद कई ऐसे गांव हैं जहां झोला छाप डाक्टरों के अस्पताल और क्लिनिक बेखौफ चल रहे हैं। आखिर इसके पीछे किसका हाथ है यह नहीं कहा जा सकता जिसका जीता जागता उदाहरण संभल जनपद के चंदौसी बनिया खेड़ा ब्लॉक अंतर्गत गांव कैथल में देखने को मिला जहां झोला छाप डॉक्टरों के

अस्पतालों क्लिनिक बेखौफ संचालित किया जा रहे हैं , अस्पताल में कंपाउंड भी नाबालिक रखे गए हैं जिन्हें ना दवाइयो का ज्ञान है और ना ही इलाज करने का कोई तरीका।इन अस्पतालों में मरीजों को भारती भी किया जाता है ड्रिप भी चढ़ाई जाती है और दवाइयां भी दि जाती हैं। ऐसे में यदि किसी मरीज के साथ कोई हादसा होता है। तो कौन होगा जिम्मेदार। यह बड़ा सवाल है। आखिर प्रशासन इन झोलाछाप डॉक्टरों पर कब कार्रवाई करेगा

# तहसीलदार पर बिफरीं डीएम, किया सभागार से बाहर

दैनिक समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर संपूर्ण समाधान दिवस तहसील खागा में जिलाधिकारी सी.इंदुमती, पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हुआ। जिलाधिकारी महोदया ने संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर शिकायतकताओं की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतो को मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण, संतुष्टिपरक, समय से निस्तारण किया जाय, कोई भी शिकायत लंबित न रहे, शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही की जायेगी। उन्होंने कहा कि राजस्व लेखपाल संक्रमणीय भूमि में यदि भूमि विवाद है, तो उसका नियमानुसार पैमाइस कराकर निस्तारण कराया जाय, साथ ही पैमाइस की वीडियोग्राफी भी कराई जाय। वहीं अधिवक्ताओं ने तहसीलदार जगदीश सिंह के विरुद्ध शिकायत कर कहा कि न्यायिक तहसीलदार के आदेश को पलटते हुए स्वयं प्रार्थी का नाम निरस्त कर दिया। जिससे नाराज होकर डीएम ने तहसीलदार को फटकार लगाते हुए सभागार से बाहर भेज दिया। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को शिकायतो का समयावधि में निस्तारण के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील खागा में कुल 254 शिकायतें प्राप्त हुई, के सापेक्ष 19 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया, शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु आवश्यकतानुसार पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। इस मौके पर उपजिलाधिकारी खागा अजय कुमार पाण्डेय, पुलिस क्षेत्राधिकारी ब्रजमोहन राय, प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. इश्तियाक अहमद, तहसीलदार खागा सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण मौजूद रहे।

# डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के संस्थापक की मनाई 21वी पुण्यतिथि !

दैनिक समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद! डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के संस्थापक की सरकारी ट्रामा सेंटर में 21वीं पुण्यतिथि मनाई गई इस अवसर पर फार्मासिस्टों उनके द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा करते हुए भावभीनी पुष्पांजलि अर्पित की! सरकारी ट्रामा सेंटर में डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की जिला शाखा द्वारा शनिवार को संस्थापक स्वर्गीय डॉक्टर उजागर पांडे की 21वीं पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की! सरकारी ट्रामा सेंटर में डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की जिला शाखा द्वारा शनिवार को संस्थापक स्वर्गीय डॉक्टर उजागर पांडे की 21वीं पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी पुष्पांजलि अर्पित की इस अवसर पर जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश राठौड़, सुभाष यादव, जगदीश कुमार,यतेंद्र कुमार, आनंद मोहन शर्मा, मनोज जैन, दीप सिंह पुंडीर, उपेंद्र बघेल, राजेश गुप्ता, विजय सिंह,भूमिका यादव, नितेश कुमार,अजय राठौर, आदि फार्मासिस्ट उपस्थित थे!

# छत से गिरने से बालिका की दर्दनाक मौत

दैनिक समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर। बिंदकी कस्बे के लंका रोड में शनिवार की दोपहर छत से गिरकर 9 वर्षीय बालिका घायल हो गई। जिसे सीएचसी लाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार लंका रोड निवासी धर्मेंद्र की पुत्री राधिका आज दोपहर छत पर खेल रही थी। तभी अचानक पैर फिसल जाने से जीने से नीचे आ गई। परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां चिकित्सकीय उपचार के बाद चिकित्सक ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। परिजन सरकारी एंबुलेंस से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाए। जहां चिकित्सक ने बालिका को मृत घोषित कर दिया। परिजन शव को लेकर घर वापस लौट गए।

# आधा घंटे की बारिश भी नहीं झेल पाई भावी स्मार्ट सिटी

निगम की सफाई व्यवस्था की खुली पोल

जल भराव से नगर बना टापू दुकानों और मकान में घुसा पानी

6 इंच खाली रह गया चंदवार गेट का ओवर ब्रिज

पानी भराव के कारण एक युवक की गई जान

दैनिक समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद! शुक्रवार की दोपहर शुरू हुई झमाझम बारिश ने नगर निगम की सफाई व्यवस्था की पोल खोल दी है शहर के निचले इलाकों और बाईपास के सर्विस रोड के अलावा शहर के अन्य इलाकों में पानी भरने से सड़कों ने नाले का रूप धारण कर लिया वही बारिश के दौरान पानी से लबालब नाले में गिरकर एक युवक की मौत हो गई नगर निगम द्वारा फिरोजाबाद को स्मार्ट सिटी बनाया जा रहा है परंतु जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है यहां तक मौसम विभाग द्वारा भारी बारिश की चेतावनी देने के बावजूद भी नगर निगम द्वारा नालो और नालियों की बरसात से पूर्व सफाई करने की कोई जहमत नहीं उठाई जिसके कारण आधा घंटे की बारिश ने शहर को जल मग्न कर दिया यहां तक नगर निगम के ऑफिस में भी पानी भर गया कर्मचारी पेर ऊपर कर बैठे रहे और नगर के बाजार की बात करें तो दुकानों में लोग पानी खलाते हुए नजर आए सड़कों ने नहर जैसा रूप धारण कर लिया नगर के बाईपास रोड की बात करें तो हाईवे के किनारे बने सर्विस रोडो ने जल भराव के कारण नाले का रूप धारण कर लिया राहगीरो को पानी के मध्य से होकर गुजरना पड़ा वही दो पहिया तिपहिया एवं चार पहिया वाहन जल भराव के कारण बीच में ही बंद होकर खड़े नजर आए इसके अलावा नगर के निचले इलाकों में भी पानी भर गया वही विधायक मनीष असीजा द्वारा 12 करोड़ की लागत से बनाया गया चंदवार गेट पर ओवर ब्रिज तो बनवा दिया परंतु पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं की लोहा मंडी से यमुना जी को जाने वाले इस रोड पर चंद्रावर गेट पुल के नीचे मात्र आधा घंटे की बारिश में पानी भर गया पुल मात्र 6 इंची तक खाली रह गया जिसके कारण रामनगर और चंदवार गेट आने-जाने वाला मार्ग संपर्क टूट गया वहां के बासिंदो को अन्य मार्गो से तथा ओवर ब्रिज के ऊपर से होकर गुजरना पड़ा इससे लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी वहां के वाशिदे कह रहे थे की इतना पैसा लगने के बावजूद भी कोई आराम नहीं मिला इससे तो पहले वाला पुल ही सही था नगर में जल भराव की समस्या पैदा होने का मुख्य कारण नाले नालियों की सही ढंग से सफाई न होना है नाले नालियों की सफाई के नाम पर मात्र खाना पूरी कर कार्य की स्थिति पूर्ण कर ली जाती है दो दिन पूर्व नगर निगम में सफाई सुपरवाइजर का सम्मान कर अपनी पीठ थपथपाई थी परंतु आज इंद्रदेव के प्रकोप से सारी कलई खुल गई स्थिति यह है नाले नालिया के अलावा सीवर लाइन चौंक पड़ी हुई है सफाई के नाम पर मात्र क्लीनिंग मशीन भेज कर और पानी को निकलवा कर कार्य की ईति श्री पूर्ण कर ली जाती है नगर के निवासियों का कहना है की यही स्थिति रही तो स्मार्ट सिटी कैसे बनेगी

# करंट लगने से युवती झुलसी

दैनिक समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर। हथगाम थाना क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर चौराई में घरेलू काम करते समय करंट की चपेट में आ जाने से 21 वर्षीय युवती झुलस गई। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार अकबरपुर चौराई गांव निवासी मो. शरीफ की पत्नी समरीन बानो आज सुबह घर में झाड़ू लगा रही थी तभी पास में रखे फरार्टा पंखे को हटाने लगी तभी वह करंट की चपेट में आकर झुलस गई। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# निशा अस्थाना सरल हृदयी और ईमानदारी की सशक्त हस्ताक्षरः- अश्वनी जैन

दैनिक समाज जागरण

फिरोजाबाद! जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय सिविल लाइन फिरोजाबाद में जिला विद्यालय निरीक्षक फिरोजाबाद डॉ निशा अस्थाना के उपप्राचार्य डायट हाथरस में पदोन्नति के फलस्वरूप उन्हें सम्मानित करते हुए जिला विज्ञान क्लब,फिरोजाबाद के जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने दुपट्टा उड़ाकर, मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र भेंट किया। अश्वनी कुमार जैन ने उनकी प्रशंसा करते हुए बताया कि डॉ निशा अस्थाना के निर्देशन एवं सानिध्य में शिक्षा की विभिन्न योजनाएं पुष्पित एवं पल्लवित हो रही थीं। आपके द्वारा अनेक प्रशंसनीय कार्य किए गए, जिनसे बच्चों की प्रतिभा निखर कर आई है। लोकसभा चुनाव 2024 में अपनी भूमिका का सफलतापूर्वक निर्वहन किया गया। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की परीक्षाओं में आपके सानिध्य एवं निर्देशन में जनपद की प्रतिभाओं ने प्रदेश स्तर पर स्थान पाया। उन्होंने कहा कि डॉ निशा अस्थाना अत्यंत निर्भीक, परिश्रमी, सरल हृदयी, प्रखर वक्ता, दूरदर्शी एवं ईमानदारी की मिसाल हैं। उन्होंने जिला विज्ञान क्लब,फिरोजाबाद को एक नवीन दिशा प्रदान करके विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण उत्पन्न करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने जिला विज्ञान क्लब,फिरोजाबाद के कार्यों में स्वंय उपस्थिति प्रदान करके बच्चों को उत्साहित किया एवं ऑनलाइन कार्यक्रम में भी उपस्थिति होकर शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को मार्गदर्शन भी किया। उन्होंने जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद को एक नया आयाम प्रदान किया। उनके द्वारा जनपद में किए गए विभिन्न कार्यों के लिए उन्होंने जनपद के जनमानस पर एक अलग छाप छोड़ी है।

# ई-रिक्शा पलटने से दो महिलाओं समेत किशोर घायल

दैनिक समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के जमरावां के समीप शनिवार की सुबह अनियंत्रित होकर ई-रिक्शा पलट जाने से दो महिलाओं समेत किशोर घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार थरियांव थाना क्षेत्र के बहरामपुर गांव निवासी इदरीस की 45 वर्षीय सरवरी, शब्बीर की 50 वर्षीय पत्नी किस्मतुन व शकील का 12 वर्षीय पुत्र रिजवान आज सुबह ई-रिक्शा से हुसैनगज थाना क्षेत्र के महाजनपुर चालीसवे के फातिहा में जा रहे थे। जैसे ही ई-रिक्शा जमरावां के समीप पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे किशोर समेत दोनों महिलाएं बुरी तरह घायल हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# पेड़ से गिरकर किशोरी घायल

दैनिक समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खलीफापुर मे पेड़ से गिरकर 17 वर्षीय किशोरी घायल हो गई। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार खलीफापुर गांव निवासी स्व. गौरीशंकर की पुत्री नंदनी गांव के समीप स्थित पेड़ पर चढ़कर जामुन तोड़ रही थी। तभी अचानक पैर फिसल जाने से नीचे गिरकर घायल हो गई। परिजनों ने उसे सरकारी एम्बुलेंस से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# सीडीओ ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनता की समस्याओं को सुना और कराया प्रभावी निस्तारण।

दैनिक समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद! जिलाधिकारी रमेश रंजन के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील टूण्डला में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया, जिसमें जिलाधिकारी सभी जिलास्तरीय अधिकारियों ने प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक उपस्थित रहकर जनता की समस्यायों को एक-एक कर सुना व उनका प्रभावी निस्तारण कराया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 72 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें मुख्य विकास अधिकारी ने मौके पर ही 06 शिकायतों का निस्तारण कराया और बाकी बची शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को तीन दिवस व अधिकतम एक सप्ताह में पूरी गुणवत्ता के साथ निस्तारण कराने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने कई शिकायती प्रकरणों में राजस्व, पुलिस व सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारियों को प्रभावी व गुणवत्तापूर्ण शिकायत निस्तारण करने के लिए मौके पर ही भेजा। इसके अतिरिक्त उन्होने उप जिलाधिकारी टूण्डला व पुलिस क्षेत्राधिकारी टूण्डला को निर्देश दिए कि वह दो बजे सम्पूर्ण समाधान दिवस की समाप्ति के उपरांत जमीनी विवाद व अतिक्रमण के प्रकरणों में अलग-अलग राजस्व व पुलिस की टीम बनाकर मौके पर भेजकर शिकायतों का गुणदोश के आधार पर पूरी गुणवत्ता व पारदर्शिता के साथ निस्तारण कराए और निस्तारण को शिकायत कर्ता को अवगत भी कराए। उन्होने सभी सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता की आने वाली समस्याओं को प्राथमिकता पर सुने और अपने स्तर से गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान अधिकतर शिकायतें अवैध कब्जे, जल भराव, विद्युत, राजस्व, राशन, ग्रामीण क्षेत्रों में गन्दगी, जमीनी विवाद व अतिक्रमण आवास, शौचालय आदि की शिकायतें प्राप्त हुई, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारी को कडें निर्देश दिए कि वह मौके पर जाकर शिकायतों को पूरी गुणवत्ता के साथ निस्तारित कराए और शिकायतकर्ता को अवगत भी कराए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने तहसील प्रांगढ में पौधारोपण कर आम जनमानस को इस वषार्काल में अधिक से अधिक पौधारोपित करने का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होने सभी से अपील की कि वह अपने आस पास अधिक से अधिक पौधारोपित कर पर्यावरण को स्वच्छ बनाऐं। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी के एम सिंह, उपजिलाधिकारी टूण्डला, पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश की संस्कृति के विविध पहलुओं पर आयोजित कार्यशाला का समापन आज

दैनिक समाज जागरण

फि रोजाबाद! दाऊ दयाल महिला महाविद्यालय में संस्कृति मंत्रालय उत्तर प्रदेश सरकार के सौजन्य से चल रही सात दिवसीय कार्यशाला के अंतर्गत आज छठवें दिन कार्यशाला संयोजक डॉ राजेश अहिरवार एवं कार्यशाला समन्वयक प्रोफेसर रेनू वर्मा के कुशल निर्देशन में छात्राएं उत्तर प्रदेश की संस्कृति के विविध पहलुओं पर विषय विशेषज्ञों द्वारा ज्ञान अर्जित कर स्वयं को प्रतिभावान एवं स्वावलंबी बनाने के लिए लगातार प्रयास एवं अभ्यास कर रहीं हैं। जिसका प्रदर्शन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के रूप में आज दिनांक 7 जुलाई को बड़े मंच पर किया जाएगा। इस अवसर पर शहर के गणमान्य ने व्यक्ति उपस्थित रहेंगे

# कांग्रेस कमेटी द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की!

दैनिक समाज जागरण

फिरोजाबाद! कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संदीप तिवारी द्वारा उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर तथा राष्ट्रीय महासचिव एवं उत्तर प्रदेश के प्रभारी अविनाश पांडे के आह्वान पर भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम की पुण्यतिथि पर मोहल्ला खेड़ा स्थित जिला सचिव अनिल यादव के निवास पर उनके चित्र पर जिलाध्यक्ष संदीप तिवारी द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उसके उपरांत सहभोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष संदीप तिवारी ने कहा कि बाबू जगजीवन राम ऐसे व्यक्तित्व के मालिक थे! जिन्होंने कभी अपने जीवन में अन्याय के साथ समझौता नहीं किया। उनका जीवन सदैव निर्धन, असहाय और दलितों के सम्मान के लिए सदैव संघर्षरत रहा। जिलाध्यक्ष संदीप तिवारी ने कहा बाबूजी का जीवन छात्र राजनीति में तथा भारत की संसदीय राजनीति में सदैव संघर्ष का रहा वे सदैव दलितों की आवाजों को उठाने तथा उन्हें न्याय दिलाने के लिए लगा रहा। उनका जीवन राजनीतिक, सामाजिक सक्रियता और विशिष्ट उपलब्धियों से भरा रहा। सदियों से शोषित, दलित और मजदूरों के सम्मान के लिए बाबू जी द्वारा किए गए कानूनी प्रावधान ऐतिहासिक हैं। उनका सारा जीवन देश के लिए समर्पित रहा। ऐसे महान व्यक्तित्व को आज हम सभी कांग्रेसीजन श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं और उन्हें नमन करते हैं।श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में जिला सचिव खजांची दिवाकर, जिला सचिव अनिल जाटव, उपाध्यक्ष राजेश दिवाकर, मुकेश कुमार जाटव, मंजुला देवी, प्रतिभा, प्रभा,प्रशांत, मीना, निर्मला,गीता, पिंकी आदि लोग उपस्थिति थे।

# पिसौर फीडर से साढ़े चार घंटा विद्युत रहेगा बंद

दैनिक समाज जागरण हरहुआ।

33/11 के०वी० विद्युत उपकेंद्र तरना के 11 केवी पिसौर फीडर से आज 7 जुलाई से दोपहर 12:00 बजे से शाम 4.30 बजे तक बंद रहेगा। जिससे छतरीपुर हटिया घोड़हा, भगवानपुर ,सभई पुर ,चुप्पेपुर आदि ग्रामों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उक्त अवधि में व्यवधान के लिए खेद है। उक्त की जानकारी उप खण्ड अधिकारी द्वितीय हरहुआ अभिजीत कुमार साह ने दी है।

# नियोजन विभाग उत्तर प्रदेश के निदेशक बने घनश्याम यादव क्षेत्र में हर्ष

समाज जागरण अनिल कुमार हरहुआ वाराणसी।

उत्तर प्रदेश नियोजन विभाग के निदेशक पर पदोन्नति के उपरांत विगत 1 जुलाई को घनश्याम यादव ने कार्यभार ग्रहण किया था। इसकी जानकारी मिलने पर विकास खण्ड हरहुआ के लोग गौरवान्वित महसूस कर रहे है। बताते चले कि ग्राम भगतूपुर के किसान स्व.फेकू यादव के दो पुत्रों में घनश्याम बड़े पुत्र हैं,किसान परिवार से जुड़े घनश्याम यादव की प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा वाराणासी जनपद में ही हुई हैं। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि बचपन से ही घनश्याम यादव पढ़ने में मेधावी रहे जो अपने शिक्षा के दम पर प्रदेश के नियोजन विभाग में सबसे उच्चतम पद पर पहुँचे है।उनके कार्यभार ग्रहण करने पर स्थानीय निवासी और उनसे जुड़े लोगों ने उनको फोन से बधाई दी । गौरतलब हो वर्ष 1998 में यूपी लोक सेवा आयोग में घनश्याम यादव का चयन शोध अधिकारी के राजपत्रित पद पर, हुआ था । 1 जुलाई को संयुक्त निदेशक के पद से पदोन्नति होकर निदेशक के पद पर कार्यभार ग्रहण किये है।

# किसानों को निःशुल्क श्री अन्न किट हुआ वितरित

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी। हरहुआ ब्लाक के राजकीय कृषि बीज भंडार पर शनिवार को कृषि विभाग की ओर से किसानों को श्री अन्न मिनी किट का वितरित किया गया। मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान संघ के जिला महामंत्री मधुवन यादव ने किसानों से कहा कि स्वस्थ्य रहने के लिए मोटा अनाज का सेवन बहुत जरूरी है। जिस तेजी के साथ बीमारियां बढ़ रही है उसे देखते हुए मोटे अन्न का उत्पादन बहुत जरूरी है। देबेन्द्र कुमार पांडेय एडीओ कृषि हरहुआ ने बताया कि श्री अन्न के तहत सांबा, रागी, ज्वार, बाजरा, तिल, अरहर, मूंग, उर्द, का वितरण किया गया । मोटे अनाज के प्रोत्साहन के लिए सरकार किसानों को बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रत्येक मानव के जीवन मे मोटे अनाज का बहुत महत्व है। मोटे अनाज के सेवन से शुगर और ब्लड प्रेशर कंट्रोल में रहता है। इस मौके पर गौरी शंकर, सीताराम पटेल, हरिश्चन्द्र गौतम, कृष्ण कुमार मौरु, सर्वेश कुमार सिंह, बच्चू लाल, रामसकल प्रसाद, आशुतोष कुमार, आकांक्षा राय के साथ राजन कुमार, बसंत लाल यादव, गुलाब पटेल, शिवमूरत पटेल, रामलाल, संतोष सिंह, देवनाथ मौर्य, छविनाथ सिंह आदि किसान उपस्थित रहे।

# सोशल ऑडिट से कार्यक्रमों के प्रति ग्रामीणों का होगा जुड़ाव विमल कुमार सिंह

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी सोशल ऑडिट से कार्यक्रमों के प्रति ग्रामीणों का बेहतर जुड़ाव होगा और गांव विकास करेगा। उक्त बातें जिला ग्राम्य विकास संस्थान, परमानन्दपुर में चल रहे पांच दिवसीय मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) व राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (एनएसएपी) विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए जिला प्रशिक्षण अधिकारी विमल कुमार सिंह ने व्यक्त किया। इसी क्रम में प्रशिक्षुओं को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण सोशल ऑडिट हेतु दिशानिदेर्शों के बारे में रिटायर्ड डीडीओ दयाराम विश्वकर्मा द्वारा जानकारी दी गई। वहीं मास्टर ट्रेनर सुरेश पाण्डेय द्वारा प्रशिक्षुओं को राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत हकदारिया एवं सोशल ऑडिट के प्रारूपों के बारे में जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर राधेश्याम यादव ने सोशल ऑडिट की संरचना तथा सोशल ऑडिट टीम सदस्यों की भूमिका के बारे में प्रशिक्षुओं को जानकारी दी। मनरेगा कार्यों का तकनीकी सत्यापन के बारे में रिटायर्ड टीए सत्यप्रकाश श्रीवास्तव द्वारा प्रशिक्षुओं को जानकारी गई। इस अवसर पर सत्र प्रभारी अमरनाथ द्विवेदी, सुरेश तिवारी, रिटायर्ड सीडीओ हीरालाल, रिटायर्ड आचार्य शिवप्रकाश, प्रशिक्षक के0एल0. पथिक, टीम सदस्य कमलेश कुमार, सुबेश वर्मा, रेखा देवी, रमेश कुमार राम, विनोद चन्द, लक्ष्मी देवी, दशरथ प्रसाद, अनीता देवी, मदन लाल, आशा पाण्डेय, रोला कुमारी, माधुरी चौबे, शेषमणि, शबीर अली, सत्य प्रकाश, पूनम चौबे, राजकुमार सहित जनपद चन्दौली के विकास खंड नौगढ़ और बरहनी से तथा जनपद वाराणसी के विकास खंड हरहुआ और सेवापुरी से चयनित सोशल ऑडिट टीम के 109 सदस्यों ने प्रतिभाग किया।

# पंखे में करंट उतरने से छात्र का मौत

समाज जागरण रंजीत तिवारी रामेश्वर वाराणसी

आज जंसा थाना क्षेत्र के चौखंडी गांव के ओंकार राजभर का पुत्र अभिषेक राजभर उम्र 20 वर्ष की चाय बनाते समय पंखा में करंट उतरने से मौत हो गई घटना की सूचना लगते ही परिवार में कोहराम मच गया। बताते चलें कि आज दोपहर बाद अभिषेक अपने चाय की दुकान पर चाय बनाने के लिए पंख लगा रहा था इस समय पंखे में करंट प्रवाहित होने लगी जिससे युवक करंट की चपेट में आ गया जब तक लोग समझ पाते तब तक बुरी तरह से झुलस गया मौके पर मौजूद परिजनों ने तत्काल एक निजी चिकित्सालय ले गए जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया मृतक अपने माता-पिता का एकलौता पुत्र था मृतक के पिता ओमकार राजभर चाय पान की दुकान चलाकर परिवार का भरण पोषण करते हैं घटना के बाद मृतक की मां सीमा देवी रह रहकर बेहोश हो जा रही थी मृतक बीए का छात्र बताया जाता हैं।अभिषेक की मौत के बाद गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है तथा चौखंडी स्टेशन के आसपास की सभी दुकान शोक में बंद रही। वहीं परिजनों ने पुलिस को बगैर सूचना दिए शव का अंतिम दास संस्कार कर दिया।

# कुशवाहा समाज की दो बहिनों ने आगरा जिले का नाम किया रोशन

**दैनिक समाज जागरण प्रमोद कुशवाह**

आगरा। मुंबई के पालघर में 28 जून से 1 जुलाई तक हुए नेशनल पंजा कुश्ती प्रतियोगिता में आगरा के खिलाड़ियों ने चैंपियनशिप जीत ली

खिलाड़ियों ने सात स्वर्ण, दो रजत, एवं चार कास्य पदक जीते हैं। इस प्रतियोगिता में आगरा की महिला खिलाड़ियों ने भी भाग लिया आप को बता दें आगरा के ब्लॉक खंदौली क्षेत्र की 8 भी की छात्रा खुशी व 10th की छात्रा कविता चौकड़ा निवासी ने 48 वी राष्ट्रीय पंजा कुश्ती चैंपियनशिप 2024 महाराष्ट्र में भाग लिया। सरकारी स्कूल में पढ़ने वाली बेटियों ने प्रथम व द्वितीय स्थान लाकर जिले का नाम रोशन किया है। इस प्रतियोगिता में खुशी कुशवाहा (45)kg ने गोल्डमैडल अपने नाम किया है वहीं बडी बहिन कविता कुशवाहा (50)kg ने रजत पदक जीतकर अपने परिवार और जिले का नाम रौशन किया। राष्ट्रीय चैंपियनशिप में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करके कुशवाहा समाज की बेटियों ने परिवार के साथ समाज व आगरा जिले का नाम रोशन किया है। वही बेटी इंटरनेशनल प्रतियोगिता खेलना चाहती है ' जो की विदेश में होनी है उसके लिए गरीब परिवार के पास पर्याप्त धन नहीं है। क्या बेटियों का हुनर पर्याप्त धन ना होने के कारण यही तक रह जायेगा। या फिर सरकार बेटियों का हुनर बनाए रखेगी।

# चंबल पहुंच मार्ग में दलदल से स्टीमर तक पहुंचना हुआ मुश्किल

**दैनिक समाज जागरण प्रमोद कुशवाह**

पिनाहट। पिनाहट चंबल नदी घाट के पहुंच मार्ग पर बारिस के हुए कीचड़ व दलदल से यात्रियों को आवागमन करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

2 दिन से रुक-रुक कर हो रही बारिश से पिनाहट चंबल नदी घाट पर कीचड़ व दलदल बन चुका है। जिसे आता का मन कर ले मैं भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यहां से मध्य प्रदेश की ओर आवागमन करने के लिए पैंटून पुल के हटने के बाद लोगों को स्टीमर के द्वारा आवागमन कराया जा रहा है। शनिवार को दिनभर यहां से निकलने में भारी मशक्कत करनी पड़ी। लोग गिरते गिरते स्टीमर तक पहुंचते रहे। वही स्टीमर भी पानी में होने के कारण लोगों को पानी में चलकर स्टीमर तक पहुंचना पड रहा है। जिससे लोग भारी परेशान भी होते रहे।

# हाथरस सत्संग में 123 मौत के बाद कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह ने दिया बयान

**कमलेश कुमार दैनिक समाज जागरण**

मैनपुरी हाथरस कांड में 123 जान जाने के बाद मैनपुरी आए कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह ने दिया बयान सूरजपाल उर्फ भोले बाबा के सत्संग मैं हुए दर्दनाक हादसे को लेकर उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह ने दिया बड़ा बयान मंत्री जी ने कहा सूरजपाल उर्फ भोले बाबा भी होंगे जांच के दायरे में मंत्री जयवीर सिंह ने कहा घटना की निष्पक्ष जांच हो रही है।

लोगों की गिरफ्तारियां भी हो रही हैं। जो भी इसमें दोषी होगा किसी को बक्सा नहीं जाएगा। कठोर से कठोर कार्रवाई होगी।, कुछ राजनीतिक दल इस पर राजनीति कर रहे हैं। राजनीतिक रोटियां सेक रहे हैं। उनको यह नहीं करना चाहिए लोगों को सहयोग करना चाहिए मंत्री जी ने धैर्य रखने की बात कही साथ ही अपील करते हुए कहा उच्च स्तरीय जांच चल रही है। और जो भी दोषी होगा उसे पर कठोर से कठोर कार्रवाई होगी।

# एसएन मेडिकल कॉलेज में 17 वर्षीय बच्ची के जबड़े का किया गया सफल इलाज

**दैनिक समाज जागरण प्रमोद कुशवाह**

आगरा। 17 वर्षीय साबुन कटरा की रहने वाली बच्ची छत से गिरने के बाद बुरी तरह से घायल हो गई थी। उसका जबड़ा बुरी तरह तीन टुकड़ों

में टूट गया था, जिससे उसका चेहरा विकृत हो गया था, साथ ही उसकी जांघ की हड्डी भी टूट गई थी। आपको बता दें मरीज के परिजनों द्वारा एसएन मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में भर्ती किया गया, जिसमें मरीज को दो बोतल खून चढ़ाया गया। उसके पश्चात जांघ के हड्डी का ऑपरेशन डॉ. रजत कपूर, ऑथोर्पेडिक्स विभाग द्वारा किया। इसके बाद मरीज का नाक कान गले विभाग में तीन भाग में बुरी तरह टूटे हुए जबड़े की हड्डी का ऑपरेशन किया गया। मरीज के जबड़े का ऑपरेशन डॉ. अखिल प्रताप सिंह, डॉ. प्रीति द्वारा किया गया। मरीज अब स्वस्थ है, व मरीज की छुट्टी कर दी गई है।

# हाथरस कांड 123 जान जाने के बाद चार दिन बाद भोले बाबा जी का बोल फूटा

## जो बाबा अपने को भगवान बताता हो आज बो भी भगवान की सरण मे

**कमलेश कुमार**
**दैनिक समाज जागरण**

मैनपुरी में हाथरस कांड के 123 लोगों की मौत के बाद बाबा का फूटा बोल जो बाबा अपने को स्वयं भगवान बताता थाआजवह स्वयं मान रहा है कि भगवान है सूरज पाल उर्फ भोले बाबा - हाथरस भगदड़ के बाद सूरज पाल उर्फ भोले बाबा उर्फ नारायण साकार विश्व हरि पहली बार मीडिया के सामने आया है। बाबा ने मीडिया के सामने बयान दिया है। उसने कहा है कि दो जुलाई की घटना से बहुत दुखी हूं। बाबा ने कहा कि भगवान हमें इस दर्द को सहने की शक्ति दे।

सूरजपाल उर्फ 'भोले बाबा' ने कहा कि कृपया सरकार और प्रशासन पर भरोसा रखें। मुझे विश्वास है कि जिसने भी अराजकता फैलाई है, उसे बख्शा नहीं जाएगा

बाबा ने कहा कि मैंने अपने वकील एपी सिंह के माध्यम से समिति के सदस्यों से अनुरोध किया है कि वे शोक संतप्त परिवारों और घायलों के साथ खड़े रहें और जीवन भर उनकी मदद करें।

सूरजपाल ऊर्फ भोले बाबा ने कहा कि पीड़ितों की मदद करूंगा। मृतकों के परिजनों के हमेशा साथ हूं। सूरजपाल ने भगदड़ को साजिश बताया।

अगर बाबा स्वयं को भगवान मानते थे तोजो आज घायल पड़ेअपने भक्तोंको ही ठीक कर देते तो उनकी शक्ति मानी जाती लेकिन स्वयं बाबा जी कहते थे कि मैं ही ब्रह्मांड हूं लेकिन आज बाबा स्वयं बोल रहे हैं कि भगवान हमें सहन करने की शक्ति दे

# फ्रैक्चर के मरीज को 108 एंबुलेंस के ईएमटी ने इलाज देते हुए समय से पहुंचाया अस्पताल

**कमलेश कुमार**
**दैनिक समाज जागरण**

मैनपुरी। एंबुलेंस सेवा प्रतिदिन सैकड़ों गंभीर मरीजों की जान बचाने का काम कर रही है। उत्तर प्रदेश सरकार की संचालित 108 एंबुलेंस सेवा समय पर पहुंचकर मरीजों की जान बचाने के लिए 24 घंटे तत्पर रहती है। संचालित निशुल्क एंबुलेंस सेवा प्रतिदिन सैकड़ों गंभीर मरीजों को समय पर पहुंचकर सीन से अस्पताल और जब डॉक्टर रिफर कर देते है तो बड़े अस्पताल ले जाकर जान बचाती है। एंबुलेंस में तैनात प्रशिक्षित ईएमटी रास्ते उसके बीपी, पल्स समेत अन्य शरीर की स्थिति की जानकारी लेकर विभागीय डाक्टरो की टीम से सुझाव लेकर मरीज को प्राथमिक उपचार देते हुए अस्पताल पहुंचाते है

सोमवार को जिले की 108 वाहन यूपी32बीजी 8880 पर फ्रैक्चर का केस आया पायलट भूपेंद्र सिंह मौके पर एम्बुलेंस लेकर पहुंच गए, मरीज राजेंद्र सिंह उम्र 70 साल की हालत को देखकर ईएमटी विमलेश कुमार ने सीन पर ही उनके फ्रैक्चर वाले हिस्से को स्प्लिंटिंग कर एंबुलेंस में शिफ्ट कर रास्ते में ईएमटी की सूझबूझ के साथ डाक्टर राकेश को मरीज के बारे में जानकारी दिए । डाक्टर राकेश के द्वारा बताए गए सुझाव के माध्यम से मरीज को इंजेक्शन और आई वी फ्लूड लगाते हुए व प्राथमिक उपचार के साथ मरीज को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करहल( मैनपुरी) में भर्ती कराया गया, जिससे मरीज की जान बच गई। अटेंडर द्वारा हमारे सहयोगी, हमारी 108 सेवा और हमारी संस्था की प्रशंसा की गई। उत्तर प्रदेश में एंबुलेंस सेवा का संचालन ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विस करती है।

# डॉ. एमपीएस ग्रुप के स्टूडेंट्स ने बताए यूनिक बिजनेस आइडियाज, स्टूडेंट्स को किया गया सम्मानित

**दैनिक समाज जागरण**
**प्रमोद कुशवाह**

आगरा। कॉर्पोरेट काउंसिल फॉर लीडरशिप एंड अवेयरनेस (सीसीएलए) द्वारा पिछले दिनों आयोजित किये गए स्टार्टअप एरा कॉन्क्लेव में बेहतरीन बिजनेस आईडियाज पेश करने वाले डॉ. एमपीएस ग्रुप के प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए एफमेक अध्यक्ष पूरन डावर ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि यदि आपमें कल्पना शक्ति है, अच्छे बिजनेस आईडियाज हैं और उसे आप क्रियान्वित कर सकते हैं, तो आप निश्चित रूप से विजेता बनेगें । जो नौकरी को अपना लक्ष्य लेकर चल रहे हैं उनको समझना होगा आकड़ों के अनुसार 7 प्रतिशत सीमित नौकरियां हैं, शेष 93 प्रतिशत के हाथ निराशा ही लगनी है। विशिष्ट अतिथि एनएसआईसी के शाखा प्रबंधक पुष्पेंद्र सूर्यवंशी ने उद्यमिता को छात्र झ छात्राओं के लिए बेहतर

कॅरियर विकल्प बताया। डॉ. एमपीएस ग्रुप के चेयरपर्सन स्कवाड्रन लीडर एके सिंह ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि युवाओं के को प्रदर्शित करने के लिए इस प्रकार के कॉन्क्लेव मील का पत्थर सावित होते हैं इससे युवाओं में आत्मनिर्भर बनाने के भावना जागृत होती है। डॉ एमपीएस ग्रुप के महानिदेशक अक्षय सिंह को इस अवसर पर कॉर्पोरेट काउंसिल फॉर लीडरशिप एंड अवेयरनेस (सीसीएलए) द्वारा इंस्पायरिंग पर्सनेलिटी अवार्ड से सम्मानित किया गया।

सम्मानित होने वाले छात्रझछात्राओं में गीतांशु सिकरवार, दिव्यशाली गुप्ता, अपूर्व जैन, अश्मित मित्तल, कीर्ति सिंह, प्रबल चौधरी, खगेंद्र प्रताप सिंह शामिल रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जी बिजनेस के एसएमई एडिटर सौरभ मनचंदा, सीसीएलए महासचिव अजय शर्मा, कन्वीनर बृजेश शर्मा डॉ. एमपीएस ग्रुप के महानिदेशक अक्षय सिंह, निदेशक प्रशासन डॉ. एके गोयल, निदेशक एकेडमिक डॉ. विक्रांत शास्त्री, बी. एस विभागाध्यक्ष राहुल शर्मा, आईटी विभागाध्यक्ष अमरेन्द्र सिंह, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड हिमांशू आर्य आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रबल प्रताप सिंह ने किया। अंत में डॉ विक्रान्त शास्त्री, डायरेक्ट अकेडमिक ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# यूपी चेस स्पोर्ट्स में श्रेयस मिश्रा ने कानपुर के रामानुज मिश्रा को हराया

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**
**रामेश्वर वाराणसी**

जिला शतरंज एसोसिएशन एवम वाराणसी रीजन ओलंपिक एसोसिएशन द्वारा अकेलवा में आयोजित यू पी अंडर 19 ओपेन इंटरनेशनल रेटिंग शतरंज चैंपियनशिप 2024 के तीसरे दिन ओपेन ग्रुप के छठे चक्र में वाराणसी के श्रेयस मिस्रा ने दूसरे नंबर की बोर्ड पर उलटफेर करते हुए अपने से ऊंचे रेटेड खिलाड़ी कानपुर के रामानुज मिश्रा को मात दिया। वही टॉप बोर्ड पर गौतमबुद्ध नगर के हर्षित सिंह ने शाहजहां पुर के आयुष सक्सेना को मात दिया। इस प्रकार हर्षित सिंह और श्रेयस मिश्रा 5.5 अंको से संयुक्त रूप से बढ़त बना ली है। प्रयागराज के मोहम्मद हसनैन व अर्नव अग्रवाल तथा शाहजहांपुर के आयुष सक्सेना 5अंको से संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर चल रहे हैं। वाराणसी के प्रखर त्रिपाठी व माज इकबाल ,आगरा के श्रेयस सिंह व भरत बंसल तथा कानपुर के श्रेष्ठ यादव 4.5 अंको से संयुक्त रूप से

तीसरे स्थान पर चल रहे हैं। वाराणसी के विधि एंजिलिना,केशव सिंघल और हरदेव सहाय तथा प्रयागराज के प्रबल पांडे 4 अंकों के साथ संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर चल रहे हैं। बालिका ग्रुप के पांचवें चक्र की बाजी में टॉप बोर्ड पर वाराणसी की ऐशानी पाठक को कानपुर की तान्या वर्मा ने मात देकर 4.5 अंको से इकलौती बढ़त बना ली है। कानपुर की साक्षी वर्मा ने गोरखपुर की दीपांजलि,वाराणसी की वैष्णवी ने प्रयागराज की संचिता यादव को परास्त किया। इस प्रकार कानपुर की साक्षी वर्मा व वाराणसी की वैष्णवी प्रकाश 4 अंको के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर चल रही हैं। प्रयागराज की अर्चिता अग्रवाल और झांसी की पूर्वी राजपूत 3.5 अंको से तीसरे स्थान पर चल रही हैं। बता दे कि इस प्रतियोगिता में 25 जिलों से चयनित कुल 95 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। साथ ही यहाँ से चयनित खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# मकान पर आकाशीय बिजली गिरने से क्षतिग्रस्त कुछ उपकरण भी जले

**समाज जागरण अयोध्या**

मिल्कीपुर तहसील अंतर्गत रौतावां गांव में एक मकान पर लगभग ढेड़ बजे आकाशीय बिजली गिरने से मकान क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं अंदर रखी गृहस्ती भी जल गई है हादसे में कोई जन हानि नहीं हुई है। जानकारी के मुताबिक आज दिन शनिवार को लगभग ढेड़ बजे रौतावां निवासी राजेश गुप्ता के मकान पर आकाशीय बिजली गिरी। तेज आवाज के साथ बिजली गिरने से मकान क्षतिग्रस्त हो

गया और घर में रखें उपकरण जल गए। जानकारी के बाद घटनास्थल पर ग्रामीणों का जमघट लग गया फिलहाल कोई जन हानि नहीं हुई है।

# लगातार बारिश के बीच गिरी मकान की छत, मलबे में दबकर वृद्धा की मौत

**मुख्यमंत्री के आवास देने के बादे खोखले**

मैनपुरी में लगातार बारिश के बीच मकान की छत भरभराकर गिर गई। उसमें लेटी वृद्धा की मौत हो गई। घटना से घर में चीख पुकार मच गई।

मैनपुरी में शनिवार की सुबह लगातार हो रही बारिश के बीच पुराने मकान की छत भरभराकर गिर गया। हादसे में चारपाई पर लेटी वृद्धा की मलबा के नीचे दबाकर मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना मिलने के बाद सीओ करहल ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

घटना करहल थाना क्षेत्र के गांव नगला मन्नू की है। गांव निवासी लोचन सिंह के पुराने मकान की छत अचानक भरभराकर गिर गया। कमरे में चारपाई के नीचे लेटी उनकी पत्नी संजीवनी देवी (65) मलबा के नीचे दब गई। चीख पुकार सुनकर परिजन और आसपास के लोग मौके पर

पहुंच गए। मलबा को हटा कर संजीवनी देवी को जब तक बाहर निकाला। तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

सूचना मिलने के बाद सीओ करहल संतोष कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक ललित भाटी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। घटनास्थल का निरीक्षण कर मृतका की परिजन से जानकारी ली। वृद्धा की शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हादसे में संजीवनी देवी की मौत हो गई

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आवास के वादे खोखले**

आखिर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के वादे खोखले साबित हुए बताया जा रहा था कि उत्तर प्रदेश में आवास मुख्यमंत्री योजना के अंतर्गत आवास दिए जा रहे थे। लेकिन एक ऐसा भी घर था। जिसमें आज भी कच्चा मकान था। जो बारिश के पानी में ढह गया एक महिला की मौत हो गई इसका जिम्मेदार कौन हुआ। प्रधान या राजस्व विभाग जिन्होंने आवास दिला नहीं पाया।

# लिखित शिकायत के एक माह बाद भी पिनाहट पुलिस ने नहीं की कार्रवाई, पीड़ित ने पुलिस कमिश्नर आगरा व डीसीपी से की लिखित शिकायत

- पिनाहट के युवक ने सेना में भर्ती के नाम पर दो युवाओं से की थी 12 लाख की ठगी

पिनाहट। पिनाहट में सेना में भर्ती के नाम पर फर्जी जॉइनिंग देकर लाखों रुपए की ठगी के मामला में एक वीडियो सामने आया है।जिसमें सेना में भर्ती करने वाले गैंग के सरगना का युवाओं से सेना में भर्ती के नाम पर लाखों रुपए की वसूली करते हुए वीडियो भी वायरल हुआ है। वीडियो वायरल होने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। पीड़ित का आरोप है कि उसने एक माह पूर्व थाना पिनाहट में लिखित शिकायत की थी।लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।जिस पर पीड़ित ने पुलिस कमिश्नर आगरा व डीसीपी पूर्वी को लेकर शिकायत देते हुए कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार थाना राजाखेड़ा के गांव रामरतन की मढेया निवासी अजय कुमार व थाना खैरगढ़ के गांव बरौली निवासी ऋषि कुमार ने 11 मई को थाना पिनाहट में लिखित शिकायत देते हुए थाना पिनाहट पुलिस को बताया कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव गंगाराम पुरा निवासी इंद्रजीत उर्फ भोला पुत्र हाकिम सिंह ने बीएसएफ में भर्ती कराने के नाम पर 10-10 लाख का ठेका ले लिया। अजय और ऋषि ने 3 लाख रुपए नगद रिश्तेदार राजकुमार के माध्यम से इंद्रजीत को दे दिए। शेष रुपए कम होने के अनुसार मिलते रहेंगे। इसके बाद इंद्रजीत ने मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ के नाम की मार्कशीट, आय, जाति, मूल निवास व आधार कार्ड बनवा दिए। और डाक द्वारा 28 अगस्त 2023 की सेना में नियुक्ति का जॉइनिंग लेटर पकड़ा दिया। और पीड़ित युवकों ने अलग-अलग तारीखों में 7 लाख रुपए नगद व 5 लाख रुपए इंद्रजीत के खाते में डाल लिए। 12 लाख रुपए देने के बाद इंद्रजीत ने अपना फोन बंद कर लिया। इंद्रजीत ने जब फोन नहीं उठाया तो उन्हें शक हो गया। पीड़ित ने जब इसकी जांच पड़ताल की तो वह जॉइनिंग लेटर फर्जी निकला। पीड़ित अजय और ऋषि शुक्रवार 10 मई 2024 को अपने पैसे वापस लेने के लिए इंद्रजीत के घर गंगाराम पुरा पहुंचे तो इंद्रजीत और पिता हाकिम सिंह ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पीड़ित ने थाना पिनाहट में लिखित शिकायत देते हुए कार्रवाई की मांग की हैं।आरोप है कि पुलिस ने एक माह पूर्व बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद पीड़ित न्याय की गुहार लगाते हुए पुलिस कमिश्नर आगरा व डीसीपी पूर्वी आगरा के पास पहुंचे। पुलिस कमिश्नर आगरा व डीसीपी पूर्वी को लिखित शिकायत देते हुए सेना में भर्ती के नाम पर लाखों रुपए की ठगी कर युवाओं के जीवन के साथ खिलवाड़ करने वाले गैंग के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की मांग की है।आरोप लगाया है कि इलाका पुलिस सेना में भर्ती कराने के नाम पर ठगी करने वाले गैंग से मिली हुई है।जिसके चलते उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करती है।

**पूर्व में भी कई युवाओं को बना चुका है ठगी का शिकार, सही से जांच होने पर गैंग का होगा भंडाफोड़**

पिनाहट। सेना में युवाओं को भर्ती कराने के नाम पर लाखों रुपए की ठगई करने वाले इंद्रजीत उर्फ भोला का नेटवर्क बहुत बड़ा है। इस गैंग में और कई बड़े लोगों के होने की आशंका है। जिस तरह से इंद्रजीत ने सेना में भर्ती कराने के नाम पर फर्जी नियुक्ति पत्र, फर्जी मार्कशीट, आधार कार्ड,आय,जाति, मूल सहित अन्य फर्जी दस्तावेज तैयार कराए हैं उससे साफ जाहिर होता है कि इस गैंग में बहुत शातिर किस्म के लोग हैं। जिन्होंने उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेशऔर राजस्थान सहित कई राज्यों में अपना नेटवर्क फैला रखा है।और युवाओं को सेना में भर्ती कराने के नाम पर उन्हें ठगई का शिकार बनाते हैं। इंद्रजीत इससे पूर्व भी कई लोगों को सेना में भर्ती कराने के नाम पर ठगई का शिकार बना चुका है।

# अवध विवि से डॉ. अभिनव मिश्र को पीएचडी

**राजेश तिवारी अयोध्या**

शहर के फतेहगंज खीरगली निवासी पत्रकार उग्रसेन मिश्र के पुत्र डॉ. अभिनव मिश्र ने पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर ली है। डॉ. मिश्र ने डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व के तहत 'बौद्ध धर्म के शैक्षणिक एवं नैतिक मूल्यों का महत्व' विषय पर शोध पूरा किया है। डॉ. मिश्र ने शोध कार्य विभागाध्यक्ष प्रो. अजय प्रताप सिंह के मार्गदर्शन और प्रो. राजेश सिंह के निर्देशन में पूरा किया है। इस उपलब्धि पर प्रो. रजवंत राव, पूर्व सांसद डॉ. निर्मल

खत्री, पूर्व मंत्री तेज नारायण पाण्डेय पवन, वरिष्ठ पत्रकार हरिकृष्ण अरोड़ा, वरिष्ठ अधिवक्ता राजकुमार खत्री, राजेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य करुणाकर पांडे, अधिवक्ता पवन तिवारी, डॉ. सुरेंद्र प्रताप यादव, तुषार श्रीवास्तव, अंबुज सिंह (शाखा प्रबंधक एचडीएफसी बैंक), श्रीकांत मिश्र, आलोक शर्मा, शिवांश कीर्ति शेखर पांडेय, अतुल मिश्र, अनूप मिश्रा व अन्य ने बधाई दी है।

# शिक्षा के क्षेत्र में किया गया कोई भी योगदान व्यर्थ नहीं जाता : मुख्यमंत्री

**समाज जागरण**

गोरखपुर, 6 जुलाई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में किया गया कोई भी योगदान व्यर्थ नहीं जाता है। बच्चों की पढ़ाई पर किया जाने वाला खर्च समाज और देश के भविष्य को उज्ज्वल बनाने में अत्यंत उपयोगी होता है क्योंकि शिक्षा व्यक्ति, समाज और देश के सर्वांगीण विकास की आधारशिला है। इसी ध्येय से यूपी के युवाओं को आगे बढने के अवसर प्रदान करने के लिए तमाम अभिनव कार्य हो रहे हैं। सरकार वर्तमान और भावी पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के लिए पूरी ईमानदारी और प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

सीएम योगी शनिवार को सहजनवा के सिसवा अनंतपुर में जयप्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय का लोकार्पण करने के बाद यहां आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर में आज पहले जयप्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय (आश्रम पद्धति) का शुभारंभ हो रहा है। बालकों के लिए इस जिले में आश्रम पद्धति के दो विद्यालय पहले से चल रहे हैं। समाज कल्याण विभाग ने बालिकाओं के लिए भी सर्वोदय विद्यालयों की प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाया है। बालिकाओं की बेहतरीन शिक्षा के लिए सरकार हर ब्लॉक में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों को भी 12वीं कक्षा तक उच्चीकृत कर रही है।

**बड़े पैमाने पर बन रहे सर्वोदय और एकलव्य विद्यालय**

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश में बड़े पैमाने पर आश्रम पद्धति विद्यालय बन रहे हैं। समाज कल्याण विभाग जनजातीय क्षेत्रों में इसी तर्ज पर एकलव्य विद्यालय भी बना रहा है। सरकार ने तय किया है कि हर जिले में सीएम कंपोजिट विद्यालय और अभ्युदय विद्यालय भी तेजी से बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि निर्माण श्रमिकों के बच्चों और निराश्रित बच्चों के लिए हर मंडल में मुफ्त आवसीय व्यवस्था के तहत अटल आवासीय विद्यालय खोले गए हैं जहां बच्चों की 12वीं तक की पढ़ाई के लिए सारी व्यवस्था की गई है।

**12वीं तक की पढ़ाई के बाद अभ्युदय कोचिंग की सुविधा**

सीएम योगी ने कहा कि बच्चों को 12वीं तक की पढ़ाई के बाद मेडिकल, इंजीनियरिंग, यूपीएससी, सेना, बैंक पीओ आदि की तैयारी के लिए अभ्युदय कोचिंग सेंटर भी खोले गए हैं। यहां बेहतरीन फैकल्टी के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं को पास कर अधिकारी बने लोग भी बच्चों का मार्गदर्शन करते हैं। अभ्युदय कोचिंग की सुविधा फिजिकली और वर्चुअली, दोनों तरीके से उपलब्ध हो रही है।

**बालिकाओं को पढ़ाई के साथ खेल और कौशल विकास से भी जोड़ें**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्वोदय बालिका विद्यालय में अलग अलग जगहों से आई बच्चियां प्रतियोगिता से आई हैं। उनमें जज्बा है, आगे बढ़ने की ललक है। ये बच्चियां अपना करियर तो बनाएंगी ही, प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगी।

# नए दौर के अनुरूप चलाने होंगे तकनीकी पाठ्यक्रम : सीएम योगी

**समाज जागरण**

गोरखपुर, 6 जुलाई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज का समय तकनीकी का समय है। समय के अनुरूप ही हमें उन्नत तकनीकी को लेकर आगे बढ़ना होगा। इसके लिए युवाओं को नए दौर के तकनीकी पाठ्यक्रमों (न्यू एज कोर्सेज) की शिक्षा प्रदान करनी होगी ताकि हमारे युवा किसी भी तरह समय से पीछे न हो सकें। सीएम योगी शनिवार को सहजनवा के हरदी में राजकीय पॉलिटेक्निक के आवासीय/अनावसीय भवनों का उद्घाटन करने के बाद यहां आयोजित समारोह में उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इन भवनों के निर्माण पर 21.02 करोड़ रुपये की लागत आई है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि आज कुछ युवा विभिन्न ऑनलाइन फर्जी कंपनियों की लालच में फंसकर अपना धन और समय दोनो बेकार कर देते हैं। आज दुनिया में साइबर सिक्योरिटी भी एक बड़ा मुद्दा बन चुका है। साइबर सिक्योरिटी के लिए भी डिग्री या डिप्लोमा कार्यक्रम चलालाकर प्रशिक्षित युवाओं को तैयार किया जा सकता है।

# दुवासु में नगद बिक्री केंद्र का दिया प्रशिक्षण.......

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट आदित्य प्रताप मथुरा**

मथुरा। आज इफको मथुरा द्वारा नकद बिक्री केंद्र प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र दुवासु वेटनरी कॉलेज मथुरा में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमहाप्रबंधक यतेंद्र कुमार तेवतिया थे। उप क्षेत्र प्रबंधक सतवीर सिंह द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया।

उपमहाप्रबंधक यतेंद्र कुमार ने भविष्य के उर्वरक जल विलय उर्वरक,जैव उर्वरक, बायोडिकम्पोजर एवम नैनो उर्वरक का किसान एवम बिक्री केंद्रों को आर्थिक लाभ बताते हुए प्रोत्साहन किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष योगेश कुमार शर्मा ने उपस्थित सभी विक्रेताओं को नैनो उर्वरकों के प्रयोग पर अपने विचार प्रस्तुत किया और विक्रेता बंधुओं को नैनो के प्रयोग के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में एस.के सिंह ने उपस्थित सभी विक्रेताओं को नैनो उर्वरकों के प्रयोग करने की विधि एवं लाभ पर अपने विचार प्रस्तुत किया। इफको- एमसी मनीष यादव ने कीटनाशक दवाओं का अधिक से अधिक प्रयोग करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में लगभग 90 विक्रेताओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में बी.एस भदोरिया,डॉ ब्रजमोहन जी,सुरजीत यादव,एवं कुलदीप चतुर्वेदी एक्वा एग्री प्रतिनिधि की उपस्थिति प्रार्थनीये रही।

# महावन समाधान दिवस में दर्ज हुई 89 शिकायतें , एस डी एम ने दिये निर्देश.......

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट आदित्य प्रताप मथुरा**

मथुरा। महावन तहसील में एसडीएम राजकुमार भास्कर की मौजूदगी में समाधान दिवस लगाया गया। जिसमें 89 शिकायत मिली जिसमें 11 शिकायतों का निस्तारण मौके पर कर दिया गया। महावन तहसील में अधिकांश शिकायत जलभराव को लेकर लोग समाधान दिवस में पहुंचे। विकास खंड राया के गांव नगला तेजा एवं गढ़ी रूपा से ग्रामीण पहुंचे उन्होंने बताया कि गांव में जलभराव की दिक्कत बनी हुई है। पानी का निकास नहीं होने से गलियों में पानी भरा हुआ है। जिससे लोगों को आवागमन में दिक्कत हो रही है। साथ राजस्व विभाग की शिकायतें मिली जिसमें एस-डीएम ने मौके पर निस्तारण भी कर दिया।

एसडीएम राजकुमार भास्कर ने बताया शिकायत संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह के अंदर सभी शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस मौके सीओ भूषण वर्मा,नायब तहसीलदार साविका शर्मा,लेखपाल राजेश यादव,कानूनगो चंद्रमोहन, मीणा,लेखपाल मोहन स्वरूप उपाध्याय,व समस्त विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# श्री श्याम सेवादार परिवार और ब्रजवासी सेवा समिति द्वारा हाथरस और टंकी कांड मै मारे गए लोगों की आत्माशांति के लिए बाबा श्याम से की प्रार्थना.......

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट आदित्य प्रताप मथुरा**

मथुरा में ब्रजवासी सेवा समिति रजिस्टर्ड एवं श्री श्याम सेवादार परिवार ट्रस्ट रजिस्टर्ड के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। खाटू श्याम का संकीर्तन




जिसमें विभिन्न जगहों से भजन गायकों को बुलाया गया। जिसमें प्रमुख रूप से सोनी सिस्टर दिल्ली से शालू दीवाना आगरा से किशोरी अंजलि साध्वी वृंदावन से विजय मेहरा म्यूजिकल ग्रुप अंबाला से बुलाई गई। जिसके संस्थापक शशि भानु गर्ग ने बताया कि हाथरस मै हुई बड़ी जन हानी और मथुरा मै पानी की टंकी कांड मै मारे गए लोगों की आत्मशांति के लिये खंडेलवाल सेवा सदन में बड़ी भव्यता के साथ किया गया। खाटू श्याम संकीर्तन वैसे तो मथुरा जनपद में हर अमावस्या पर खाटू श्याम सेवादार परिवार आयोजन करता रहता है। इस बार भी भव्यता के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्री खाटू श्याम का संकीर्तन जिसमें मंच संचालक आशु शर्मा ने कुशल मंच संचालन किया और ब्रजवासी सेवा समिति के सभी पदाधिकारियो ने इसमें अपना सहयोग दिया और इस कार्यक्रम को भव्यता से सफल बनाया। इसमें मुख्य रूप से शशि भानु गर्ग पराग गुप्ता अध्यक्ष मनोज अग्रवाल उपाध्यक्ष अनूप अग्रवाल उपाध्यक्ष सोनल अग्रवाल मंत्री गगन बंसल उप मंत्री गोपाल कृष्ण अग्रवाल कोषाध्यक्ष प्रचार मंत्री आशीष गर्ग एवं आए व्यय निरीक्षक मुकेश अग्रवाल मुख्य रूप से रहे उपस्थित हुए।

# श्रीमहान्त अच्युतानंद दास महाराज का 17 वां त्रिदिवसीय वार्षिक तिरोभाव महोत्सव 8 जुलाई से.......

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट आदित्य प्रताप मथुरा**

मथुरा। वृन्दावन पत्थरपुरा क्षेत्र स्थित श्रीगोपालजी मन्दिर (श्रीमाध्वगौड़ेश्वर आश्रम) में अनन्त श्रीविभूषित श्रीमहान्त अच्युतानंद दास महाराज का 18 वां त्रिदिवसीय वार्षिक तिरोभाव महोत्सव 08 से 10 जुलाई 2024 पर्यंत अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ आयोजित किया जा रहा है। महोत्सव के मीडिया प्रभारी डॉ.गोपाल चतुर्वेदी ने बताया है कि महामंडलेश्वर सच्चिदानंद शास्त्री महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित होने वाले इस महोत्सव का शुभारम्भ 08 जुलाई को पूज्य महाराजश्री के चित्रपट के समक्ष वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य दीप प्रज्ज्वलन के साथ होगा। तत्पश्चात शुभाधिवास मंगलघट स्थापना की जाएगी। 09 जुलाई को अखंड हरिनाम संकीर्तन प्रारम्भ होगा। इसके अलावा ठाकुरजी का भव्य फूल-बंगला सजाया जाएगा। इसके अलावा अपराह्न 4 बजे से संत-विद्वत सम्मेलन आयोजित होगा जिसमें कई प्रख्यात संत भाग लेंगे। 10 जुलाई को प्रातः 8 बजे संतों व भक्तों-श्रद्धालुओं के द्वारा बाबा महाराज की समाधि स्थल का पूजन किया जाएगा। तदोपरांत 12 बजे से संत, ब्राह्मण,ब्रजवासी सेवा एवं वृहद भंडारा आदि के कार्यक्रम होंगे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुखर्जी के जन्मदिवस पर उनको किया याद.......

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट आदित्य प्रताप मथुरा**

मथुरा। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पुष्पांजलि उपवन में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्मदिन दिवस पर पुष्पांजलि एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का शुभारंभ प्रदेश के मंत्री अर्चना मिश्रा राजकुमार अग्रवाल,जिला अध्यक्ष निर्भय पांडे द्वारा मुखर्जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। गोष्ठी में प्रदेश की मंत्री अर्चना मिश्रा ने डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि 06 जुलाई तिथि को भारतवर्ष का प्रत्येक नागरिक आजादी के बाद देश की एकता एवम अखंडता देश की राजनीति व सामाजिक कार्य शैली के शुभचिंतक प्रथम सर्वोच्च बलिदानी योद्धा भारतीय जनसंघ के संस्थापक परम पूज्य श्रद्धेय डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्र की एकता एवम अखंड भारत की परिकल्पना को चरितार्थ करने के लिए सदैव याद किया जाएगा। भाजपा नेता राजकुमार अग्रवाल ने बताया डॉक्टर साहब ने एक निशान एक विधान और एक प्रधान का भी अपना मत रखा था। वहीं उन्होंने कहा ग्लोबल वॉर्मिंग जैसी चुनौतियों से बचने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने एक पेड़ मां के नाम लगाने का आह्वान किया है। हर व्यक्ति वृक्षारोपण महाभियान का हिस्सा बनकर 20 न जुलाई को अपनी मां के नाम पर एक पेड़ अवश्य लगाएं। गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष निर्भय पांडे ने कहा श्याम प्रसाद मुखर्जी एक महान शिक्षक महान विचारक एवं दूरदर्शिता के साथ साथ महान राष्ट्र भक्त थे। वहीं मीडिया प्रभारी श्याम चतुर्वेदी ने बताया सभी कार्यकर्ताओं को वृक्षारोपण करना है अपनी मां के साथ एक पौधा लगाते समय का फोटो खींच सरल एप व सोशल मीडिया पर डालना है। गोष्ठी का संचालन जिला महामंत्री दिवस पाठक ने किया। इस अवसर पर सत्यपाल चौधरी, अनिल चौधरी,सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा,कोसी नगर पालिका अध्यक्ष धर्मवीर अग्रवाल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मुदिता शर्मा, मनीषा पाराशर, संजय,तरुण सैनी, नरेंद्र गौतम अजय परखम श्याम शर्मा विजय शर्मा पंकज चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

# ऑनलाइन गेम में हार गया पैसे वसूलने को अपहरण करके की लूट.......

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट आदित्य प्रताप मथुरा**

मथुरा। थाना वृंदावन में हार जीत के लेनदेन के विवाद में युवक का अपहरण कर लिया। बंधक बनाकर उसके साथ लूट की। मामले में पुलिस ने पांच अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से मोबाइल फोन,अपराध में शामिल दो गाड़ियां और लूटी गई नकदी बरामद की है। बृहस्पतिवार देर रात पुलिस को मध्य-प्रदेश से आए एक मोबाइल कॉल से सिद्धार्थ पांडेय के अपहरण होने की सूचना मिली। पुलिस ने मोबाइल कॉल को गंभीरता से लेते हुए अपना ऑपरेशन शुरू किया। एसपी सिटी डॉक्टर अरविंद कुमार ने बताया कि साक्षी पांडेय ने फोन पर बताया कि उसके भाई सिद्धार्थ को कुछ लोग अपहरण करके ले गए हैं। उसे जान से मारने की धमकी देकर परिजनों से सात लाख रुपये की मांग कर रहे हैं। साक्षी के अनुसार उसके भाई के फोन की लोकेशन उसके पास है। इस पर पुलिस टीम ने सर्विलांस की मदद से लोकेशन ट्रेस करनी शुरू कर दी,जो कि पानीगांव स्थित सुखधाम रिसॉर्ट की मिली। पुलिस टीम ने तुरंत रिसॉर्ट में छापा मारकर कमरे में मौजूद पांच लोगों को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में बंधक बनाकर रखे गए सिद्धार्थ ने बताया कि इन आरोपियों ने उसे और उसके दोस्त अमित को धोखे से बुलाकर अपनी गिरफ्त में ले लिया। उसके फोन से घर पर मैसेज करके पैसों की मांग की। इतना ही नहीं उनके पास रखे करीब 28 हजार रुपये भी लूट लिए।

एसपी सिटी ने बताया कि मुख्य आरोपी मुकुंद और सिद्धार्थ मोबाइल पर गेम खेलते थे। सिद्धार्थ ने मुकुंद से सात लाख रुपये उधार लिए थे। इसी बात को लेकर मुकुंद ने अपने साथी दिगंबर,रामगोपाल,संतोष और महेंद्र सिंह के साथ इस घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो गाड़ियां और मोबाइल फोन के साथ लूटे गए रुपये भी बरामद कर लिए हैं।

# मथुरा मैं टंकी कांड पर सहानुभूति दिखाने की जगह सपा के प्रतिनिधि मंडल के बिगड़े बोल.......

*- यूपी लोकसभा चुनावों में जीतने पर सपा को हुआ अहंकार*
*- प्रतिनिधिमंडल ने छिड़का पीड़ितो के जले पर नमक*
*- लोगों के भारी विरोध से पीड़ितों के बीच से भागना पड़ा,लोगों ने लगाए सपा मुर्दाबाद के नारे*



**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट आदित्य प्रताप मथुरा**

मथुरा। उत्तर प्रदेश के मथुरा में समाजवादी पार्टी के स्थानीय नेता के बिगड़े बोल ने समाजवादी पार्टी प्रतिनिधिमंडल की फजीहत करा दी। पीड़ित परिवारों को सांत्वना देने पहुंचे सपा नेताओं को लोगों में फैले आक्रोश के चलते उल्टे कदम वापस लौटना पड़ गया। सपा नेता के बोल सुनकर गुस्साए लोगों ने प्रतिनिधिमंडल के सामने ही समाजवादी पार्टी मुर्दाबाद के नारे लगा दिए। कृष्ण बिहार कॉलोनी में छह करोड़ से बनी पानी की टंकी धराशाई हो गई। पीड़ित परिवारों से मिलने समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल शनिवार दोपहर पहुंचा। सांसद नरेश उत्तम पटेल पीड़ित परिवारों से बात कर रहे थे। उनकी पीड़ा सुन रहे थे। इसी बीच स्थानीय सपा नेता जोगेश्वर यादव के बिगड़े बोल ने समाजवादी पार्टी के बयान ने आक्रोश पैदा कर दिया। सपा नेता के बिगड़े बोल सुनकर स्थानीय लोगों और पत्रकारों में आक्रोश फैल गया। देखते ही देखते हालात इतने बिगड़े की समाजवादी पार्टी प्रतिनिधिमंडल को उल्टे पांव वापस लौटना पड़ गया। दरअसल जिस वक्त समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल परिवारों से बातचीत कर रहा था,उस दौरान समाजवादी पार्टी के नेता जोगेश्वर यादव पत्रकारों के बीच पहुंचे। जागेश्वर,महिला पत्रकार से बोले कि पत्रकारों के घर सबसे पहले टूटने चाहिए। स्थानीय पत्रकारों ने इस बात पर आपत्ति जताई। समाजवादी पार्टी के नेता जागेश्वर यादव तैश में आ गए। कहा कि जो करना हो कर लो। मैं तो मीडिया के लिए ऐसे ही बोलूंगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष भी मेरा कुछ नहीं कर सकते। मैं किसी से नहीं डरता। सपा नेता के बिगड़े बोल देखकर स्थानीय लोगों में भी आक्रोश फैल गया। लोगों ने मौके पर ही समाजवादी पार्टी मुर्दाबाद के नारे लगाने शुरू कर दिए। मामला बिगड़ता देख समाजवादी पार्टी प्रतिनिधिमंडल को उल्टे पांव मौके से वापस लौटना पड़ा। सपा नेता जागेश्वर यादव का यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

# पीपीपी मॉडल से आसान होगी वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी की राह

**दैनिक समाज जागरण**

लखनऊ, 6 जुलाई। देश की इकॉनमी का ग्रोथ इंजन बनने के लिए उत्तर प्रदेश अपने लक्ष्य की ओर निरंतर बढ़ रहा है। योगी सरकार ने 2027-28 तक प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी वाला राज्य बनाने का संकल्प लिया है और इस संकल्प को पूरा करने में पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल सबसे महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने जा रहा है। इसके तहत, प्रदेश की इकॉनमी को बूस्ट करने के लिए प्रदेश सरकार कई सेक्टर्स में पीपीपी मॉडल को प्रमोट कर रही है। इनमें 4 कोर सेक्टर्स के साथ-साथ वो सेक्टर्स भी शामिल हैं, जिनमें पीपीपी मॉडल को एक्सेप्ट करने और आगे बढ़ाने की क्षमता है। इसके माध्यम से प्रदेश सरकार ने 2023-24 से 2027-28 तक 105 लाख करोड़ से 120 लाख करोड़ रुपए तक के निवेश का लक्ष्य निर्धारित किया है।

**सक्षम सेक्टर्स में इनवेस्टमेंट पर फोकस**

2022-23 में उत्तर प्रदेश की इकॉनमी 279 बिलियन डॉलर थी, जिसे सीएम योगी ने अगले 5 वर्ष में एक ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी तक पहुंचाने का संकल्प लिया है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रदेश सरकार त्वरित और समावेशी विकास पर जोर दे रही है। इकॉनमी को रफ्तार देने के लिए सेक्टोरल इंटरवेंशंस के साथ-साथ ग्रोथ को सपोर्ट करने के लिए सक्षम सेक्टर्स को भी प्रमोट किया जा रहा है। कोर सेक्टर्स में जहां एग्रीकल्चर, मैन्युफैक्चरिंग, टूरिज्म और आईटी एवं आईटीईएस शामिल हैं तो वहीं, सक्षम सेक्टर्स में एजुकेशन एंड स्किलिंग, एनर्जी, हेल्थ, इंफ्रास्ट्रक्चर और अर्बन डेवलपमेंट को रखा गया है। सरकार को उम्मीद है कि इस सेक्टर में निवेश के साथ ही ग्रोथ की भी काफी संभावनाएं हैं। इन सेक्टर्स में पीपीपी मॉडल प्राइवेट इनवेस्टमेंट को आकर्षित करने का महत्वपूर्ण माध्यम बन सकता है।

**सरकार बना सकती है पीपीपी सेल**

2027-28 तक प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी के लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए ओवरआल 1.3-1.5 ट्रिलियन डॉलर यानी 105 से 120 लाख करोड़ रुपए के इनवेस्टमेंट की आवश्यकता है। इसमें पब्लिक इनवेस्टमेंट का शेयर 12 से 16 लाख करोड़ के बीच रह सकता है, जबकि प्राइवेट इनवेस्टमेंट 93 से 108 लाख करोड़ रुपए हो सकता है। यदि सेक्टरवाइज पीपीपी प्रोजेक्ट्स की बात करें तो विभिन्न सेक्टर्स में करीब 2 लाख करोड़ रुपए के पीपीपी प्रोजेक्ट्स कंप्लीट हो चुके हैं या चल रहे हैं, या फिर शुरू होने हैं। इन कार्यों को और गति देने के लिए पीपीपी फ्रेमवर्क के तहत पीपीपी सेल की स्थापना करने पर सरकार ध्यान दे रही है। कई राज्यों ने अपने यहां पीपीपी सेल की स्थापना की है, जिसमें पड़ोसी राज्य उत्तराखंड भी शामिल है। यह सेल इंस्टीट्यूशनल मैकेनिज्म की कमी को पूरा करने के साथ-साथ पब्लिक और प्राइवेट सेक्टर्स को इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स डेवलप करने को कोलाबरेशन के लिए प्रोत्साहित करती है। साथ ही ट्रांसपोर्ट, एनर्जी, हेल्थकेयर, एजुकेशन और टूरिज्म जैसे सेक्टर्स में प्राइवेट इनवेस्टमेंट को आकर्षित करने में योगदान देती है। यही नहीं, इसके माध्यम से रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होते हैं,

# जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सदर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जन शिकायतें सुनी.......

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट आदित्य प्रताप मथुरा**

मथुरा। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय ने सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील सदर में फरियादियों की शिकायतें सुनी और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता के साथ निस्तारण करायें और शिकायतकर्ता से फीडबैक प्राप्त करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि अधिकारीगण सम्बंधित शिकायतकर्ता के साथ मौके पर जाकर पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें। कोई भी गरीब व्यक्ति किसी कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहने पाए। समस्त अधिकारी विकास कार्यों में तेजी लाए। जन शिकायतों को सुने,विनम्रता के साथ सभी से व्यवहार करे तथा अपने कार्यों को समयम व गुणवत्ता के साथ पूर्ण करे। तहसील सदर के सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय,मुख्य चिकित्सा अधिकारी अजय वर्मा,डीएफओ रजनीकांत मित्तल, उप जिलाधिकारी वैभव गुप्ता,सी.ओ.प्रवीण मालिक, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियन्ता अजय कुमार सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण मौजूद रहे। गोवर्धन तहसील दिवस में 25 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें 4 का मौके पर निस्तारण किया गया। छाता तहसील दिवस में 116 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें 2 का मौके पर निस्तारण किया गया। सदर तहसील दिवस में 47 शिकायतें प्राप्त हुई,जिसमें 2 का मौके पर निस्तारण किया गया। महावन तहसील दिवस में 89 शिकायतें प्राप्त हुई,जिसमें 11 का मौके पर निस्तारण किया गया। मांट तहसील दिवस में 29 शिकायतें प्राप्त हुई।

# जिले के मैन्युअल स्कैवेंजरों का सर्वे आठ जुलाई से.......

**- हाथ से मैला ढोने वाले, सेप्टिक टैंक की मैनुअल सफाई करने वाले होंगे चिह्नित**
**- टीमों का किया गठन,सर्वे की सूचना संबंधित निकायों व पंचायतों को दे**
**- ग्रामीण क्षेत्रों की जिम्मेदारी प्रधान, सचिव व पंचायत सहायक पर: किरन चौधरी**
**- डीपीआरओ ने पंचायतों को भेजे निर्देश**

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट आदित्य प्रताप मथुरा**

मथुरा। उच्चतम न्यायालय के आदेश 23 अक्टूबर 2023 के अनुपालन प्रदेश में मैन्युअल स्कैवेंजर एवं अस्वच्छ शौचालय का सर्वेक्षण किया जाएगा। यह सर्वे डीएम के निर्देशन में 8 जुलाई से पूरे जनपद की सभी नगर निकायों,ग्रामीण क्षेत्र,नगर निगम क्षेत्र में प्रारंभ होगा। डीपीआरओ ने बताया कि सर्वेक्षण के दौरान ऐसे सभी लोग जो की शुष्क शौचालय में या फिर मैन्युअल स्कैवेंजर्स के रूप में कार्य कर रहे हैं वह सेल्फ डिक्लेरेशन फॉर्म के माध्यम से भी अपना आवेदन संबंधित निकायों व पंचायतों में जमा कर सकते हैं या फिर सर्वेक्षण टीम के माध्यम से भी अपनी सूचना संबंधित नगर निकायों व ग्राम पंचायतों को उपलब्ध करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि डीएम के निर्देशानुसार सभी ग्राम पंचायत में नगर निकायों एवं नगर निगम के क्षेत्र में सर्वेक्षण टीम का गठन किया जा चुका है। ये टीमें 8 जुलाई से अपना कार्य प्रारंभ कर देंगी। जिसके तहत हाथ से मैला ढोने वाले, सेप्टिक टैंक की मैनुअल सफाई करने वाले लोगों को चिन्हित किया जाएगा। उनको नगर निकायों व पंचायतों से जोड़ा जाएगा। डीपीआरओ किरण चौधरी ने बताया कि सभी ग्राम प्रधान,सचिव,पंचायत सहायक, ग्रामीण क्षेत्र में ऐसे मैन्युअल स्कैवेंजर को चिन्हित करें और उनकी सूची बनाकर विकास खंड पर संकलित किया जाएगा। ताकि मैन्युअल स्कैवेंजर को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके।

# समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधि मण्डल ने मथुरा में किया पत्रकारों का अपमान.......

## राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद ने जताया भारी विरोध

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट आदित्य प्रताप मथुरा**

मथुरा जनपद में बीते दिनों कृष्णा विहार कॉलोनी में गिरी पानी की टंकी हादसे की घटना के बारे में जानकारी लेने आए समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधि मंडल में शामिल मथुरा के समाजवादी पार्टी नेता जोगेश्वर यादव ने लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया पर आपत्ति जनक टिप्पणी कर डाली। जिस पर मथुरा जनपद की मौके पर मौजूद मीडिया कर्मियों ने भारी विरोध किया। इस बात की जानकारी होने पर राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद मथुरा संरक्षक दिनेश पंकज और राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के मंडल उपाध्यक्ष गोपाल चतुर्वेदी मथुरा जिला अध्यक्ष भानु प्रकाश शर्मा द्वारा समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधि मंडल की भारी आलोचना करते हुए कहा अयोध्या सीट जीतने के बाद समाजवादी पार्टी का जो घमंड सर चढ़ कर बोल रहा है,वह समाजवादी पार्टी को गर्त में ले जायेगा। पत्रकारों ने बड़ी बड़ी पार्टियों के घमंड को उतार दिया। राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद मथुरा जनपद में सभी पत्रकारों को एक जुट कर समाजवादी पार्टी के खिलाफ आवाज बुलंद करेगी और जब तक समाजवादी पार्टी प्रदेश अध्यक्ष इस मामले मे पत्रकारों से माफी नहीं मागते तब तक विरोध जारी रहेगा। राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के जिला उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह,और युवा पत्रकार प्रतीक चतुर्वेदी ने कहा प्रदेश अध्यक्ष को माफी के अलावा समाजवादी पार्टी को ऐसे बड़बोले नेता को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाना होगा। राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद आगरा मंडल उपाध्यक्ष गोपाल चतुर्वेदी ने कहा अगर समाजवादी पार्टी जल्द से जल्द पत्रकारों पर दिए गए वक्तव्य पर माफी नहीं मांगती तो पूरे उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के नेताओं का विरोध किया जाएगा इसके लिए सभी पत्रकार संगठनों से वार्ता कर आगे की रूपरेखा तैयार की जाएगी। आज की घटना पर मथुरा के वरिष्ठ पत्रकारों मे भारी विरोध दर्ज कराया गया मथुरा के वरिष्ठ पत्रकार दिनेश आचार्य, वरिष्ठ पत्रकार निरंजन धुरंधर,वरिष्ठ पत्रकार गिरधारी लाल, वरिष्ठ पत्रकार चौधरी मंत्र वीर सिंह,वरिष्ठ पत्रकार बी पी एस खुराना, पत्रकार मुकेश गुप्ता, पत्रकार राजीव श्रीवास्तव,पत्रकार यज्ञदत्त चतुर्वेदी,पत्रकार रवि कांत,पत्रकार, निर्भय यादव,पत्रकार नंद किशोर शर्मा, पत्रकार ठाकुर तेज सिंह,पत्रकार प्रवीण कुमार मिश्रा, सहित तमाम पत्रकारों ने अपना विरोध दर्ज कराया।

# श्रीजगन्नाथ मंदिर मे चल रही सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा.......

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट आदित्य प्रताप मथुरा**

मथुरा। वृन्दावन जगन्नाथ घाट स्थित श्रीजगन्नाथ मंदिर में चल रही सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन व्यासपीठ से आचार्य पीठाधीश्वर स्वामी यदुनन्दनाचार्य महाराज ने अपनी सुमधुर वाणी में सभी भक्तों-श्रद्धालुओं को सुदामा चरित्र,भगवान के बैकुंठ गमन एवं परीक्षित मोक्ष की कथा श्रवण कराई।

आचार्य पीठाधीश्वर स्वामी यदुनन्दनाचार्य महाराज ने कहा कि महर्षि वेदव्यास महाराज द्वारा रचित श्रीमद्भागवत महापुराण कोई साधारण ग्रन्थ नहीं है, बल्कि स्वयं अखिल कोटि ब्रह्माण्ड नायक परब्रह्म परमेश्वर भगवान श्रीकृष्ण का वाङ्मय स्वरूप है इसका आश्रय लेने वाले व्यक्ति के तीनों तापों का नाश हो जाता है। साथ ही उसे प्रभु की दुर्लभ भक्ति प्राप्त होती है। श्रीजगन्नाथ पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञान प्रकाश पुरी महाराज ने कहा कि गोलोकवासी महामंडलेश्वर स्वामी ईश्वरपुरी महाराज द्वारा संस्थापित श्रीजगन्नाथ मंदिर में श्रीमद्भागवत का अति प्राचीन एवं प्रसिद्ध स्थल है। यहां प्रतिवर्ष श्रीजगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ मनाया जाता है। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.गोपाल चतुर्वेदी एवं जगन्नाथ मंदिर के युवराज नील माधव शर्मा ने कहा कि प्राचीन भारतीय वैदिक सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए ऐसे उत्सव मनाए जाने चाहिए,इसी से सनातन संस्कृति पल्लवित व पोषित होती है। इससे पूर्व भव्य फूलों की होली खेली गई। जिसमें लुधियाना, पंजाब से आए सैकड़ों भक्तों-श्रद्धालुओं ने संगीत की मृदुल स्वर लहरियों के मध्य होली के भजनों पर जमकर नृत्य किया। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.गोपाल चतुर्वेदी, आचार्य पीठ के युवराज वेदान्त आचार्य, स्वामी श्रीरामसुदर्शनाचार्य महाराज, कन्हैया लाल बृजवासी, डॉ.राधाकांत शर्मा, अशोक,वैष्णव आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञान प्रकाश पुरी महाराज ने बताया कि 7 जुलाई को अपराह्न 4 बजे से श्रीजगन्नाथ मंदिर से जगन्नाथ भगवान की रथ यात्रा समूचे नगर में गाजे-बाजे के मध्य अत्यंत श्रद्धा और धूमधाम से निकाली जाएगी। साथ ही ठाकुरजी का भव्य फूल बंगला सजाया जाएगा। इसके अलावा उनको 56 भोग भी निवेदित किए जायेंगे। 8 जुलाई को संत, ब्रजवासी,वैष्णव सेवा एवं वृहद भंडारा आदि के आयोजन संपन्न होंगे।

# भगवान बुद्ध की तपस्थली सारनाथ में जल्द नए कलेवर में दिखाई-सुनाई देगा लाइट एंड साउंड शो

**दैनिक समाज जागरण**

वाराणसी, 6 जुलाई: सारनाथ भगवान बुद्ध की तपस्थली सारनाथ में लाइट एंड साउंड शो अब नए कलेवर में दिखाई और सुनाई देगा। एनालॉग डिजिटल सराउंडिंग सिस्टम और एडवांस्ड लेजर तकनीक से शो दिखाया जाएगा। भगवान बुद्ध के सारे प्रसंग को समेटे हुए लाइट एंड शो का संचालन पहले से उच्च तकनीक से करने की तैयारी चल रही है। दो भाषा में संचालित होने वाले लाइट एंड साउंड शो में भविष्य में तीसरी भाषा पाली को भी जोड़ा जाना प्रस्तावित है। देव दीपावली के पहले पर्यटकों के लिए लाइट एंड साउंड शो शुरू करने का प्रयास पर्यटन विभाग की तरफ से किया जा रहा है।

**हिंदी व अंग्रेजी भाषा में चलेगा शो, जल्द ही पाली भी जोड़ने की योजना**

सारनाथ में अब भगवान बुद्ध की जीवनी और उनसे जुड़ा प्रसंग थ्री-डी इफेक्ट में दिखाई देगा। उपनिदेशक पर्यटन आरके रावत ने बताया कि लाइट एंड शो के पुराने स्क्रिप्ट को और विस्तृत किया जा रहा है। इसमें भगवान बुद्ध की संपूर्ण जीवनी रहेगी। लाइट एंड साउंड शो की अवधि लगभग 35 से 40 मिनट की होगी। अभी ये शो हिंदी और इंग्लिश भाषा में चलेगा, लेकिन भविष्य में इसमें पाली भाषा जोड़ने की योजना है।

# कानपुर में डीसीपी विजय ढुल ,मतलब ऑल इज वेल पश्चिमी सर्किल

- सभी घटनाओं के सटीक खुलासे के साथ ही पश्चिमी सर्किल में लगातार जारी अपराधियों की गिरफ्तारी का सिलसिला

- कानून और शांति व्यवस्था के मद्देनजर डीसीपी विजय ढुल ने पश्चिमी सर्कल में किया चौकी प्रभारियों में फेरबदल ,10 दरोगा हुए प्रभावित

**दैनिक समाज जागरण**
**सुनील बाजपेई**

कानपुर। यहां जनहित के मद्दे नजर कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के मामले में पश्चिमी सर्किल भी अव्वल चल रहा है। इस बीच अपराधियों पर पहले से और भी ज्यादा शिकंजा करने के साथ ही कानून और शांति व्यवस्था को और ज्यादा प्रभावी बनाने के लिए, पश्चिमी सर्किल के 10 दरोगाओं के कार्यक्षेत्र में भी बदलाव किया गया है , जिसमें विश्वविद्यालय, पनकी रोड, नवशील धाम, एमआईजी, चकरपुर, सीढ़ी इटारा और बिनौर चौकी प्रभावित हुई है। कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही को और प्रभावी बनाने के लिए ,जिस पश्चिमी सर्किल में चौकी प्रभारियों में फेर



बदल किया गया है। उस पश्चिमी पुलिस की कमान आजकल अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई और पीड़ितों की तत्काल सहायता के लिए भी चर्चित देश प्रदेश के कर्तव्यनिष्ठ और इमानदार आईपीएस अधिकारियों में से एक तेजतर्रार, व्यवहार कुशल, कठोर परिश्रमी जुझारू आईपीएस विजय ढुल के हाथ में है। उनकी कर्तव्य के प्रति प्रगाढ़ निष्ठा पीड़ितों की हर संभव सहायता के साथ ही नौकरी के अब तक के कार्यकाल में अनेक शातिरों सबक सिखाने में भी सफल हो चुकी है। पश्चिमी सर्किल में हुई अब तक की लगभग छोटी बड़ी सभी घटनाओं का सटीक खुलासा करवाने में पूर्ण रूप से सफल रहने वाले निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली के आई पी एस विजय ढुल कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ और पीड़ितों के हित में अपने कर्तव्य का पालन सदैव निष्ठा और ईमानदारी के साथ ही करते हैं। विभागीय सूत्रों के मुताबिक यही नहीं यूपी की पुलिस सेवा में आने के बाद उनके अब तक के कार्यकाल के विवेचन से यह भी साबित होता है कि हालात चाहे जैसे रहे हों लेकिन निर्दोष फंसे नहीं और अपराधी बचे नहीं जैसी लोकहित की प्रबल विचारधारा वाले सरल और शालीन स्वभाव के भगवान और भाग्य यानी कर्म भरोसे रहने वाले लोकहित में अपनी धुन के पक्के जुझारू आई पी एस विजय ढुल ने अपनी कर्तव्य के प्रति निष्ठा के साथ समझौता आज तक नहीं किया। फिलहाल उनकी नेतृत्व कुशलता जहां आम जनता में भारी राहत का कारण बनी हुई है। वहीं अपराधी अराजक तत्वों में जबरदस्त भय भी है ,क्योंकि उन्हें या तो जेल जाना पड़ रहा है, या फिर क्षेत्र छोड़ना पड़ रहा है।

# बंद पड़े मकान को चोरो ने खंगाला,

इलेक्ट्रॉनिक उपकरण समेत कीमती बर्तन व अन्य सामान चोरी कर हुए फरार,

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ आशियाना थाना क्षेत्र में घुमंतू बेखौफ चोरों ने लम्बे समय से बंद पड़े मकान की ग्रिल तोड़ कर घर के अंदर घुस कर पूरा मकान खंगाल डाला और कीमती घरेलू सामान व इलेक्ट्रॉनिक उपकरण चोरी कर फरार हो गए । घर लौटे मकान मालिक को घर में हुई चोरी की जानकारी होने पर स्थानीय थाने में जाकर लिखित शिकायत दी । पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस चोरों की तलाश में जुटी है । दुबई में अपने परिवार संग रहने वाले प्रवेंद्र कुमार सिंह का आशियाना थाना क्षेत्र के सेक्टर - एच स्थित मकान संख्या - बी 2/25 लगभग डेढ़ वर्ष से बंद पड़ा है । शुक्रवार जब वह आशियाना स्थित अपने मकान पहुंचे तो खिड़की के ग्रिल, आलमारी के ताले टूटे हुए थे । आलमारी में रखी बैंक लॉकर की चाभी, महत्वपूर्ण कागजात, मेनहोल के ढक्कन, पानी की मोटर, इनवर्टर मय बैटरी, एसी स्टेबलाइजर, महंगी बाथरुम फिटिंग्स समेत बर्तन आदि चोरी हो गए थे । यहां तक कि गेट के बाहर लगी रेलिंग को भी चोरों ने उखाडने का प्रयास किया था । मामले की जानकारी होने पर पीड़ित ने घटना लिखित शिकायत स्थानीय आशियाना थाने में दी । पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस चोरों की तलाश में जुटी है ।

# वायरल झूठ: एक साल से प्रेम प्रसंग, शादी से किया इन्कार कर दी हत्या या आत्महत्या

रीना की सुसाइड मिस्ट्री नौकरी, पारिवारिक विवाद और भू-माफिया के खेल के इर्द-गिर्द

मौत के 72 घंटे बाद मां की लिखित शिकायत, बेबुनियाद आरोप गहन जांच में सच्चाई आएगी सामने......

**दैनिक समाज जागरण**

करो फर्ज की पुलिस का सारा का सारा तंत्र भूमाफिया, ड्रग्स माफिया, शराब माफिया के इशारे में ही काम करता हो और अब जिले में साहूकार भी चोर और चोर भी साहूकार या नेता कहा जा रहा है, और यह सब तब चल रहा है जब उसे तथाकथिते माफिया के एक पैर हवालात में और एक जमानत और जीवन कोर्ट कचहरी करते करते बीत रहा हो, कहते है एक अर्शा बीता चच्चा की चकरी करते करते कबाड़ लोहा, घरो के टूटते ताले, शहर चोर के हवाले वाले खेल से ही कभी पेट पर्दा चलता था आज भी, लोग सायाने और पुराने अभी भी है अभी जिन्होंने देखा है उत्तरप्रदेश से आए रस्तोगी के लठैत स्वयं मनचाहा भू गोत्र धारण कर लिया, लेकिन हरकत जेब कतरे वाली नहीं छूट रही है, हालांकि मामला पुलिस के संज्ञान में भी है, कहानी इतने में ही खत्म नहीं होती इनकी जारी नेतागिरी नशा कारोबार की वजह से है जो युवाओ की रगो में जहर घोलने का काम गिरोह बनाकर कर रही है कहा जाता है, इस उचक्के ने रेलवे में कर्मचारी के भेस में एक माफिया की घुस पैठ करा दी है, जिसने बुजुर्ग की चाय नास्ता की ढ़ेरी उजाड़ कर जमीन हड़पी है, अब अताताई करतूत की वजह से लोगो में भय होना भी लाजिमी है। लेकिन चोर के दिन थोर कहावत चरितार्थ होती जा रही है। लेकिन चंद खबरनबीस माफिया को प्रमोट करने के पीछे की वजह समझ से परे है, किसी ने खूब कहा है हुए नामवर बे-निशाँ कैसे कैसे, जमीं खा गई आसमाँ कैसे कैसे। शहडोल। लगभग एक वर्ष से गीता सिंह के रूपए पैसे और जमीन बिक्री के बाद हड़पने वाले मामले में अभिषेक मिश्रा और सहयोगियों पर धोखाबाजी और भू-माफिया के आरोप लगे हैं, अवैध कालोनी विकसित की अवैध मैरिज गार्डन बना लिया, जांच में 67 डिसमिल की जगह 90 डिसमिल जमीन पर अधिपत्य स्थापित कर बिक्री करना पाया गया, बगल की शासकीय भूमि खसरा नंबर 516 हड़प ली गई, हालांकि राजस्व महाअभियान मे माफिया का कब्जा ध्वस्त किया गया, और तो और फजी सीमांकन, नक्शा तरमीम की वस्तुस्थिति जानने के बाद जिम्मेदार अफसरों ने सख्ती बरतते हुए दोनों निरस्त कर दिया, अब दोबारा जो सीमांकन हुआ, जो स्थगन का उलंघन करते हुए बाकायदा जो निर्माण कार्य जारी है करोड़ों रुपए खर्च कर मैरिज गार्डन बनाया जा रहा है उसको जमींदोज होने में ज्यादा समय नहीं लगेगा। अब ऐसी स्थिति में फड़फड़ाने वाले माफिया के हाथ में रीना द्विवेदी की मौत या आत्महत्या मामले पर विरोधियों को कैसे ना फंसाया जाए विकलांग मानसिकता से किया गया कृत्य इन दिनों सोशल मीडिया पर वायरल करवाया जा रहा है। अब जब आरोप जिस पर लगाया जा रहा है उसकी जांच पुलिस करेगी लेकिन अखबार में एक पत्रकार के माध्यम से झूठ का रायता फैलाया गया, इसको जिले की जनता भली-भांति समझ सकती है। यह रायता फैलाने से अच्छा होता जिसका आधा आधा करोड़ गटक कर बैठे हो वापस कर दो, छिछरलेदा में लोगों से ठगी करते हुए की जमा पूंजी हाथ से रेत की तरह निकल तो रही है उम्र भी इस कोर्ट से हारे उस कोर्ट दौड़ने में निकल जाएगी। ऐसे ही किसी ने नहीं कहा सत्यमेव जयते।। शिकायत दी, मीडिया ने सुना दिया फैसला.... कहते है की अपनी योग्यता का सही उपयोग किया गया तो समाज में पत्रकारिता दर्पण का काम करती है, वही इस विद्या का बेजा इस्तेमाल किया गया तो जनता का पत्रकारिता से विश्वास उठ जायेगा, फर्ज करो की कोई शिकायत किसी के विरुद्ध आई, सामान्य उस शिकायत में इस कदर नमक मिर्ची लगाकर पेश कर दिया जाये की एक बेगुनाह परिवार समाज में गुनहगार की नजरो से देखा जाए, फर्जी मढ़ दिया आरोप पुलिस जाँच में तो सामने आएगा ही, लेकिन जिस परिवार में लगभग 90, 70 वर्षे के बुजुर्ग हो जिसपर बेबुनियाद आरोप लगाए जा रहे है उसकी माँ किडनी की बीमारी से ग्रसित है, यदि इस बीच कोई अनहोनी हो गई तो जिम्मेदार कौन होगा। एक षड्यंत्र के तहत बुने चक्रब्यूह में अपने इंजीनियरिंग की पढाई कर रहे बच्चे को फसाया जा रहा है, हृदय घात से काम नहीं है, हाल ही में, अलख आलोक श्रीवास्तव बनाम भारत संघ [Writ Petition(s) (Civil) No(s). 468/2020] के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने भी यह टिपण्णी की थी कि फर्जी खबरों के जरिये फैलने वाला आतंक, लोगों के मानसिक स्वास्थ्य को बुरी तरह से प्रभावित कर सकता है। मामले की हकीकत और फसाना मामले में नीलू पांडेय पति सुरेश पांडेय सेवानिवृत पुलिस विभाग का कहना है की शहडोल की जनता को भली भांति पता है बेबुनियाद एक परिवार को सिर्फ इसलिए टारगेट किया जा रहा की अभिषेक मिश्रा पिता श्रीनारायण मिश्रा निवासी पुरानी बस्ती ने न सिर्फ पुरानी बस्ती का माहौल बिगाड़ा है बल्कि स्थानीये युवाओ को अवैध कारोबार में धकेल रहा है और जो भी इस सामाजिक बुराई का विरोध करता है फर्जी मुकदमो में चुनिंदा पुलिस कर्मियों से मिलकर उलझा देता है, इस बात का ताजा उदाहरण छत्रपाल सिंह छब्बू नामक किसान ब्यापारी को टारगेट किया जा रहा है, मैं एक समाजसेविका हूँ अपनी पुरानी बस्ती में शराबखोरी, ड्रग्स की लत में झुझते परिवार को बहुत करीब से देखा है और मैं इस बात का पुरजोर विरोध करती हूँ, करती रहूंगी, मेरी सहेली गीता सिंह जिसके साथ अभिषेक मिश्रा उर्फ नित्तू ने धोखाधड़ी ठगी की जमीन बेचीं, सराफ डॉक्टर के सामने मार्केट में साझेदारी के लिए पैसे लिए लगभगे 49 लाख खाकर बैठा है, कोतवाली पुलिस ने एक साल से मुकदमा दर्ज नहीं किया, उसने जो किया मैंने देखा और अपनी सहेली गीता, राधा के साथ हूँ, गवाही में भी मेरा नाम है इसके चलते ही रंजिशन साजिश रचते हुए, मेरे इंजीनियरिंग की पढाई करने वाले बेटे का भविष्य खराब करने में तूला है, मैंने पुलिस को 2023 में ही ऐसा षड्यंत्रे रचने मुझे और मेरे परिवार को फसाने की शंका जाहिर करते हुए थाना कोतवाली, पुलिस अधीक्षक, एडीजीपी शहडोल, डीजीपी भोपाल में सूचनार्थ एवं शिकायत की थी। अब घटना जो भी है सामने है पुलिस सबका डाटा निकाले सबसे पहले अभिषेक मिश्रा, रोशन यादव, अजीत यादव का और मृतिका रीना का हमने खुद ही सीडीआर मांगी है। सब दूध का दूध, पानी का पानी होगा। मातम में खोजा माफिया ने अवसर... मामले और कुछ नहीं अपनी दुश्मनी भंजाने के लिए मृतिका का कन्धा इस्तेमाल किया जा रहा है, एक बात तो माननी पड़ेगी उसे सही दिमाग तो नहीं मिला, लेकिन मल्टी माफिया चोर पुलिस का खेल खेलकर तो साबित करने की कोशिश कर रहा है कि शहर को सिंगल मैं ही चला रहा हूँ सब सरकारी वेतन पाने वाले गुलाम। मैं सारे अवैध कारोबार करने के बावजूद महाराजा। तभी तो जिले में अबिलम एक बेगुनाह पर एफआईआर दर्ज करा 30 बोतल में फंसा दिया गया और एक दागदार को सालो पुलिसिया संरक्षण दिए जाने के लिए कोतवाली पुलिस थाना को न्यायलय बनाकर समझौता करती फिरती है, यह बात जिले से लेकर अब सूबे की राजधानी और पुलिस हेड क़्वार्टर में गूंज रही है, दरअसल एक दागदार को इतना वेटेज देने के पीछे के क्या मायने है आला अफसरों को तलाशने होंगे। हाल यह है कि शहर में ईमानदारी कौड़ियों के भाव हो चली है, और वो दिन दूर नहीं बेईमानी सर चढ़ कर अराजकता का माहौल निर्मित करने जद्दोजहद करती नजर आने लगेगी। यह रही पुलिस की विवेचना स्थानीये पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक रीना ब्यौहारी में रहकर मास्टर ट्रेनर का कार्य करती थी, किसने रखा कैसे नौकरी कर रही थी, किसके मार्फत काम कर रही थी यह तो जांच के बिंदु है बीते दिनों वह लापता हो गई थी, परिजनो ने गुम इंसान दर्ज कराया था ब्यौहारी पुलिस उसकी तलाश कर रही थी, जिसका शव चचाई 4-5 दिन बाद गांव में स्थित सोन नदी में पानी में उतारता मिला है पुलिस ने मामले पर मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मामले में उसके घर से मोबाइल चालू मिला और स्कूटी सुसाइड नोट मिला, हालांकि परिजनों का कहना है कि उसकी हत्या कर उसके शव को वहां फेंका गया है हालांकि पुलिस ने पूरे मामले पर बारीकी से पड़ताल शुरू की है। जल्द ही मामले में असल बात सामने आएगी की उसने आत्महत्या की है तो किसके कारण की और हत्या है तो किसने उसकी हत्या की सामने होगा। गौरतलब हो कि आज प्रशासनिक तंत्र इतना मजबूत हो चुका है कि किसी भी मामले में आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने वाला अपराधी कानून से बच नहीं सकता, मोबाइल लोकेशन, कॉल हिस्ट्री इत्यादि खंगाले जा सकते हैं वहीं मोबाइल फोन से डिलीट की गई हिस्ट्री भी रिकवर हो जाती है फिर इतने बड़े हत्याकांड या आत्महत्या मिस्ट्री से पर्दा ना उठें सवाल ही नहीं उठता। इन बिन्दुओ में होनी चाहिए जाँच दरअसल इस अनसुलझे ममले में गौर करने वाली बात यह है की रीना 4 - 5 दिनों से थी लापता और घर पर एंड्रॉयड मोबाइल चालू मिला कैसे हो सकता है मतलब किसी ने मोबाइल हत्या के बाद इस्तेमाल किया संभवतः साक्ष्य मिटाने के लिए, आखिरी फोन कॉल हिस्ट्री, मोबाइल पर वाट्सअप कॉल, वीडियो कॉल, फेसबुक हिस्ट्री, कैमरा गैलरी, किसी दबाव में थी किसी न किसी को बताया होगा, नीलू पांडेय से कैसे बात होती थी, रीना की माँ की मोबाइल हिस्ट्री, उसके पिता की मोबाइल हिस्ट्री भी महत्वपूर्ण है, सूत्रों के मुताबिक पारिवारिक एक जमीनी विवाद बांधवगढ़ टाइगर रिजर्ब में फसी जिसका मुआवजा भी एक वजह हो सकती है पिता और पुत्री रीना का अक्सर विवाद होता रहा है और यही कारण भी है कि पिता ने मां और बेटी दोनों से किनारा कर लिया था, वही घर चलाने के लिए पढ़ने और कैरियर बनाने की उम्र में नौकरी करती रही, तब किसी रिश्तेदार ने नहीं समाजसेवी नीलू पाण्डेय ने साथ दिया, हालही में जब रीना पुरानी बस्ती से निकली तो मोहल्ले के कई बड़े बुजुर्ग के सामने सुरेश पांडे ने इतनी समय ब्यौहारी ना जाकर सुबह-सुबह चली जाना कहां था, लेकिन रीना का कहना था जरूरी काम है जाना पड़ेगा, कहते हुए निकल गई पड़ताल में पता चला फोन काल पर बहुत व्यस्त रहती थी, वो उस दिन किसी से फोन पर बात कर रही थी और निकल गई, उसकी जीपीएस लोकेशन, कॉल हिस्ट्री, पुलिस सर्विलांस कैमरे, आसपास के कैमरे खगालने से भी बड़ी सफलता मिल सकती है। प्रतिक्रिया...... मैं प्रशासन से मांग करती हूँ रीना को ब्योहारी में काम का लालच किसने दिया गया, रीना की माँ की जानकारी में सारी जानकारी है चीज छुपाई क्यों जा रही है रीना और उनकी मां सावित्री और उनके पापा जो उमरिया रहते है कॉल रिकॉर्डिंग हिस्ट्री खंगाले और आखिरी काल भी खंगाले। और मेरे बेटे की सीडीआर एवं रीना की सीडीआर लोकेशन के निकाले। साथ साथ मेरी पुलिस प्रशासन से मांग है अभिषेक मिश्रा एवं उनके 7-8 साथियो की कॉल हिस्ट्री लोकेशन निकाली जाए। मुझे शंका है यह सब अभिषेक मिश्रा ही करा रहा है हालांकि मैंने 2023 में ही पुलिस में सूचना दे रखी है, पुलिस की विवेचना के पूर्व मेरे बेटे को हत्यारा साबित करने सोशल मीडिया में रेलवे कर्मचारी अजीत यादव सहित गुर्गो से भू-माफिया अभिषेक मिश्रा समाचार छपवाकर वायरल करा रहा है, मैं इनके भी सारे सोर्सेज निकाल रही हूं शिकायत करूंगी, लेकिन उससे पहले मैं खुद चाहती हूँ सच्चाई सामने आये उसकी आत्महत्या या सुसाइड के पीछे क्या वजह है मैं भी जानकार रहूंगी । बच्ची के परिजन पुलिस जांच के अतिरिक्त एसआईटी एवं सीबीआई जाँच कराएं मैं उनके साथ हूं लेकिन फजी आरोप लगाकर सामाजिक प्रताड़ित करने वाले लोगो के विरुद्ध मैं सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइंस के तहत मुकदमा दर्ज कराऊगी। नीलू पांडेय, समाज सेविका शहडोल पत्रकार संगठन प्रतिक्रिया.... किसी भी कलमकार को प्रकाशन से पूर्व किसी पर आरोप प्रत्यारोप लगने वाली खबरो को लेकर सवपर्थम पुष्टि करना चाहिए साथ ही आरोप लगने वाला ब्यक्ति से उसका पक्ष भी जानना चाहिए, अखबार में प्रकाशित खबरों को पाठको द्वारा विश्वसनीय एवं सत्य मना जाता है अतः इस बात का ध्यान रखना जरुरी होगा। विनय मिश्रा, जिला अध्यक्ष एमपी वर्किंग जॉर्नलिस्ट यूनियन-शहडोले किसी भी मामले में प्रेस से हमको इतनी छूट नहीं मिली की हम अर्थ का अनर्थ लिखे हमको अपनी हद मालूम होनी चाहिए, बिना सबूत लिख गया समाचार समाज में गलत सन्देश देता है, मामले में पूरी जानकारी आवश्यक है, सुप्रीम कोर्ट का आदेश हर पत्रकार को काम से काम पढ़ना चाहिए। राहुल सिंह राणा, संभागीय अध्यक्षे श्रमजीवी पत्रकार संघ, शहडोल अगर किसी का व्यक्ति का पहले ही से कोर्ट कचहरी में मामला चल रहा है उसको टारगेट करने के पहले पत्रकारों को एक बार शिकायत को पढ़ने और समझने की आवश्यकता है, और अब तो सुप्रीम कोर्ट का भी सख्त निर्देश है। खबरों को जांचिए फिर लिखिए। मनीष शुक्ला, संभागीय अध्यक्षे मध्यप्रदेश संघ, शहडोल प्रशासनिक प्रतिक्रिया.... मामले में गुम इंसान ब्यौहारी कायम है, पुलिस को 28 जून को शव मिला है मृतिका भमरहा सिंहपुर की रहने वाली है ब्यौहारी में कमरा ली थी, उसके मामा ने शिनाख्त की, सभी बिंदुओं पर पुलिस गहनता से जांच कर रही है। कथन बयान उपरांत जो निकलकर सामने आएगा कार्यवाही की जाएगी। दिलीप दाहिया, थाना प्रभारी देवलौद, शहडोल

# अराजक तत्वों ने पार्क में लगाए गए पौधों को उखाड़ा

खरिका वार्ड द्वितीय अंतर्गत वृन्दावन योजना के सेक्टर - 5 ई/3 स्थित तुलसा देवी पार्क का मामला,
नगर निगम के उद्यान विभाग ने पुनः लगवाए पौधे,

**अरुण सिंह दैनिक समाज जागरण संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ पर्यावरण संरक्षण को लेकर एक तरफ सरकार और सामाजिक संस्थाएं जहां अधिक से अधिक पौधा रोपण करने के लिए दृढ़ संकल्प हैं वहीं कुछ असमाजिक तत्वों द्वारा लगाए गए पौधों को भी नहीं बक्शा जा रहा है और उन्हे उखाड़ दिया जाता है । ऐसा ही कुछ मामला नगर निगम जोन - आठ के खरिका वार्ड द्वितीय अंतर्गत आने वाले रायबरेली रोड के वृंदावन योजना के सेक्टर - 5 ई/3 स्थित तुलसा देवी पार्क मे देखने को मिला, जहां बीती 3 जुलाई को नगर निगम के उद्यान विभाग द्वारा पर्यावरण संरक्षण के तहत तुलसी देवी पार्क में वृहद वृक्षारोपण कर स्थानीय लोगों व विभाग के कर्मचारी द्वारा पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया था । पौधा रोपण होने के दो दिन बाद ही पार्क में रोपित पौधों को समाज के अराजक तत्व उखाड़ ले गए । मामले की जानकारी होने पर अपनी टीम के साथ तुलसा देवी पार्क पहुंचे नगर निगम उद्यान विभाग के सुपरवाइजर राघवेंद्र ने पार्क से पौधों को गायब देख मामले की जानकारी अपने उच्च अधिकारियों को देकर शनिवार को एक बार पुनः वृक्षारोपण कराया । नगर निगम उद्यान विभाग के सुपरवाइजर राघवेंद्र ने बताया कि पार्क मे वृक्षारोपण करते वक्त कुछ स्थानीय लोग विरोध कर रहे थे । हो सकता है पेड़ उखाड़ने में भी वही लोग हो । मामले की जानकारी विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी देकर पार्क मे एक बार पुनः वृक्षारोपण करा दिया गया है ।

# नगर परिषद जयसिंहनगर मे लोक निर्माण विभाग की आरक्षित भूमि पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही सम्पन्न

**दैनिक समाज जागरण जिला ब्यूरो सुनील द्विवेदी की रिपोर्ट**

शहडोल जिले के अंतर्गत आने वाले नगर परिषद जयसिंहनगर के नगर मे कुछ लोगों के द्वारा शासकीय आरक्षित भूमि पर नगर के कुछ दवंग लोगों के द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण करके उसमे पक्का निर्माण करवाया जा रहा था जिसको लेकर के आज नगर परिषद व राजस्व विभाग के द्वारा सयुंक्त रूप से कार्यवाही करते हुए शासकीय आरक्षित भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया क्या है मामला शहडोल जिले के अंतर्गत आने वाले नगर परिषद जयसिंहनगर के अंतर्गत नगर परिषद के पीछे की भूमि आराजी खसरा नम्बर 646/1 अंश रकवा 0.430 हे.जो वर्तमान मे लोक निर्माण विभाग को आवंटित किया गया है जिस पर कुंज बिहारी गुप्ता के पुत्र संजय गुप्ता (पूर्व पार्षद) व पंकज गुप्ता (वर्तमान पार्षद पति ), व रामदीन गुप्ता के द्वारा अवैध कब्जा करके रकवा 0.040 हे. पर पक्का निर्माण किया जा रहा था जिस संवेदनशील विषय पर ध्यान देते हुए हुए नगर परिषद जयसिंहनगर के द्वारा दिनांक 17/08/2023 को माननीय कलेक्टर महोदय के यहाँ पर एक आवेदन पेश किया गया जिस पर सज्ञान लेते हुए कलेक्टर महोदय के द्वारा राजस्व विभाग व तहसीलदार को आदेशित करते हुए कहा गया की जल्द से जल्द इस अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त करते हुए इस शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया जाय जिसके क्रम मे आज तहसीलदार जयसिंहनगर सुषमा धुर्वे नगर परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी निशान्त ठाकुर थाना प्रभारी जयसिंहनगर एस.पी.चतुवेर्दी के द्वारा मौके पर उपस्थित होकर के नगर परिषद के अतिक्रमण टीम के द्वारा जेसीबी के माध्यम से कुंज बिहारी गुप्ता के पुत्र संजय गुप्ता (पूर्व पार्षद) व पंकज गुप्ता (वर्तमान पार्षद पति), रामदीन गुप्ता के द्वारा अवैध तरीके से बनाये गए पक्के निर्माण को ध्वस्त करने की कार्यवाही करवाई गयी

**अतिक्रमण हटाओ कार्यवाही से नगर वासियो मे असंतोष**

यदि नगर परिषद जयसिंह नगर के वर्तमान स्वरुप को देखा जाय तो पुरे नगर मे नगरवासियो के द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण करके नगर के स्वरुप को बिगाड़ दिया गया है लेकिन आज हुए इस अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के पूर्ण होने के बाद नगरवासियो के अंदर असंतोष की भावना फैल रही है की पुरे नगर मे अतिक्रमण होने के बाद केवल 2 लोगो के ऊपर ही इस तरह की कार्यवाही करवाना किसी और ओर इशारा कर रहें है

# आज निकलेगी बाजें गाजें के साथ जगन्नाथ स्वामी की भव्य रथयात्रा

महंत श्रीराम बालक दास महाराज
ने पहुंचने का किया आग्रह

**दैनिक समाज जागरण**
**विजय तिवारी**



बुढार। रविवार 7 जूलाई को श्रीराम जानकी मंदिर से शांय 4 बजे संगीत मय वातावरण में में भागवन जगन्नाथ स्वामी रथयात्रा मंदिर से तीन दिवसीय प्रवास पर जनकपुरी के लिए रवाना होंगे। मंदिर के महंत श्रीराम बालक दास महाराज जी ने जानकारी देते हुए बताया कि 7 जूलाई को भगवान जगन्नाथ, भाई बलदाऊ, बहन सुभद्रा मैया सुसज्जित रथ में सवार होकर नगर भ्रमण पर निकलेंगें जो रेलवे मार्केट होते हुए टाकीज मार्ग, दीक्षित फंड, बनियान टोला शारदा मंदिर होते हुए स्व अच्छे लाल नायक के निवास पर तीन दिवस विश्राम करेंगे, उसके उपरांत बुधवार को वहां से वापस लखेरन टोला, जैन मंदिर रोड होते हुए वापस पुनः मंदिर पहुंचेगी। महंत श्रीराम बालक दास जी ने समस्त श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि अत्यधिक संख्या में पहुंच कर धर्म लाभ अर्जित करें। रथयात्रा में संगीत मय मंडली के द्वारा जगह जगह भजन कीर्तन करते हुए रथयात्रा में चलेंगे एवं रथयात्रा का जगह-जगह स्वागत पुजा अर्चना भक्तों के द्वारा की जायेगी।

# बाबा कल्याण दास जी की प्रेरणा से संत शिवमुनि ने पैदल नर्मदा परिक्रमा की पूर्ण ।

नर्मदा उद्गम में पूजन बाद गीता स्वाध्याय में कन्यापूजन बाद संत ,ब्राम्हणों को कराया वृहद भंडारा



**समाज जागरण विजय तिवारी**

अमरकंटक / मां नर्मदा जी की उद्गम स्थली / पवित्र नगरी अमरकंटक में मां नर्मदा जी (रेवा मां) का प्रदुर्भाव (उत्पत्ति) हुआ है । मां नर्मदा जी की सम्पूर्ण परिक्रमा की जाती है जिनकी तीन साल दिन माह और तेरह दिवस का पैदल नर्मदा परिक्रमा का वर्णनन है । जिस जगह से परिक्रमा प्रारंभ की जाती है उसी स्थान पर पूर्ण (समाप्त) परिक्रमा होती है और वन्हि पर पूजन , कन्या पूजन , हलुआ आदि का प्रसाद बना कर भोग लगावे व वितरण करे । मां नर्मदा जी को मध्य प्रदेश की जीवन रेखा मानी (बोली) जाती है । परिक्रमा पूर्ण होने के पश्चात परिक्रमावासी ओंकारेश्वर जाकर भोलेनाथ के शिवलिंग पर श्रद्धा पूर्वक जलाभिषेक और पूजन करते है तथा हलुआ पुड़ी आदि का प्रसाद बना कर भोग लगाए तथा श्रद्धानुसार भंडारा कर प्रसाद वितरित करे । तभी आपकी मां नर्मदा जी की परिक्रमा पूर्ण मानी जाती है । मान्यता भी यही है की तभी मां नर्मदा जी की कृपा और परिक्रमा का पूर्ण फल प्राप्त होता है । अमरकंटक पधारे उत्तर प्रदेश कानपुर के उदासीन संप्रदाय के संत स्वामी शिव मुनि जी महाराज गुरु श्री श्री १००८ सूरज मुनि जी महाराज ने २०१९ में अमरकंटक आए और तपस्वी बाबा कल्याण दास जी के सानिध्य से उनको नर्मदा परिक्रमा की प्रेरणा मिली तभी उन्होंने प्रण किया की मुझे मां नर्मदा जी की पैदल मार्ग नर्मदा तट किनारे किनारे परिक्रमा करना है चाहे जितने भी समय लग जाए । मन में ठान कर और गुरु आशीर्वाद लिए उन्होंने ०८ नवंबर २०१९ को मां नर्मदा जी की परिक्रमा उत्तर तट अमरकंटक से प्रारंभ की थी । उन्होंने लगभग पांच वर्ष नर्मदा परिक्रमा में व्यतीत होने के बाद पूर्ण परिक्रमा ०६-०७-२०२४ दिन शनिवार को अमरकंटक में मां नर्मदा जी की पूजन , अर्चन पश्चात अमरकंटक के गीता स्वाध्याय मंदिर में स्वामी श्री नर्मदानन्द जी महाराज के सानिध्य में कन्याओ का चरण धोकर पूजन किया उसके बाद रोली,अक्षत और माथे मे तिलक , पुष्प अर्पण बाद अनेक दर्जनों कन्याओ को भोजन करवाया गया उसके पश्चात संतजन , ब्राम्हणों को भंडारा आयोजन कर सभी को प्रसाद ग्रहण करवाया गया साथ ही सभी को भेंट प्रदान कर संत स्वामी शिवमुनि महाराज ने सभी को हृदय से नमन किया । संत जी ने बताया की जगत जननी मां नर्मदा जी की परिक्रमा पूर्ण करने की इस दास को सौभाग्य प्राप्त हुआ है । लगभग पांच वर्ष परिक्रमा के पूर्ण होने पर मां नर्मदा जी का पूजन और कन्या पूजन किया , इसके बाद कल रविवार को आगे निकल कर ओंकारेश्वर में ०९ तारीख को ज्योतिर्लिंग में जलाभिषेक कर कन्या पूजन बाद वृहद भंडारा का आयोजन मां की कृपा से होना है ।

# केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने वाराणसी के विकास में जनप्रतिनिधियों को बढ़-कर कर हिस्सा लेने की अपील की

प्रथम वाराणसी आगमन पर अनुप्रिया पटेल का राजातालाब में भव्य स्वागत

**राजातालाब . समाज जागरण विनीत कुमार सिंह**

केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल के प्रथम वाराणसी आगमन पर शनिवार को कार्यकताओं और पदाधिकारी ने जोरदार स्वागत किया।राजातालाब चौराहे पर हाईवे ओवर ब्रिज के पास गाजे बाजे के साथ आराजी लाइन की ब्लॉक प्रमुख डॉ नगीना पटेल के नेतृत्व में क्षेत्र व ग्राम पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान एवं अपना दल एस के कार्यकताओं ने स्वागत किया।आराजी लाइन ब्लॉक प्रमुख नगीना सिंह, रोहनिया विधायक डॉक्टर सुनील पटेल ने केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल को पुष्प गुच्छ व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। स्वागत के बाद अनुप्रिया पटेल ने कहा कि अपना दल से चुने गए जन प्रतिनिधि ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र के विकास में लग कर आमजन की समस्याओं का निवारण करे। उन्होंने नगीना पटेल से कहा कि वह आराजी लाइन के विकास में हर लोगों का ध्यान रखें। किस दौरान यहां पर जिलाध्यक्ष डॉ नरेंद्र पटेल, प्रदेश सचिव डॉ. महेंद्र सिंह पटेल,राष्ट्रीय सचिव मनीष सिंह,पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य संजीव सिंह,प्रदेश उपाध्यक्ष धिरेंद्र सिंह सोनू , अनीता पटेल, राजकुमार प्रधान, इंद्रजीत पटेल, बीडीसी संघ अध्यक्ष अनिल पटेल, जेपी पटेल, शिवकुमार प्रधान, भोला पटेल, महगू प्रधान, अनिल, राजू वर्मा,अमित पटेल प्रधान, इमरान,मनोज उर्फ पिंटू,शाहरुख खान, शराफत सहित सैकड़ो अपना दल एस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बालिकाओं ने रैली निकाल कर स्कूल आने का आह्वान

**समाज जागरण विनीत कुमार सिंह राजातालाब .वाराणसी**

आज क्षेत्र के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जक्खिनी के छात्राओं ने यूथ क्लब के अंतर्गत रैली निकाल कर बालिकाओं को स्कूल आने का आह्वान किया।कालेज की प्रधानाचार्या अनामिका ने रैली में कहा सभी अभिभावक की जिम्मेदारी बनती हैं।अपने बालिकाओं को स्कूल भेज कर उन्हें शिक्षा दिलाने में सहयोग करे जिससे बालिकाएं भी बालको के बराबर कंधे से कंधा मिला पर आगे चल सके।आज देश के हर कोने कोने में बालिकाओं ने भी देश का नाम रोशन किया है और आगे भी करे इसके लिए उन्हें शिक्षित होना बहुत जरूरी है।कार्यकम में सुनीता सिंह,सरिता देवी,दीपिका,आशा,सुमन,छाया सिंह,सपना सिंह सहित अन्य शिक्षक और छात्राएं शामिल रही।

# ठाकुरगंज: मेची नदी के तेज कटाव से ग्रामीण है परेशान

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

ठाकुरगंज प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चुरली पंचायत के कुर्लिकोट, खटखटी,नेगड़ाडूबा सहित आदि गांव मेची नदी तेज कटाव से खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने नदी कटाव की सुचना जिला परिषद प्रतिनिधि अहमद हुसैन को दी जिस-के बाद उन्होंने तत्परता दिखाते हुए नदी कटाव का औचक निरीक्षण किया और उन्होंने तुरंत दूरभाष पर एडीएम और अंचल अधिकारी से बात कर पूरी घटना का विस्तृत रूप से जानकारी दी इसके बाद मौके वा-रदात पर अंचल अधिकारी सुचिता कुमारी ने खुद से नदी कटाव का बा-रीकी से निरीक्षण किया,इसके बाद उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों को आश्वासन देते हुए कहा कि बहुत ही जल्द नदी कटाव निरोधी कार्य किया जाएगा। इसी दरमियान जिला परिषद प्रतिनिधि अहमद हुसैन ने बताया कि हम खुद से जिला पदाधिकारी और आपदा पदाधिकारी को लेटर लिखकर तटबंध करवाने का मांग करेंगे। इससे पूर्व भी इन्होंने दूरभाष पर पदाधिकारी को सूचना दी थी। इसके बाद पदाधिकारीयों ने का-र्रवाई करते हुए नदी कटाव रोक थाम हेतु बोड़ी में बालू भरकर कटाव स्थल पर डाला गया था। नदी का तेज कटाव के कारण लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। वहीं स्थानीय ग्रामीण मो असरारुल हक, मुस्ताक आलम सहित आदि ने बताया कि नेपाल सरकार के द्वारा बौल्डर पैचिंग करने के कारण मेची नदी का रुख अब कुर्लिकोट, खटखटी,नेगड़ाडूबा की और बढ़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि नदी कटाव से सैकड़ो एकड़ जमीन ग्रामीणों का नदी में विलीन हो गया। स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि नदी कटाव को रोका जाए ताकि बॉर्डर सड़क क्षति होने से बचाया जा सके।

# कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने पूर्व विधायक तौसीफ आलम के खिलाफ प्रदेश अध्यक्ष को लिखा पत्र

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

कांग्रेस के जिला अध्यक्ष इमाम अली चिंटू ने बिहार पटना प्रदेश प्रभारी को पत्र लिखकर कांग्रेस के पूर्व विधायक तौसीफ आलम के साथ पार्टी के नौ नेताओं के खिलाफ का-र्रवाई की मांग की है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष इमाम अली चिंटू ने शिकायत पत्र मे कहा की बहादुरगंज विधानसभा के पूर्व विधायक तौसीफ आलम पार्टी विरोधी कार्य मे संलिप्त है। तौसीफ आलम ने कभी भी कांग्रेस कार्यकर्ता संग मीटिंग नहीं की और कांग्रेस पार्टी को महत्व नहीं देते है। 2019 मे तौसीफ आलम ने एआईएमआईएम का जमकर समर्थन किया था और उनके हित मे मतदान करवाया और लोकसभा चुनाव से पूर्व भारत जोड़ो यात्रा के तहत राहुल गांधी किशनगंज आए थे तब तौसीफ आलम ने कोई मंच साझा नहीं किया ना ही यात्रा मे शामिल हुए,कोई योगदान प्राप्त नहीं हुआ और इस बार जदयू से संसदीय चुनाव हेतु अपने उम्मीदवार को लेकर पटना मे आवेदन भी दिया परन्तु इन्हे टिकट नहीं मिला।कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ने पार्टी विरोधी कार्य मे संलिप्तता को लेकर तौसीफ आलम आलम के खिलाफ आला कमान से कार्रवाई की मांग की है।

# महिला थाना परिसर में पारिवारिक विवाद को लेकर पुलिस परिवार परामर्श केंद्र का हुआ आयोजन, 3 मामले का निष्पादन

**दैनिक समाज जागरण राहुल कुमार, किशनगंज**

किशनगंज महिला थाना परिसर में पारिवारिक विवाद को लेकर पुलिस परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन राहत संस्था के सचिव डॉ. फरजाना बेगम एवं महिला थाना अध्यक्ष विनीता कुमारी के अध्यक्ष में किया गया। इस

दौरान पुलिस परिवार परामर्श केंद्र में पारिवारिक विवाद से संबंधित कुल 9 मामले पहुंचे। राहत संस्था के सचिव डॉक्टर फरजाना बेगम एवं महिला थाना अध्यक्ष विनीता कुमारी के द्वारा समझा बूझकर 3 मामले का निष्पादन मौके पर कर दिया गया। साथ ही तीनो परिवार के लोगों को शपथ दिलाया कि अपने परिवार के साथ प्रेम भाव के साथ जिंदगी गुजर-बसर करें। किसी भी प्रकार का आपस में झगड़ा ना करें। प्रेम भाव से रहे।

# सब्जियों की आड़ में लॉरी से मवेशी की तस्करी ! 40 मवेशी बरामद ! गिरफ्तार 2

**दार्जिलिंग: समाज जागरण:**

सब्जियों से भरी एक लॉरी से 40 मवेशियों को बरामद किया गया है। इस मामले में दो लोगों को फांसीदेवा के विधाननगर जांच केंद्र की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। विधाननगर जांच केंद्र की पुलिस ने शनिवार को फांसीदेवा के विधाननगर में राष्ट्रीय राजमार्ग- 31 पर अभियान चलाकर एक सब्जियों से लदी लॉरी को जांच के लिए रोका। जब लॉरी की तलाशी ली तो उससे 40 मवेशी बरामद हुई। जिसके बाद चालक और सहचालक को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार किए गए लोगों के नाम मेहंदी हसन (29) और मोतियार रहमान (31) हैं। दोनों दक्षिण दिनाजपुर जिले के कुशमंडी इलाके के रहने वाले हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मवेशी को दक्षिण दिनाजपुर जिले के कुशमंडी से लाई गई थी। लॉरी को जब्त कर थाने लाया गया है। विधाननगर जांच केंद्र की पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि घटना में और कौन शामिल है। गिरफ्तार दोनों आरोपी को आज सिलीगुड़ी महकमा कोर्ट में पेश किया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# नीमडीह : दिन को जंगली हाथी ने ग्रामीण का तोड़ा घर

**फुलचांद पारित, समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, नीमडीह**

चांडिल : ईचागढ़ विधान सभा क्षेत्र में जंगली हाथियों के आतंक से ग्रामीण परेशान है। प्रतिदिन हाथियों द्वारा ग्रामीणों का मकान, फसल आदि नष्ट किया जा रहा है। कभी कभी ग्रामीण भी हाथी का शिकार हो रहें है। वन विभाग

द्वारा जंगली हाथियों पर नियंत्रण के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। शनिवार को शाम लगभग साढ़े पांच बजे नीमडीह प्रखंड अंतर्गत होदागोड़ा के बनघर टोला निवासी लवकिशोर महतो का मकान तोड़ दिया। ग्रामीणों ने जमकर हल्ला मचाया और आग जलाया तब हाथी काशीडीह गांव के तरफ गया। होदागोड़ा निवासी जगदीश महतो ने बताया कि ईचागढ़ विधान सभा के निवासी बारह महीने जंगली हाथियों के आतंक में जीते हैं।

# प्रखंड मुख्यालय में भ्रष्टाचार के खिलाफ हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन,भ्रष्टाचार से जनता त्रस्त है-रुपसिंह

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता खरसावां**

केंद्रीय कमेटी के निदेर्शानुसार आजसू पार्टी की कुचाई प्रखंड मुख्यालय के समक्ष शनिवार को हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आजसू नेता रूप सिंह मुंडा ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार में झारखंड में चारों ओर भ्रष्टाचार व्याप्त है पंचायत से लेकर प्रखंड व जिला मुख्यालय तक पैसा बोलता है। जो रिश्वत देते हैं। उनका काम होता है और जो नहीं देते हैं उन्हें परेशान किया जाता है चार माह से वृद्धा व विधवा पेंशन की राशि नहीं दी जा रही है। आबुआ आवास योजना में पांच से बीस हजार रुपए तक वसूली हो रही है राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम भ्रष्टाचार को लेकर जेल जा चुके हैं। अभी भी एक मंत्री जेल की हवा खा रहे हैं। वहीं शिवकुमार शाह ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार पूरी तरह भ्रष्टाचार में लिप्त है इस सरकार में अफसर खुलेआम लूट खोसट में लगे हैं।आने वाले चुनाव में जनता आजसू पार्टी की सरकार बनाएं भ्रष्टाचार को समाप्त किया जाएगा। बाद में राज्यपाल के नाम 11 सूत्री मांग पत्र बीडीओ को सौंपा गया। हल्ला बोल कार्यक्रम में मुख्य रूप से आजसू नेता रूप सिंह मुंडा शि-वकुमार शाह लक्ष्मी तांती कार्तिक गोप गणेश केसरी राय सिंह समाड नूरी सरदार मनोज सोय मानकी गागराई ब्रह्मा गोप ललिता कुमारी शकुंतला लोहार प्रियंका उरांव सुष्मिता देवी आदि आजसू कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पांच महीने में राज्य तेजी से आगे बढ़ाय,जनहित की कई योजनाओं की स्वीकृति दिलाई : चम्पई सोरेन।

**रविकांत गोप,समाज जागरण प्र-खंड संवाददाता राजनगर(सरायकेला)झारखंड**

राजनगर( 06 जुलाई 2024):- राजनगर में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह सरायकेला विधायक चम्पई सोरेन मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद पहली बार अपने विधानसभा क्षेत्र के राजनगर प्रखंड में उनका आगमन हुआ।जहां कदयकताओं एवं उनके चाहने वालों ने बड़ी गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि 5 महीने में राज्य को तेजी से आगे बढ़ने का काम किया है। राजनगर में पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा कि मैंने राज्य को विकास के पथ पर ले जाने का काम किया है,पांच महीने में शिक्षक बहाली, पुलिस विभाग की बहाली, जनजातीय भाषा पर आधारित शिक्षकों की बहाली, स्वास्थ्य क्षेत्र में मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य बीमायोजना जैसे कई महत्वपूर्ण व कल्याणकारी योजनाओं की स्वीकृति देने का काम किया। अपने गृहजिला सरायकेला में लंबे समय से ग्रामीण क्षेत्र में डिग्री कॉलेज की मांग को देखते हुए दो नए डिग्री कॉलेज स्थापना की घोषणा की। पद में रहने का मलाल तो नही है,लेकिन शिक्षक नियुक्ति समेत कई विभागों में लंबे समय से रिक्त पड़े पदों पर बहाली प्रक्रिया निकालकर युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटने की तमन्ना थी लेकिन अपने कार्यों से संतुष्ट हूं। पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा है कि पद की लालसा कभी नहीं रही है। आम जनता के बीच रहकर जनता के काम को करना है।महागठबंधन सरकार का जो भी निर्णय होगा वह उनके लिए मान्य होगा। क्षेत्र वासियों को रथयात्रा की दी शुभकामनाएं इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन ने समस्त देशवासियों को लोक आस्था के महापर्व रथ यात्रा की शुभकामनाएं दी।

# समाजसेवी सुखराम हेंब्रम ने वन संरक्षण समिति के बीच हजारों पौधा वितरण किया

**फुलचांद पारित, समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, नीमडीह**

चांडिल : समाजसेवी झारखंड आंदोलनकारी सह स्वच्छ चांडिल स्वस्थ चां-डिल के संस्थापक सुखराम हेंब्रम ने चांडिल प्रखण्ड के मातकमडीह स्थित कादलाकोचा के प्राथमिक विद्यालय प्रांगण में ग्राम वन प्रमंडल एवं संरक्षण समिति को पौधा का वितरण किया तथा पौधारोपण कर प्रकृति को हरा भरा

रखने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर सुखराम हेंब्रम ने अपने सम्बोधन में कहा कि वनों में वृद्धि कर पर्यावरण को संतुलित रखा जा सकता है। वर्तमान समय में जनसंख्या, यान - वाहन, कल - कारखाने आदि के वृद्धि से निरंतर तापमान बढ़ रही है। तापमान में वृद्धि भविष्य के लिए खतरे का संकेत है। इस खतरे से बचने के लिए पौधरोपण बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पेड़ पौधे मानव जीवन के लिए अति आवश्यक है। हमें औषधि, ईंधन आदि पेड़ पौधे के माध्यम से मिलता है। इस अवसर पर मुखिया सुकलाल मुर्मू, मांझी बाबा रविन्द्र टुडू, पातकोम दिशोम माझी महाल पारगाना के सचिव श्यामल माड्डि नेपाल बेसरा, हाड़ीराम सोरेन, भास्कर टुडू, राजेन टुडू, शंकर हांसदा, नारायण किस्कू, जगदीश माड्डि आदि उपस्थित थे।

# खरसावां में भाजपा का विस स्तरीय अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा में कुचाई जिप जींगी हेम्ब्रम भाजपा की ली सदस्यता

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता खरसावां**

खरसावां पथ निरीक्षण भवन में शनिवार को भाजपा का खरसावां विधानसभा स्तरीय अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा का आयोजन किया गया। इस सभा का विधिवत्त उद्घाटन पूर्व मंत्री सह रांची के विधायक सीपी सिंह एवं पश्चिमी सिंहभूम के पूर्व सांसद सह कोल्हान संयोजक गीता कोड़ा ने दीप प्रज्वलित कर किया। वही भाजपाईयों को चुनाव जीत का टिप्स दिया गया। सभा में कुचाई जिला परिषद सदस्य जींगी हेम्ब्रम भाजपा की सदस्यता ली। जिनका स्वागत पूर्व मंत्री सह रांची के विधायक एवं पश्चिमी सिंहभूम के पूर्व सांसद सह कोल्हान संयोजक गीता कोड़ा ने किया। मौके पर श्री सिंह ने कहा कि भाजपा एक समुद्र की तरह है। एक दिन आएगा किनारे पर खड़े हुए कांग्रेसी और झामुमो वाले हो, भाजपा कार्यकर्ता का लहर ऐसा उठेगा वह भागते हुए नजर आएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओ को मान सम्मान देती है। यह भाजपा की संस्कृति है। कार्यकर्ता प्रत्येक घर तक पहुंचे। कार्यकर्ता जनता तक नहीं पहुंचते हैं। यदि हम जनता तक पहुंचाते हैं तो कोई भ्रम नहीं फैल सकता है। हम लोगों के बीच रहेंगे तो उसका साथ मिलेगा। कार्यकर्ता हमेशा आंख-कान खोल कर रखना है। मौन रखने सहमति का लक्षण है। यदि हमारे पार्टी के बारे में कोई गलत बोल रहा तो उसको मुंहतोड़ जवाब दे। वही श्रीमती कोड़ा ने कहा कि भाजपा के एक-एक कार्यकर्ता में इतनी ताकत है। कार्यकर्ता के ताकत और एवं एकता के बल पर अलग झारखंड राज्य मिला है। आने वाले विधानसभा चुनाव में सभी दुष्प्रचार को मुंहतोड़ जवाब कार्यकर्ता देंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता झूठे लोगों से लड़ेंगे। खरसावां में तो विकास नहीं दिखता है। लेकिन जनप्रतिनिधि का खूब विकास हुआ है। आपको हताश और निराश होने की जरूरत नहीं है। हमने भी लोकसभा चुनाव में आंकड़ा देखे हैं। क्योंकि विपक्ष आंकड़े की बात करती है। हमारा गणित खराब नहीं है। हम लोग हिसाब लगाकर उन्हें बता दे कि इस बार लोकसभा चुनाव में भाजपा 9 सीट जीती है। उसे हिसाब से राज्य में 51 विधानसभा सीट जीते हैं। इस हिसाब से हम लोग देखे तो हम विजेता बने हैं। झारखंड में सरकार बना रहे हैं। आपकी बदौलत राज्य में भाजपा सरकार बनाने जा रही है। इसलिए खरसावां का सीट जीत कर दे। इस दौरान मुख्य रूप से रांची के विधायक सीपी सिंह पूर्व सांसद सह कोल्हान संयोजक गीता कोड़ा,पूर्व विधायक मलखान सिंह,पूर्व विधायक मंगल सिंह सोय,जिप सावित्री बानरा, जिप झिग्गी हेम्ब्रम,उदय सिंहदेव, गणेश माहली,रमानाथ महतो,राकेश सिंह,सुबोध सिंह,दिनेश कुमार,विजय महतो,प्रशांत कुमार महतो,सुशील स-ांडगी,मंगल सिंह मुंडा, दुलाल स्वासी आदि उपस्थित थे।

# अकांक्षी समूर्णता के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 6 जुलाई 2024 आकांक्षी ब्लॉकों में शामिल नवीनगर में संपूर्णता अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सबसे पहले प्रभात फेरी इसके बाद अनुग्रह नारायण स्टेडियम नवीनगर में खेल कूद प्रतियोगिता और फिर प्रखंड मुख्यालय परिसर में विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित किया गया। कृषि स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा समेत तमाम योजनाओं से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के तहत पूरा कराने सहित अभियान के दौरान संबंधित विभागों के जिम्मेदार अपनी-अपनी योजनाएं जमीन पर उतारने के लिए पूरी ताकत झोंकने के लिए संकल्प लिया। इससै संबंधित स्टाल भी लगाया गया। प्र-खंड विकास पदाधिकारी देवानंद कुमार सिंह ने बताया कि सरकार की मंशा के अनुसार आंकाक्षी ब्लॉकों मे संपूर्णता के तहत विभिन्न बीमारियों का इलाज, परीक्षण कराने से संबंधित स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों की वृद्धि निगरानी और गर्भवती महिलाओं को वजन आदि कराया गया।इसके साथ ही चौपाल आयोजित कर संतुलित आहार और मेरा पौष्टिक बगीचा समेत अन्य विषयों पर आधारित कार्यक्रम आयोजित हुआ।कहा कि आकांक्षी ब्लॉकों में योजनाओं को जमीनी धरातल पर उतार कर उनका फायदा वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचाना एक चुनौती है।इसे पदाधिकारी से लेकर जनप्रतिनिधि सहित आम लोगों को मिलकर पुरा करना होगा। इसके पहले बहुउद्देशीय भवन सभागार में कार्यक्रम का बिधीवत उद्घाटन किया गया। बिहार गित के साथ दिप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ वरीय निदेशक निती आयोग भारत सरकार अभिषेक अग्रवाल,जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश, बीडीओ देवानंद कुमार सिंह, प्रखंड प्रमुख सहीत अन्य पदाधिकारीयों ने संयुक्त रूप से किया।

# राजस्व शिविर लगाकर मामले का निष्पादन

**दैनिक समाज जागरण**

राजापाकर।प्रखंड मुख्यालय स्थित हल्का कार्यालय के परिसर में शनिवार को राजापाकर दक्षिणी पंचायत के रैयत किसानो लिए भू सर्वेक्षण, भूमि दस्तावेज के सुधार सहित भूमि संबंधी विभिन्न कार्यों के लिए शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में भूमि संबंधित दस्तावेजों के सुधार के साथ-साथ परिमार्जन भू माफी आधार सेंडिंग लगान वसूली दाखिल खारिज अभियान बसेरा अंतर्गत लाभे के लिए भूमि सर्वेक्षण अतिक्रमण भूमि विवाद

के मामले सरकारी भूमि को चिन्हित करना पंचायत सरकार भवन के लिए भूमि का प्रस्ताव तैयार करने सहित सारे मामलों का निष्पादन तीव्र गति से करने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 2150 रुपए की लगान वसूली की गई। दाखिल खारिज के चार मामलों का निष्पादन मौके पर किया गया जमाबंदी सुधार तीने किसानों का किया गया। आधार और मोबाइल से 47 किसानों का जमाबंदी से लिंक किया गया। मौके पर अंचलाधिकारी गौरव कुमार राजस्व कर्मचारी अमित कुमार रंजन अंचल अमीन राज कुमार प्रमुख प्रतिनिधि नथुनी प्रसाद सिंह सहित अनेक किसान उपस्थित हुए।वही अंचलाधिकारी गौरव कुमार ने कहा कि आगामी 8 जुलाई दिन मंगलवार को बाकरपुर ग्राम कचहरी परिसर में शिविर का आयोजन किया गया है। पंचायत के सभी रैयत किसान अपनी-अपनी भूमि से संबंधित समस्याओं सहित अन्य कार्यों के लिए शिविर में आवेदन देकर कार्यों का निष्पादन करावें।

# बीडीसी की बैठक नौडीहा बाजार प्रखंड सभागार में हुई संपन्न

कई पदाधिकारी रहे अनुपस्थित

**समाज जागरण सत्येंद्र चौरसिया प्रखंड संवाददाता नौडीहा बाजार**

पलामू (झारखंड) 6जुलाई 2024: नौड़ीहा बाजार प्रखंड सभागार मे प्रखंड विकास समिति की बैठक प्र-खंड प्रमुख रेशम कुमारी की अध्यक्षता मे की गई। बैठक की संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमती शुभम बेला टोपनो ने किया। बैठक मे शिक्षा,पेयजल एवं स्वच्छता ,समाजिक सुरक्षा,बाल विकास, कल्याण ,अबुआ आवास,मनरेगा के अलावा सभी विभाग की समीक्षा की गई। समीक्षात्मक बैठक के दौरान बीडीसी की सदस्य श्री शत्रुधन साव ने कहा कि नौड़ीहा बाजार स्वास्थ केंद्र मे लैब टेक्निसियन की सुविधा कहा पर है और कहा से संचालित किया जाता है ? इस मुद्दे पर बैठक मे आये स्वास्थ चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा कोई संतोषजनक जबाब नहीं दिया गया। उन्होंने बैठक मे यह भी आवाज उठाया कि विशुनपुर पंचायत के कठौतीया मे आगनबाड़ी केंद्र की भवन पूर्ण रूप से तैयार है लेकिन निजी व्यक्ति उसे ताला बंद करके रखा हुआ है उसे भवन की खुलवाने के लिए मांग किया। प्रमुख रेशम कुमारी ने बैठक मे कहा कि नौड़ीहा बाजार प्रखंड मे पदस्थापित दोनों बाल विकास के महिला सुपरवाइजरों की स्थान्तरण करने के लिए प्रस्ताव पारित किया गया। इस बैठक मे अवुआ आवास हो या किसी प्रकार की आवास के लक्ष्य अभी नहीं मिला है अगर चाहें पंचायत सेवक/ स्वयं सेवक / अन्य व्यक्ति के द्वारा किसी प्रकार के अफवाह फैलाते है तत्काल प्रखंड विकास पदाधिकारी के जानकारी दे । यह बात प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमती शुभम बेला टोपनो के द्वारा जानकारी दिया गया। आवास से सबंधित अफवाह फैलाने वाले के खैर नहीं होगा और उन्होंने यह भी कहा कि उनके विरुद्ध कानूनी करवाई किया जायेगा। बीड-ीसी की बैठक में अनुपस्थित मनेरगा बीपीओ, शिक्षा विभाग से बीईईओ, वन विभाग से वन क्षेत्र पदाधिकारी,बाल विकास विभाग से महिला सुपरवाइजरऔर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधिकारी के विरुद्ध शो काउज करते हुए सबंधित उच्च पदाधिकारी के अग्रेतर करवाई के लिए पत्र लिखने की प्रस्ताव पारित किया गया। मौके पर जीप सदस्य श्री सुदामा पासवान, उप प्रमुख श्रीमती मीरा कुमारी ,बीपीआ-रओ बिनोद कुमार ,थाना प्रभारी श्री अमित कुमार द्विवेदी,शाखा प्रबंधक चन्दन कुमार मिश्रा,चिकित्सा पदाधिकारी संतोष प्रसाद के आलावा सभी बीडीसी सदस्य एवं अन्य कर्मी मौजूद थे।

# कन्या उच्च विद्यालय में ईको क्लब का गठन किया गया।

**समाज जागरण मनोज कुमारसाह गोड्डा**

आज दिनांक 06/07/24 शनिवार को बनारसी देवी प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय में ईको क्लब का गठन किया गया। जिसके संचालन हेतु एक त्रिसदस्यीय समिति बनाया गया जिसमें प्रधानाध्यापिका डाड्ड मधुलिका मेहता (समिति के संरक्ष-ाक) विज्ञान / पर्यावरण शिक्षक ( समिति के अध्यक्ष ) बाल सांसद के पर्यावरण मंत्री शिवानी कुमारी ( समिति के सचिव ) बनाये गये।प्रधानाध्यापिका डाड्ड मधुलिका मेहता ने बताया कि क्लब के गठन का मुख्य उद्देश्य बच्चों को पर्यावरण प्रदुषण के प्रति जागरूक करने और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की दिशा में एक साकारात्मक सोच को बढावा देना है। अभी 1 जुलाई से 7 जुलाई तक वृक्षारोपण सप्ताह मनाया जा रहा है उसी के तहत विद्यालय में शिक्षक शिक्षिका व छात्राओं के द्वारा वृक्षारोपण किया गया और अंत में ईको क्लब के सदस्यों द्वारा सभी को पर्यावरण शपथ दिलाते हुये कार्यक्रम की समाप्ति हुई।कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक हिदायत अली ,कासिम आलम,गंगेश कुमार गुँजन, संतोष कुमार शिक्षिका रोजलिली मुर्मू,गुलाबी हाँसदा, प्रज्ञा कुमारी एवं सैकड़ो छात्राएं शामिल हुई।

# पूर्व भाजपा राज्यसभा सदस्य गुरचरण कौर पंजगराई का राजकीय सम्मानों के साथ किया संस्कार

## *प्रधानमंत्री मोदी ने निधन पर किया अफसोस*

**दैनिक समाज जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो**

जैतो, 6 जुलाई (रघुनंदन पराशर,) : पंजाब से पूर्व भाजपा राज्यसभा सदस्य व भाजपा की पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य गुरचरण कौर पंजगराई का आज उनके पैतृक गांव पंजगराई में पूरे राजकीय सम्मानों एवम् रीति रिवाजों के साथ संस्कार कर दिया गया। इस मौके पर पुलिस दल ने उन्हें सलामी दी। इस अवसर पर पंजाब सरकार व जिला प्रशासन फरीदकोट की और से एस.डी.एम. जैतो,परलीन कौर बराड, तहसीलदार कोटकपूरा, पंजाब भाजपा के महासचिव दियाल सिंह सोढी, जसपाल सिंह पंजगराई सचिव पंजाब भाजपा, लाजपत राय गोयल प्रदेश सदस्य कोर कमेटी भाजपा किसान मोर्चा पंजाब, दलजीत सिंह खुरमी गोनियाना, पंजाब भाजपा किसान मोर्चा के नेता हरदीप शर्मा, पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष पवन गोयल जैतो, पूर्व विधायक मनतार सिंह बराड़, पंजाब भाजपा कार्यकारिणी सदस्य संदीप शर्मा टोनी पाटिल, पंजाब स्वर्णकार संघ के प्रधान करतार सिंह जौडा,सीनियर अकाली नेता सूबा सिंह बादल, जिला फरीदकोट भाजपा अध्यक्ष गौरव कक्कड़, जिला भाजपा के उपाध्यक्ष व पूर्व चेयरमैन मार्केट कमेटी जैतो के पूर्व चेयरमैन शाय लाल गोयल,

पंजाब भाजपा कार्यकारिणी सदस्य राम रतन जिंदल जैतो, जिला भाजपा के उपाध्यक्ष चंद्र शेखर सूरी, सीनियर भाजपा नेता दीपक तलवाड़ मोगा, प्रेम गेरा,शाम लाल मैंगी, अशोक मित्तल, शक्ति असीजा मुक्तसर,करतार सिंह सिखा वाला, दर्शन सिंह ढिलवां,विशेष तौर से उपस्थित हुए तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।वह करीब 88 वर्ष की थी। गुरचरण कौर पंजगराई जून 2001 से जुलाई 2004 तक भाजपा से राज्यसभा सदस्य रहीं। वह कुछ महीने से बीमार चल रही थी। उनका 4 जुलाई 2024 को निधन हो गया था। वह अपने पीछे पति व एक पुत्र छोड़ गए हैं। पूर्व राज्यसभा सदस्य गुरचरण कौर पंजगराई भारतीय जनता पार्टी की कार्यकारिणी सदस्य, पंजाब भाजपा के महासचिव व हिमाचल प्रदेश भाजपा प्रभारी सहित पार्टी के कई उच्च पदों पर रही। पूर्व भाजपा राज्यसभा सदस्य गुरचरण कौर पंजगराई के अंतिम संस्कार के मौके पर उपरोक्त लोगों के अलावा विभिन्न राजनीतिक दलों, वकील, सामाजिक, शिक्षक, व्यापारिक, धार्मिक संस्थाओं, पंचों - सरपंचो सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग आदि भी उपस्थित थे।

# भारत विकास परिषद ने छात्राओं को ब्यूटी केयर किटें बांटी

**दैनिक समाज जागरण**
**पंजाब चीफ ब्यूरो**

जैतो,6 जुलाई (रघुनंदन पराशर ); प्रसिद्ध समाज सेवी संस्था भारत विकास परिषद इकाई जैतो ने संरक्षक प्रीतपाल सिंह रैडरोज वाले,अध्यक्ष उमा शंकर शर्मा एडवोकेट व परिषद के युवा विंग अध्यक्ष गगन सिंगला गीजीवाला के नेतृत्व में आज एच.पी.सी.एल. मित्तल फाउंडेशन बठिंडा के सहयोग से विद्यार्थियों को भारत विकास परिषद भवन जैतो में 6 माह का कोर्स कर चुकी हेयर एंड स्कीन केयर की छात्राओं को ब्यूटी किटें जैतो के तसीलदार रणजीत सिंह खैहरा द्वारा वितरित की गई। इस कार्यक्रम के इंचार्ज प्रहलाद राय गर्ग व मेजर सिंह थे। इस अवसर पर भारत विकास परिषद पंजाब के सदस्य संगीता शर्मा एडवोकेट ने कहा कि भारत विकास परिषद मानवता की सेवा करती रहती हैं, वहीं भारत विकास परिषद इकाई जैतो लड़कियों व महिलाओं के लिए ऐसे प्रौजेक्ट चला रही जिससे वह अपने पैरों अर्थात अपना खुद कारोबार चला सकें। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात की बहुत खुशी है कि भारत विकास परिषद इकाई जैतो द्वारा पिछले कई सालों से सिलाई सेंटर चला रहा है जिससे काफी लड़कियों व महिलाओं द्वारा अच्छी आमदन हो रही है। इस प्रोग्राम में बिंदिया रानी पत्नी जतिंदर बांसल उप प्रधान नगर कौंसिल जैतो विशेष मेहमान थे। इस अवसर पर अन्य लोगों के अलावा भारत विकास परिषद पंजाब स्टेट सदस्य राजीव गोयल बिट्टू बादल, ब्यूटी केयर सेंटर शिल्पा वालिया,डा.विजय सिंगला, आल प्रोजेक्ट चेयरमैन सतीश गोयल, ममता जिंदल, अंजू कांसल, सिलाई टीचर मोनिका, ब्यूटी केयर टीचर भावना, प्रवीण कांसल आदि उपस्थित थे।

प्लाहद राय गर्ग एवं मेजर सिंह सोन राज्य सदस्य संगीता शर्मा ने कहा कि हमारी संस्था भारत विकास परिषद ऐसे सामाजिक कार्य करती रहती है। इसमें श्रीमती बिंदिया रानी पत्नी जितेंद्र बंसल उपाध्यक्ष नगर परिषद जैतो विशेष अतिथि थे, प्रदेश सदस्य राजीव गोयल बिट्टू बादल ब्यूटी केयर सेंटर प्रभारी सुमन कोचर सिलाई प्रभारी शिल्पा वालिया सचिव मुकेश बंसल, डॉ. विजय सिंगला ,सभी प्रोजेक्ट चेयरमैन सतीश गोयल ममता जिंदल, अंजू कांसल, सिलाई अध्यापिका मोनिका। ब्यूटी केयर शिक्षिका भावना प्रवीण कंसल मौजूद रहीं।

## आईटीआई में आज से प्रथम काउंसलिंग की दाखिला प्रक्रिया शुरू हो रही है

**राहुल शर्मा हरियाणा/**
**दैनिक समाज जागरण**

महेंद्रगढ़। आईटीआई में आज से प्रथम काउंसलिंग की दाखिला प्रक्रिया शुरू हो रही है। नगर के जाटवास मोड़ पर चामधेड़ा रोड स्थित एमडीएस आईटीआई में भी कौशल विकास एवं उधमिता मंत्रालय भारत सरकार की ओर से 4 ट्रेडों में 164 सीटों पर दाखिले होंगे। आईटीआई में चार ट्रेड है। संस्थान के निदेशक गोपाल शर्मा एडवोकेट ने बताया कि संस्थान में इलेक्ट्रीशियन की 80, पलंबर की 24, वेल्डर की 40 एवं फिटर ट्रेड की 20 सीटों पर दाखिले सरकार द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार तथा तय शेड्यूल के तहत होंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी राजकीय व निजी प्रशिक्षण संस्थान में दाखिला प्रक्रिया शुरू है। प्रशिक्षण के इच्छुक छात्र-छात्राएं निर्धारित दस्तावेजों के साथ ऑनलाइन कर करें। उन्होंने बताया कि आईटीआई संस्थानों में 2024-25 के दाखिले के इच्छुक अभ्यार्थियों के लिए इस बार परिवार पहचान पत्र आवेदक के पास अपना आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी व दसवीं आधारित योग्यता प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, हरियाणा रिहायशी प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, इनकम सर्टिफिकेट, बैंक अकाउंट की कॉपी होना अनिवार्य है। वेल्डर, एवं प्लंबर ट्रेड में दाखिले की योग्यता 8वीं पास है जबकि इलेक्ट्रीशियन, फिटर व अन्य सभी ट्रेडों में दाखिले की योग्यता 10वीं पास है दाखिले का कार्यक्रम जारी है।

काउंसलिंग का शेड्यूल इस प्रकार रहेगा

आईटीआई में ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया 25 जून2024 मंगलवार को संपन्न हो गई।

पहली मेरिट लिस्ट कम सीट अलाटमेंट 28 जून2024 को ऑनलाइन जारी की जाएगी।

# लायंस क्लब गंगसर जैतो ने पौधे लगाकर वन महाउत्सव मनाया

**मन्नू पराशर दैनिक समाज जागरण**
**पंजाब चीफ ब्यूरो**

जैतो, 6 जुलाई : क्षेत्र की प्रसिद्ध मानवता को समर्पित संस्था लायंस क्लब जैतो गंगसर ने क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष व उद्योगपति कुलभूषण माहेश्वरी जट्टा के नेतृत्व में स्थानीय खेल स्टेडियम और सरकारी विद्या मंदिर स्कूल में पौधे लगाकर वन महा उत्सव मनाया।इस अवसर पर वन रेंज अधिकारी गुरजंग सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने बोलते हुए उन पेड़ों की प्रजातियों और लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि पौधा लगाने के बाद प्रतिदिन एक बार आप उसे गले लगाएं और उससे बात करें और यह निश्चित जान लें कि पौधे को जीवनभर किसी भी तरह के किरण स्प्रे की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस अवसर पर निर्देशक राम अवतार वर्मा ने पौधों की संभाल पर एक बहुत ही सुंदर

कविता पढ़कर सभी का मन मोह लिया।इस मौके पर अध्यक्ष ने कहा कि आकाश बांसल, प्रदीप गोयल और शक्ति मित्तल ठेकेदार ने मिलकर अपने बुजुर्गों की याद में ये पौधे लगाए हैं।इस अवसर पर आई केयर सेंटर अस्पताल जैतो के चेयरमैन राकेश रोमाणा, प्रोजेक्ट चेयरमैन प्रदीप गोयल, अध्यक्ष कुलभूषण माहेश्वरी, सचिव सुरिंदर गर्ग, कोषाध्यक्ष जीवन गर्ग, भूषण रोमाणा, समाज सेवी रमेश कांसल, धर्मपाल सिंगला, डॉ. विजय गुप्ता, कृष्ण गोपाल बांसल, देविंदर माहेश्वरी, राम अवतार वर्मा, नरेश मित्तल, नरेश गर्ग, श्रीमती शशी बांसल, श्रीमती सपना रोमाना, श्रीमती शोभा महेश्वरी उपस्थित रहे। अंत में मुख्य अतिथि एवं गणमान्य व्यक्तियों को सम्मान चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। पौधारोपण के बाद वन रेंज अधिकारी को सम्मानित करते क्लब सदस्य व पौधा लगाते हुए सदस्य

# सितम्बर के पहले सप्ताह में हरियाणा में किसानों-मजदूरों की राष्ट्रीय स्तर की महापंचायत होगी जिसमें देशभर से लाखों किसान शामिल होंगे: औलख

जैतो,6 जुलाई (रघुनंदन पराशर ): संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) की संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य तौर पर लखविंदर सिंह औलख,अभिमन्यु कोहाड़, राजिंदर सिंह चहल, दशरथ मलिक, हर्षदीप गिल, अंग्रेज सिंह कोटली, राजू सहरावत, राजेश किरमारा, अंग्रेज खेरा, जसविंदर ढुल, बलवान लोहान, जंगी लोहान, राममेहर सरपंच, कृष्ण माजरा, जगबीर बेरवाल, ओमप्रकाश मांडी, गुरपिंदर पिंडा, छैलूराम सिंह, कृष्ण मलिक, जगबीर ढंढेरि, आदि ने भाग लिया। अभिमन्यु कोहाड़ ने बताया कि 8 जुलाई को देशभर में गैर-भाजपाई 303 सांसदों को मांगपत्र देकर किसानों-मजदूरों की मांगों पर संसद के मानसून सत्र में प्राइवेट बिल पेश करने की मांग करी जाएगी। लखविंदर सिंह औलख ने कहा कि यदि विपक्ष के नेता संसद में प्राइवेट बिल नहीं लाएंगे तो फिर यह माना जायेगा कि वे किसानों के मुद्दों पर गम्भीर नहीं हैं। औलख ने कहा कि युवा किसान नेता नवदीप जलबेड़ा को हरियाणा पुलिस ने 28 मार्च को गिरफ्तार कर के थर्ड डिग्री का टॉर्चर किया जो किसी भी लोकतांत्रिक देश में स्वीकार्य नहीं है, नवदीप जलबेड़ा की रिहाई के लिए 17 व 18 जुलाई को 2 दिन के लिए पंजाब-हरियाणा के किसान बड़ी संख्या में इकट्ठे होकर अम्बाला एसपी का घेराव करेंगे। औलख ने बताया कि विधानसभा चुनाव से पहले 20 जुलाई से हरियाणा में तमाम जिलों में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा एवम जिला स्तरीय किसानों-मजदूरों के सम्मेलन आयोजित किये जायेंगे एवम सितम्बर महीने के पहले सप्ताह में राष्ट्रीय स्तर की किसान-मजदूर महापंचायत हरियाणा में आयोजित करी जाएगी जिसमें देशभर से लाखों की संख्या में किसान पहुंचेंगे। औलख ने कहा कि अपने दक्षिण भारत के दौर में सभी राज्यों को सितंबर माह में हरियाणा में होने वाली किसान महारैली के लिए न्यूनता दिया गया है जल्द ही सितंबर माह में हरियाणा में होने वाली किसान महारैली की तारीख व स्थान तय कर दिया जाएगा!

# विहार सरोवर क्षेत्र में अवैध होटलों पर कब चलेगा बुलडोजर?

## *विद्रोही पत्रकार, पैंथर डॉ. राजन माकणीकर का मा. मुख्यमंत्री से सवाल

मुंबई दि (संवाददाता) पवई में ब्रिटिशकालीन विहार सरोवर से सटे सरकारी स्थल पर अनधिकृत निर्माण हुआ है। इसमें मुख्य रूप से चादर पलटी होटल बनाये गये हैं, उन पर बुलडोझर कब चलेगा ? यह सवाल विद्रोही पत्रकार डॉ. माकणिकर ने महाराष्ट्र राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथराव शिंदे से किया है।

राष्ट्रव्यापी संविधान जागरूकता एवं साक्षरता अभियान के राष्ट्रीय संगठक डॉ. राजन माकनिकर ने मुख्यमंत्री एकनाथराव जी शिंदे को लिखे पत्र में कहा कि प्राकृतिक सुंदरता से घिरा ब्रिटिशकालीन विहार सरोवर न केवल एक ऐतिहासिक विरासत है, बल्कि प्रकृति का उपहार भी है। यह झील मुंबई के अधिकांश निवासियों के लिए प्यास बुझाने के स्रोत के रूप में जानी जाती है।

उक्त तालाब के बगल में अमीरों व राजनेताओं ने यहां अतिक्रमण कर लिया है. हालाँकि, बृहन मुंबई नगर निगम के अधिकारी चुप रहते हैं क्योंकि उन्हें इसके लिए भुगतान किया जाता है। मालूम हो कि सीनियर अधिकारी जूनियर अधिकारियों को आर्थिक ताकत देते हैं और खाने-पीने से शारीरिक भूख मिटाते हैं.

यहां चादर पलटी होटलों का जाल फैला हुआ है और पता चला है कि इन होटलों से नशे के सौदागरों को पनाह मिलती है, चर्चा है कि नाबालिग लड़कियों से शारीरिक भूख मिटाई जाती है, यह भी पता चला है कि कई युवक-युवतियां नाबालिग लड़कियों को लेकर आते हैं यहाँ वेश्यावृत्ति के लिए. पुलिस प्रशासन को मोटी रकम दी जाती है जिसके कारण पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है. इस सामग्री का पत्र डॉ. पैंथर राजन माकनिकर ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है.

समझा जाता है कि इस क्षेत्र में एमडी की बिक्री की जा रही है. पास में ही मोरारजी नगर बिट पुलिस स्टेशन है, लेकिन माना जा रहा है कि वहां की पुलिस हप्ता रकम लेकर एमडी की बिक्री को बढ़ावा दे रही है, क्योंकि इन दिनो में स्थानिक पुलिस ने किसी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया बल्की घाटकोपर पोलीस ने इस इलाके मे आकर कार्रवाई की है.

कहा जाता है की, पूर्व नगरसेवको और दक्षिण भारतीयों ने पुलिस और नगर निगम व्यवस्था की नाक के नीचे यहां अवैध होटल बनाए हैं और हवस और एमडी की बिक्री का गोरखधंधा फैला रखा है।

डेवलपर प्रशांत शर्मा ने अपनी राजनीतिक और वित्तीय ताकत के दम पर विहार सरोवर के पास अवैध रूप से उत्खनन किया है और सरकार को बिना कोई रॉयल्टी दिए मिट्टी के ढेर डंपरों से ले जाए जा रहे हैं, लेकिन मामले की शिकायत होने के बाद भी नगर पालिका द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

चूंकि विहार सरोवर एक राष्ट्रीय धरोहर है, इसलिए इसे संरक्षित करना भारतीयों का परम कर्तव्य है, और क्षेत्र में खनन से मिट्टी की उर्वरता और भूजल स्तर को खतरा होकर पर्यावरण प्रभावित हो सकता है। इसके चलते डेवलपर प्रशांत शर्मा की जांच करनी चाहिए कि किस अथॉरिटी ने किस दस्तावेज के आधार पर उत्खनन और निर्माण करने की अनुमति दी है और दी गई. अनुमति को रद्द कर प्रकृति और पर्यावरण का संतुलन बनाए रखा जाए। ऐसे डॉ माकणीकर ने कहा है. हमारे माध्यम से प्रदेश में अवैध निमार्णों और बियरबारों पर हथौड़ा चला है, उसी तर्ज पर टूरिस्ट होटल और अवैध स्टूडियो के साथ-साथ क्षेत्र के सभी अनाधिकृत होटलों पर भी बुलडोजर चला दिया जाये. मुहम्मद यूसुफ खोत के ट्रस्ट के परिसर में अतिक्रमण, अवैध कब्जा, फर्जी कागजी कार्रवाई और फर्जी कागज के आधार पर कागज बनाने वाले दलालों और गुंडों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की जाए और सारी जमीन सरकार अपने कब्जे में ले। यह मांग डॉ. राजन माकणिकर ने कि है.

# मेडिकल काउंसलिंग कमेटी ने वर्ष 2024 के लिए नीट यूजी और पीजी काउंसलिंग कार्यक्रम को अभी तक अधिसूचित नहीं किया

**दैनिक समाज जागरण**

जैतो,6 जुलाई( रघुनंदन पराशर ): केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शनिवार को कहा स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) के अंतर्गत आने वाली मेडिकल काउंसलिंग कमेटी (एमसीसी) ने वर्ष 2024 के लिए नीट यूजी और पीजी पाठ्यक्रमों के काउंसलिंग कार्यक्रम को अभी तक अधिसूचित नहीं किया है।

एमसीसी द्वारा अपनी वेबसाइट पर नीट यूजी और पीजी के लिए काउंसलिंग कार्यक्रम की घोषणा दरअसल परीक्षा प्रक्रिया पूरी होने के साथ-साथ राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) द्वारा सीट मैट्रिक्स को अंतिम रूप देने के आधार पर की जाती है। वर्ष 2021, 2022 और 2023 में यूजी सीटों के लिए काउंसलिंग क्रमशः 19/1/2022, 11/10/2022 और 20/7/2023 को शुरू हुई थी। वर्ष 2024 के लिए एनएमसी ने यूजी और पीजी सीटों के लिए सीट मैट्रिक्स को अंतिम रूप देने के अपने कार्यक्रम के बारे में जून माह के अंतिम सप्ताह में सूचित किया है, जिसमें यह संकेत दिया गया है कि वह जुलाई के तीसरे सप्ताह तक यूजी सीट मैट्रिक्स और अगस्त के मध्य तक पीजी सीट मैट्रिक्स को अंतिम रूप देगा। एमसीसी तदनुसार काउंसलिंग कार्यक्रम को अधिसूचित करेगी।अतः यह स्पष्ट किया जाता है कि एमसीसी ने वर्ष 2024 के लिए काउंसलिंग कार्यक्रम को अभी तक अधिसूचित नहीं किया है।

# अवैध कब्जा की शिकायतों का तत्काल करें निस्तारण : अवनीश राय डीएम इटावा

**दैनिक समाज जागरण**

(सुघर सिंह सैफई) इटावा। सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली जन शिकायतों का निर्धारित समय सीमा के अन्दर गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण किया जाये, अवैध कब्जा से संबंधित शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस, राजस्व की संयुक्त टीमें गठित कर मौके पर भेजकर तत्काल समस्या का निराकरण सुनिश्चित किया जाये।

उक्त निर्देश जिलाधिकारी अवनीश राय ने तहसील सैफई के सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जन शिकायतें सुनने के दौरान दिये। उन्होंने सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित अधिकारियों से कहा कि प्राप्त होने वाली जन शिकायतों के प्रति गम्भीर रहकर शिकायतों का गुणवत्तापूर्वक निर्धारित समयावधि के अन्दर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि वह अपने अधीनस्थों पर निर्भर न रहें बल्कि स्वयं मौके पर जाकर निस्तारण की गुणवत्ता को देखें, शिकायतकर्ता द्वारा दिये गये मोबाइल नम्बर पर उससे बात कर शिकायत निस्तारण की जानकारी कर तत्काल निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में क्षेत्रान्तर्गत ग्रामीण अंचलों से आये फरियादियों ने अपने अपने शिकायती पत्र जिलाधिकारी के सम्मुख प्रस्तुत किये, जिन्हें पृष्ठांकित कर संबंधित अधिकारियों को समय से निस्तारण हेतु उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये। इस मौके पर कुल 32 शिकायती पत्र प्राप्त हुए जिसमें 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुनकर अधीनस्थों को निर्धारित समय सीमा के अन्दर निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिये।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में सामाजिक निदेशक वानिकीय अतुल कांत शुक्ला,मुख्य चिकित्साधिकारी गीता राम, उप जिलाधिकारी , क्षेत्राधिकारी , तहसीलदार सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनसमस्याओं के निस्तारण में जनपद को मिला प्रथम स्थान

## सरकार द्वारा आई0जी0आर0एस0 रैंकिंग सूची में जिले को पहली बार मिला प्रथम स्थान

**दैनिक समाज जागरण**

श्रावस्ती, सरकार द्वारा आई0जी0 आर0एस0 माह-जून, 2024 की रैंकिंग जारी की गयी है, जिसमें जनपद श्रावस्ती ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिलाधिकारी श्रावस्ती अजय कुमार द्विवेदी द्वारा जनशिकायतों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर निरंतर समीक्षा की जा रही है तथा सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि प्राप्त जनशिकायतों के निस्तारण में शिकायतकर्ता की समस्या के समाधान का विशेष प्रयास किया जाय। शासन द्वारा प्रतिमाह

जनशिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के आधार पर जनपदों की रैंकिंग जारी की जाती है। जिलाधिकारी श्रावस्ती के कुशल मार्गदर्शन में जनपद ने यह सफलता प्राप्त की है।

जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद ने जनसमस्याओं के निस्तारण में टॉप-5 में अपनी जगह बनाते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जो जिले के सभी सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों के सहयोग से यह उपलब्धि हासिल हुई है, इसके लिए सभी विभागीय अधिकारी बधाई के पात्र है। उन्होने बताया कि आगे भी हमें इसी प्रकार बेहतर ढंग से जनशिकायतों का निस्तारण करके जिले को और बेहतर मुकाम पर लाना है। इसके लिए सभी सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को सतत रूप से मेहनत करने की जरूरत है। जनसमस्याओं का त्वरित निराकरण सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में है, इसलिए समस्त अधिकारी शिकायती पोर्टल आई0 जी0आर0 एस0, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, आनलाइन माध्यमों से प्राप्त सन्दर्भ का निस्तारण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें तथा शिकायतों के निस्तारण को अपने दैनिक कार्यों में सम्मिलित करें तथा किसी भी शिकायतकर्ता को बार-बार जिला मुख्यालय, तहसील मुख्यालय के चक्कर न लगाना पड़े। जनशिकायतों के निस्तारण की कार्यवाही निर्धारित तिथि के भीतर करते हुए गुणवतायुक्त आख्या अपलोड करें, ताकि जनसमस्याओं का त्वरित समाधान किया जा सके।

# बंगाल के मालदा आम के निर्यात पर असर, घरेलू बाजार में मिल रहे बेहतर दाम

**दैनिक समाज जागरण**

अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि विक्रेताओं को घरेलू बाजार में आकर्षक मूल्य मिल रहे हैं। पश्चिम बंगाल के मालदा जिले से आमों का निर्यात इस साल प्रभावित हुआ है, क्योंकि निर्यातक विदेशी खरीदारों से बेहतर कीमत हासिल करने में विफल रहे हैं। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि विक्रेताओं को घरेलू बाजार में आकर्षक मूल्य मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन और यूएई के आयातकों ने शुरू में रुचि दिखाई थी, हालांकि कीमत पर सहमति नहीं बनने के चलते निर्यात नहीं किया जा सका।

# डब्लू सिंह का असामयिक निधन अपूरणीय सांस्कृतिक क्षति

**दैनिक समाज जागरण**

6 जुलाई। पंडारक प्रखंड अंतर्गत परसावां पंचायत के मदतपुर गांव निवासी लोकप्रिय कलाकार व समाजसेवी डब्लू सिंह के अहले सुबह निधन की मनहूस खबर आते ही बाढ़ के सांस्कृतिक एवं सामाजिक हलकों में शोक की लहर दौड़ गई। वे 47 वर्ष के थे और पिछले दो-तीन वर्षों से किडनी की गंभीर बीमारी से लड़ रहे थे। वे अपने पीछे पत्नी नेहा सिंह और छः भाई व एक बहन छोड़ गए हैं। उनके असामयिक निधन पर कला-संस्कृति से जुड़े साहित्यकार सह समाजसेवी हेमंत कुमार ने कहा कि उनके आकस्मिक निधन से बाढ़ जनपद के सांस्कृतिक क्षेत्र को अपूरणीय क्षति हुई है। कला-फलक को गहरा आघात पहुंचा है। उन्होंने नब्बे के

दशक में मनोकृति कला संस्था गठित कर बाढ़ को नई सांस्कृतिक पहचान देने का काम किया। उन्होंने अनेक स्थानीय कलाकारों को आगे बढ़ाया। वह जितने अच्छे नृत्य कलाकार और रंगमंच के अभिनेता थे उतने ही अच्छे इंसान भी थे। सांस्कृतिक क्षेत्र से इतर उनका सामाजिक सरोकार भी सराहनीय था । उनके असामयिक निधन पर शिक्षाविद सत्येन्द्र प्रसाद सिंह, कांग्रेस नेता विजय कुमार सिंह, समाजसेविका सपना सिंह, इंजीनियर प्रेम कुमार, गीतकार -गायक मृत्युंजय शर्मा, मुखिया योगेन्द्र सिंह उर्फ जोगी सिंह, राजद नेता नीलमणि सिंह कुंदन, मिथिलेश यादव उर्फ मित्थे भैया, सेवानिवृत्त शिक्षक रामाधार सिंह,पूर्व मुखिया दिनेश सिंह, छात्र नेता दीपक कुमार ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की है। बाढ़ के उत्तरायण गंगा के तट पर अवस्थित सुप्रसिद्ध उमानाथ के सती घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि उनके इकलौते पुत्र रुद्र प्रताप सिंह ने दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उनके चाहने वाले मौजूद थे।

# सिर्फ घोड़ा दौड़ाया जा रहा है अब तक नहीं बना आयुष्मान कार्ड पत्रकारों का सूचना व स्वास्थ्य विभाग एक दूसरे पर मढ़ा जा रहा है आरोप दोषारोपण

**शशि भूषण दूबे कंचनीय एवं रोमेश रंजन दूबे**

मिजार्पुर जनपद में सिर्फ. कागजी घोड़ा दौड़ाया जा रहा है जिसका जीता जाता उदाहरण सिर्फ आयुष्मान कार्ड के तहत देखा जा सकता है जिसमें आम दोनों की कौन कहे जनपद में लगभग दो दर्जन से अधिक मान्यता प्राप्त पत्रकार व सैकड़ों की संख्या में गैर मानता प्राप्त पत्रकार हैं जिसमें प्रिंट मीडिया इलेक्ट्रॉनिक मीडिया वी सोशल मीडिया के पत्रकार हैं जिनका अभी तक आयुष्मान कार्ड नहीं बन पाया है है जबकि वहीं पड़ोसी जनपद में यहां पर रहे ओरिजनल जिला सूचना अधिकारी जो कि भदोही जनपद में स्थानांतरित गए उन्होंने वहां के पत्रकारों का प्राथमिकता के आधार पर आयुष्मान कार्ड बनवा दिया गया है वही लखनऊ मुख्यालय पर भी लगभग 800 से ज्यादा मान्यता प्राप्त पत्रकारों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया था वही कुछ माह पहले जिलाधिकारी मिजार्पुर द्वारा बाकायदा पत्रकार वार्ता कर बताया गया था कि सभी पत्रकारों का आयुष्मान कार्ड बनेगा जिससे उनको सरकारी लाभ मिल सके मसलन दवाई के तौर पर फ्री सेवा किंतु यहां जनपद में ऐसा कुछ भी नहीं हुआ हालांकि इक्का-दुक्का पत्रकार है जिनका पहले से ही बना हुआ है किंतु अधिकांश लोगों का अब तक आयुष्मान कार्ड नहीं बन पाया है वही सीएमओ कार्यालय में तैनात एक बाबू द्वारा जो आयुष्मान कार्ड बनाता है उसके द्वारा बताया गया की सूचना विभाग द्वारा लोड नहीं कराया गया जिससे यह दिक्कत हो रहा है वही सूचना विभाग के एक कर्मचारी का कहना है सब लखनऊ से होगा और सीएमओ कार्यालय को दे दिया गया है अब इसी चक्कर में यहां पर पत्रकारों का आयुष्मान कार्ड नहीं बन पा रहा है वही जब भी डी एम के सीयूजी नंबर पर अपनी समस्याओं को अवगत कराने की कोशिश किया जाता है तो फौरन काफी समय से जमे उक्त कर्मचारी शियूजी नंबर का इस्तेमाल कर डीएम को यह कहने पर विवस हो जाता है कि अभी मीटिंग चल रहा है बाद में बात होगी किंतु उसका कोई महत्व नहीं होता बहरहाल अब यहां बताना यह भी आवश्यक हैं कि जिला सूचना कार्यालय में तैनात एक कर्मचारी ऐसा भी है जो वर्षों से यही पर डटा हुआ है जिसकी कार्य शैली की अगर जांच की जाए तो वह भी पता चल सकता है कि आखिर वह मनबढ़ क्यों है और क्यों यहां पर कार्ड नहीं बन पा रहा है बहरहाल सूचना विभाग द्वारा जो विज्ञप्ति प्रतिदिन जारी होता है इसमें बड़े-बड़े नाम दिए जाते हैं कि फला फला कार्य करिए फला-खड़ा जल्दी से करिए किंतु सिर्फ कागज पर अखबार वाले छापने के लिए भी तैयार होते हैं किंतु सच्चाई कुछ और है जिसकी जानकारी स्वयं जिलाधिकारी ले सकती है

## फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने हेतु 08 जुलाई से चलाया जायेगा सघन अभियान-जिलाधिकारी

समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने बताया है कि एग्री स्टैक (डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर फॉर एग्रीकल्चर) के अन्तर्गत फार्म रजिस्ट्री तैयार करने के सम्बन्ध में शासन द्वारा निर्देश दिये गये है। उन्होने बताया है कि प्रथम चरण में फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने हेतु स्थानीय कार्मिकों के माध्यम से सघन अभियान चलाकर दिनांक 08 जुलाई 2024 से कैम्प मोड में अभियान की शुरूआत करके दिनांक 08 अगस्त तक कार्य सम्पादित किया जायेगा। इसके बाद द्वितीय चरण में 09 अगस्त से इसे कृषकों के लिये खोल दिया जायेगा जिससे अवशेष कृषकों द्वारा अपने फार्मर रजिस्ट्री की कार्यवाही को उपलब्ध कराये गये मोबाइल एप के माध्यम से स्वयं अथवा जन सुविधा केन्द्र के माध्यम से किया जा सके। उन्होने बताया है कि फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने हेतु नामित कार्मिकों द्वारा मोबाइल एप के माध्यम से कृषक के बकेट में उपलब्ध भूमि का सत्यापन, आधार सीडिंग, कृषक की सहमति प्राप्त करना तथा कृषकों के ई-केवाईसी कराने का कार्य किया जायेगा। फार्म रजिस्ट्री के सम्बन्ध में आने वाली क्षेत्रीय कार्मिकों की समस्याओं का यथा आवश्यक निस्तारण जनपद एवं तहसील स्तर पर नामित मास्टर ट्रेनर द्वारा किया जायेगा।

# 100 का आंकड़ा पार, अपोलो हॉस्पिटल्स लखनऊ ने घुटनों की रोबोटिक ट्रांसप्लांट सर्जरी में सबसे तेजी से हासिल की उपलब्धि

### ग्रामीण भारत में भी बढ़ रही है रोबोटिक सर्जरी जैसी इलाज की स्वीकार्यता और मांग, सर्जरी के बाद बेहतर जीवन गुणवत्ता के लिए ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी खर्च उठाने को तैयार

**शशि भूषण दूबे कंचनीय/दैनिक समाज जागरण**

लखनऊ, 6 जुलाई 2024 उत्तर प्रदेश के प्रमुख हेल्थ सर्विस प्रोवाइडर अपोलो हॉस्पिटल्स लखनऊ एक बेहद महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। हॉस्पिटल ने सबसे तेजी से घुटने के 100 सफल रोबोटिक ट्रांसप्लांट सर्जरी पूरी की हैं।

यह सफलता हॉस्पिटल के उस लक्ष्य को दशार्ती है कि वे अपने मरीजों को हड्डियों और जोड़ों के इलाज में नवीनतम तकनीकों का लाभ प्रदान कर रहे हैं। अपोलो हॉस्पिटल्स उत्तर प्रदेश में (एनसीआर छोड़कर) पहला ऐसा प्राइवेट हॉस्पिटल है, जहां घुटने और जोड़ो की सर्जरी के लिए रोबोटिक सिस्टम के साथ साथ ऑन्कोलॉजी, यूरोलॉजी, कार्डियक सर्जरी, बैरियाट्रिक सर्जरी, गाइनेकोलॉजिकल सर्जरी, जनरल सर्जरी, थोरासिक सर्जरी और पीडियाट्रिक सर्जरी के लिए अत्याधुनिक दा विंची एक्सआई रोबोट भी उपलब्ध है।

डॉ. संजय श्रीवास्तव, चेयरमैन - ऑर्थोपेडिक्स एंड ज्वाइंट रिप्लेसमेंट, अपोलो हॉस्पिटल लखनऊ ने मीडिया से बात करते हुए कहा, "100 सफल रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट सर्जरी का आंकड़ा पार करना हमारी टीम की विशेषज्ञता और मरीजों को अत्याधुनिक इलाज देने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट सर्जरी में डॉक्टर की मदद के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से चलने वाला रोबोटिक आर्म इस्तेमाल किया जाता है. जिससे ऑपरेशन के दौरान अत्याधिक सटीकता हासिल होती है और घुटने के रिप्लेसमेंट को मरीज के शरीर के हिसाब से



बेहतर बनाया जा सकता है। यह नई टेक्नोलॉजी कई फायदे देती है, जैसे मरीज जल्दी ठीक हो जाना, दर्द कम होना, और खून का बहना कम होता है, घुटने के नए जोड़ का ज्यादा समय तक टिके रहना और मरीजों को कुल मिलाकर बेहतर नतीजे मिलते हैं। यह पूरी प्रक्रिया मरीजों की भागीदारी को भी बढ़ाती है।"

डॉ. मयंक सोमानी, एमडी एंड सीईओ, अपोलो हॉस्पिटल्स, लखनऊ कहते हैं, "हम इस क्षेत्र में रोबोटिक सर्जरी करने में अग्रणी होने में गर्व महसूस करते हैं। अपोलो हॉस्पिटल्स लखनऊ लगातार इस क्षेत्र में मरीजों की देखभाल में क्रांति ला रहा है। रोबोटिक सर्जरी की स्वीकृति और मांग लगातार बढ़ रही है। अब मरीज खुद ही रोबोटिक सर्जरी की मांग करते हैं। जो रोबोटिक सर्जरी हम अपोलो

हॉस्पिटल्स में करते हैं, उनमें से लगभग 50% मरीज शहरी आबादी के होते हैं जबकि 50% मरीज ग्रामीण क्षेत्रों से आते हैं। अगर इस क्षेत्र की बात करें तो आश्चर्यजनक रूप से 50% मरीज लखनऊ शहर के होते हैं जबकि 50% आसपास के इलाकों जैसे बाराबंकी, हरदोई, रायबरेली, सुल्तानपुर आदि से आते हैं। इनमें से ज्यादातर मरीज रोबोटिक सर्जरी के अतिरिक्त खर्च को वहन करने के लिए तैयार हैं। यह दशार्ता है कि ग्रामीण क्षेत्रों के लोग भी अब सर्जरी के बाद बेहतर जीवन की गुणवत्ता के महत्व को समझते हैं और बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्राप्त करने के लिए अधिक खर्च करने को तैयार हैं।"

हाल ही में, हमने अपोलो हॉस्पिटल्स में रोबोटिक सर्जरी के लिए अत्याधुनिक "डा विंची एक्सआई रोबोटिक सर्जिकल सिस्टम" स्थापित किया है। यह नई प्रणाली यूरोलॉजी, जनरल सर्जरी, बाल रोग सर्जरी, हृदय शल्य चिकित्सा और कैंसर सर्जरी जैसी कई अन्य सुपर-स्पेशलिटी सर्जरी के लिए इस्तेमाल की जा सकती है। हम इस नई तकनीक का उपयोग करके पहले ही सफल सर्जरी भी कर चुके हैं। यह नई उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि अपोलो अस्पताल विभिन्न क्षेत्रों में मरीजों को नवीनतम चिकित्सा तकनीक उपलब्ध कराने और बेहतर इलाज सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# नई तकनीकी की शिक्षा से वंचित न रहें हमारे युवा : मुख्यमंत्री

### साइबर सिक्योरिटी के भी चलें कोर्स, प्रशिक्षित युवाओं को मिलेगा रोजगार : सीएम योगी

**शशि भूषण दूबे कंचनीय /दैनिक समाज जागरण**

गोरखपुर लखनऊ, 6 जुलाई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज का समय तकनीकी का समय है। समय के अनुरूप ही हमें उन्नत तकनीकी को लेकर आगे बढ़ना होगा। इसके लिए युवाओं को नए दौर के तकनीकी पाठ्यक्रमों (न्यू एज कोर्सेज) की शिक्षा प्रदान करनी होगी ताकि हमारे युवा किसी भी तरह समय से पीछे न हो सकें।

सीएम योगी शनिवार को सहजनवा के हरदी में राजकीय पॉलिटेक्निक के आवासीय/अनावसीय भवनों का उद्घाटन करने के बाद यहां आयोजित समारोह में उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इन भवनों के निर्माण पर 21.02 करोड़ रुपये की लागत आई है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि आज कुछ युवा विभिन्न ऑनलाइन फर्जी कंपनियों की लालच में फंसकर अपना धन और समय दोनो बेकार कर देते हैं। आज दुनिया में साइबर सिक्योरिटी भी एक बड़ा मुद्दा बन चुका है। साइबर सिक्योरिटी के लिए भी डिग्री या डिप्लोमा कार्यक्रम चललाकर प्रशिक्षित युवाओं को तैयार किया जा सकता है। साइबर सिक्योरिटी में प्रशिक्षित युवा साइबर से संबंधित विभिन्न मुद्दों में अपना योगदान दे सकते हैं और रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। सीएम योगी ने कहा कि उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास होना चाहिए कि हमारा युवा आज की नई तकनीकी जैसे इंटरनेट ऑफ थिंग्स, डाटा एनालिटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आदि की शिक्षा से वंचित न हो। इसके हमें स्थानीय स्तर पर ही इस कार्य को आगे बढ़ाना होगा। रोजगार प्राप्त युवा अपनी समृद्धि के साथ गोरखपुर, प्रदेश और देश के विकास में भी बड़ा योगदान देगा।

### चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था से यूपी में बेहतरीन औद्योगिक वातावरण

सीएम योगी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में सुरक्षा के चाक-चौबंद व्यवस्था के कारण बेहतरीन औद्योगिक वातावरण का विकास हुआ है। प्रशिक्षित कार्यबल के लिए लगातार कार्य किये जा रहे हैं। युवाओं को स्किल्ड बनाने के लिए कई डिग्री और डिप्लोमा के कोर्स चलाए जा रहे हैं। आज उत्तर प्रदेश में तीन तकनीकी विश्वविद्यालय हैं जिसमे एक जिसमे एक लखनऊ में, दूसरा कानपुर में तथा तीसरा गोरखपुर में मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय है। प्रदेश में विभिन्न राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, सैकड़ों पॉलिटेक्निक और आईटीआई कॉलेज के साथ निजी इंजीनियरिंग कॉलेज तकनीकी शिक्षा को आगे बढ़ा रहे हैं। प्रदेश सरकार का व्यावसायिक शिक्षा विभाग कई प्रकार न्यू एज कोर्स का संचालन कर रहा है ताकि प्रदेश के युवाओं को दक्ष बनाया जा सके।

### जहां बन रहा था स्लॉटर हाउस, वहां लग रहे नए-नए उद्योग

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गोरखपुर में आज तमाम विकास कार्य चल रहे हैं। विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लगातार विकास एवं जनकल्याण का कार्य किया जा रहा है। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे भी बनकर तैयार हो चुका है। गीडा में लगातार नए-नए उद्योग लग रहे हैं। उन्होंने सहजनवा के गीडा के संबंध में कहा कि जिस क्षेत्र में पहले स्लॉटर हाउस बनाया जा रहा था आज वहां नए-नए उद्योग लग रहे हैं। गीडा क्षेत्र में पेप्सिको ने भी अपना प्लांट लगाया है जिसका उद्घाटन कार्य शीघ्र ही किया जाएगा।

### विकास की महत्वपूर्ण कड़ी बनेगा सहजनवा का पॉलिटेक्निक

सीएम योगी ने कहा कि आज सहजनवा क्षेत्र को तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में एक नई सौगात प्राप्त हुई है। शासन का पूरा प्रयास है कि इसी सत्र में शिक्षा का प्रारंभ हो सके, किंतु यदि अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद से मान्यता मिलने की प्रक्रिया में विलंब होता है तो अगले सत्र से यहां सुचारू रूप से पठन पाठन का कार्य प्रारंभ हो जाएगा। यह पॉलिटेक्निक सहजनवा क्षेत्र के विकास में बहुत ही महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगा। उन्होंने कहा कि आज सहजनवा क्षेत्र में गीडा का लगातार विस्तार हो रहा है। यहां नित नए उद्योग लग रहे हैं। इन उद्योगों से लगातार नए-नए रोजगार सृजित हो रहे हैं। इतने सारे उद्योग लगने से इस पॉलिटेक्निक का डिप्लोमाधारक छात्र अपनी शिक्षा पूर्ण करने के पश्चात स्थानीय स्तर पर ही रोजगार प्राप्त कर लेगा। यहां के उद्योग की मांग की अनुसार ही यहां से शिक्षा प्राप्त कर इस क्षेत्र का युवा रोजगार पर सकेगा। सहजनवा के साथ गोरखपुर के विकास में इस पॉलिटेक्निक की बड़ी भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि शासन के तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा 21 करोड़ की लागत से निर्मित इस आधुनिक राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में प्रशासनिक भवन, शैक्षणिक भवन, छात्र-छात्राओं के लिए छात्रावास के साथ अन्य कर्मचारियों के लिए भी आवास का निर्माण किया गया है ताकि उच्च स्तर की शिक्षा का कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सके। छात्रावास में 60 छात्र तथा 60 छात्राओं के लिए रहने एवं पढ़ने का पूर्ण इंतजाम किया गया है। छात्रों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि कहा कि इस कॉलेज में प्रवेश के लिए वे अभी से तैयारी शुरू कर दें। संबोधन के अंत में राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज के उद्घाटन की बधाई देते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि यह कॉलेज इस क्षेत्र के युवाओं को तकनीकी दक्ष बनाने के साथ उन्हें आत्मनिर्भर भी बनाएगा। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि इस कॉलेज में प्रवेश हेतु वे अभी से ही तैयारी शुरू कर दें।

### बाढ़ बचाव के कार्यों से बारिश में कोई दिक्कत नहीं

सीएम योगी ने कहा कि बाढ़ बचाव हेतु जनपद में विभिन्न क्षेत्र में उन्नत तरीके से बांधों का निर्माण कार्य किया जा रहा है। कुछ बांधों का आज उनके द्वारा निरीक्षण भी किया गया है जो बहुत ही अच्छे तरीके से बनाए जा रहे हैं। इन बांधों के निर्माण के फलस्वरूप गोरखपुर में इतनी वर्षा होने के बावजूद कोई दिक्कत नहीं हो रही है। राजकीय पॉलिटेक्निक के आवासीय/अनावासीय भवनों के उद्घाटन समारोह में विधायक प्रदीप शुक्ल, श्रीराम चौहान, राजेश त्रिपाठी, पूर्व विधायक जीएम सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, जिला महामंत्री आरडी सिंह, प्रमुख सचिव तकनीकी शिक्षा एम. देवराज आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# आयुक्त व पुलिस उपमहानिरीक्षक ने समाधान दिवस की सुनी शिकायतें,35 शिकायतों में 9 का हुआ मौके पर निस्तारण

**शशि भूषण दूबे कंचनीय/दैनिक समाज जागरण**

उरई जालौन 6 जुलाई। मण्डलायुक्त झांसी मण्डल झांसी श्री विमल दुबे व पुलिस उपमहानिरीक्षक कलानिधि नैथानी ने जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक ईरज राजा की मौजूदगी में गल्ला मंडी स्थित तहसील उरई के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में मण्डलायुक्त ने जन शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुनकर उसका निस्तारण सम्बंधित अधिकारियों को ससमय गुणवत्तापूर्ण ढंग से करने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में मण्डलायुक्त के समक्ष 35 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 09 शिकायत का मौके पर ही निस्तारण किया गया। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि जन शिकायतों का निस्तारण अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्ता पूर्ण ढंग से करते हुए शिकायतकर्ता को पूर्ण रूप से संतुष्ट किया जाए साथ ही निस्तारण के सम्बंध में फीडबैक भी लिया जाए। उन्होंने तहसील में आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनते हुए प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपते हुए निर्देशित कि संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों को समय पर एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी शिकायतों के निस्तारण में शिथिलता बरतते है तो उनके विरुद्ध सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद में पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निस्तारण करना सुनिश्चित करेंगे। पुलिस उपमहानिरीक्षक ने पुलिस विभाग के अधिकारियों से कहा कि पुलिस विभाग के पास जो भी फरियादी अपनी समस्या लेकर आए उसकी सुनवाई व समाधान अवश्य ही करें साथ ही दौनो पक्षों को दो दिन पूर्व सूचना देकर सम्पूर्ण थाना दिवस बुलाया जाए और समाधान कराया जाए, फरियादी संतुष्ट हो जाए और उन्हें दोबारा शिकायत करने की जरूरत न पड़े । उन्होंने कहा कि जनशिकायतों का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले बिंदुओं में से एक है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता न बरती जाए। इसके उपरांत प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण के अंतर्गत 07 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र व चावी वितरित की गई। मंडी परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेंद्र देव शर्मा, उपजिलाधिकारी उरई हेमंत पटेल, जिला विकास अधिकारी सुभाष चंद्र त्रिपाठी, तहसीलदार शेर बहादुर आदि सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# कहानी सुनाओ प्रतियोगिता के परिणाम की घोषणा शशि भूषण दूबे कंचनीय यूपी स्टेट ब्यूरो प्रमुख

**दैनिक समाज जागरण**

लखनऊ : एशियन किड्स-ठाकुरगंज और सिटी इंटरनेशनल स्कूल-बालागंज ने मिलकर एक ऑनलाइन कहानी सुनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।विद्यालय प्रबंधक- श्री शहाब हैदर ने सभी को बधाई दी, आशीर्वाद दिया तथा दूसरे राउंड में भी अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया ।

कार्यक्रम एक बड़ी सफलता साबित हुआ. अभिभावकों और बच्चों ने काफी रुचि दिखाई। प्रतिभागियों में खुशी लाते हुए विजेताओं की घोषणा की गई। विजेताओं के नाम इस प्रकार है-कहानी सुनाओ प्रतियोगिता 2024 श्रेणी ए का परिणाम विजेता अविशा अवस्थी कक्षा-यूकेजी,









सीएमएस ,अलीगंज सबसे ज्यादा पसंद किया जाने वाला वीडियो श्रीनिका भटनागर कक्षा-एलकेजी, एलपीएस , आनंदनगर कहानी सुनाओ प्रतियोगिता 2024 श्रेणी बी का परिणाम विजेता अन्वी अवस्थी कक्षा-4, सीएमएस कानपुर सबसे ज्यादा पसंद किया जाने वाला वीडियो अमायरा किदवई कक्षा-2, सीएमएस यूनाइटेड वर्ल्ड

# समाज के अंतिम पायदान पर खड़े ब्यक्ति की मदद करना कांग्रेस के मूल सिद्धांत -अजय राय

**शशि भूषण दूबे कंचनीय /दैनिक समाज जागरण**

लखनऊ, 06 जुलाई। लोकसभा चुनाव के बाद उत्तर प्रदेश कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री श्री अजय राय के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी लगातार खेत खलिहानों से लेकर छात्रों, किसानों, महिलाओं, नौजवानों, दलितों, पिछड़ों मुस्लिमों, तथा समाज के तमाम समुदायों के बीच में हर मुद्दे पर संवाद कर रही है।

इसी कड़ी में आज राजधानी लखनऊ स्थित सीरोज कैफे गोमती नगर पहुंचकर एसिड पीड़िताओं के बीच जाकर उनसे मुलाकात कर उनकी समस्याओं को समझने की कोशिश की और उनके आने वाले जिंदगी में हर सुख-दुख में उनके साथ खडे. रहने का यकीन दिलाया।

श्री राय ने कहा कि करूणा, सहयोग, साथ कांग्रेस की मूल विचारधारा है। हमारे नेता श्री राहुल गांधी जी समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति से रोज मिलकर उनके जिंदगी में दुख और परेशानियों को समझने का प्रयास



हैं। हम भी श्री राहुल गांधी जी के रास्ते पर चलते हुए एक नैतिक और आदर्शवादी राजनीति कर रहे हैं।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन श्री मनीष हिंदवी ने जानकारी

में बीते दिनों हुए छात्रा पर तेजाब फेंकने की घृणित घटना के संज्ञान में आने के बाद आज कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल उत्तर प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी मध्यजोन की अध्यक्ष श्रीमती ममता चौधरी के नेतृत्व में लखनऊ के मेडिकल कॉलेज अस्पताल के प्लास्टिक सर्जरी विभाग पहुंचकर पीड़िता के परिजनों से मिलकर पीड़िता का कुशल क्षेम जाना तथा घटना की वस्तुस्थिति की जानकारी ली।

प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने पीड़िता के परिजनों को पार्टी की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया और अस्पताल में चिकित्सकों से मिलकर पीड़िता के समुचित इलाज के लिए निवेदन किया। साथ ही सरकार से तेजाब की बिक्री पर प्रतिबंध लगने की मांग करते हुए कहा कि यदि किसी को जरूरत है तो पूरे कागजात होने पर ही दिया जाना चाहिए। ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों में महिला कांग्रेस की उपाध्यक्ष सुशीला शर्मा, प्रज्ञा सिंह, प्रदेश सचिव श्रीमती अनामिका यादव, सुनीता रावत, महताब जायसी, नितान्त सिंह, आर्यन मिश्रा आदि कांग्रेसजन मौजूद रहे।

# लेखपाल सरकारी जमीनों पर किये गये अवैध कब्जे खाली कराये अन्यथा होगी कार्यवाही-जिलाधिकारी

समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सदर तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 200 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें से राजस्व विभाग की 15 शिकायतें इस प्रकृति की पायी गयी जिनका मौके पर निस्तारण कर दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल प्राप्त 200 शिकायतों में से 111 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 39, विकास विभाग से 10, चकबन्दी विभाग से 02, विद्युत विभाग से 04 एवं 34 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते प्राप्त हुई। पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार द्वारा सुना गया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतकर्ता शिव बहादुर पाल निवासी ग्राम सराय मेदीराय (सराय हरि नारायन) ने शिकायत किया कि प्रार्थी अपनी ही ग्राम निवासी आशिक अली सुत गुलशेर जो प्रार्थी की बैनामे की भूमि का कुछ अंश एवं ग्राम समाज की सरकारी भूमि पर स्थानीय लेखपाल मंशराम वर्मा की मिली भगत से अवैध निर्माण कर रहे थे जिसकी शिकायत की तो स्थानीय लेखपाल ने आख्या दिया था निर्माण गाटा संख्या 13 (ऊसर) में हो रहा है उससे शिकायतकर्ता से कोई मतलब नहीं है, अवैध निर्माण जारी रहने की स्थिति में जब प्रार्थी लेखपाल की झूठी रिपोर्ट की पोल खोल दी और जिलाधिकारी एवं उपजिलाधिकारी सदर ने पैमाइश करके विवादित भूमि चिन्हित करने का आदेश दिया तब स्थानीय लेखपाल प्रार्थी से रूष्ट होकर आये और सादे कागज पर प्रार्थी के हस्ताक्षर करने के लिये दबाव बनाने लगे, जब प्रार्थी ने सादे कागज पर हस्ताक्षर करने से इन्कार कर दिया तो लेखपाल ने फर्जी मुकदमें में फंसाने की धमकी देते हुये अपने मोबाइल में प्रार्थी को फोटो खींचकर चले गये। इस प्रकरण में जिलाधिकारी ने तहसीलदार सदर को निर्देशित किया कि जांच की जाये एवं यदि लेखपाल दोषी है तो उसके विरूद्ध कार्यवाही की जाये। जिलाधिकारी ने जन शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुनकर उसका निस्तारण सम्बन्धित अधिकारियों को ससमय गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों, लेखपालों एवं कानून-गो को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि शासन की मंशा अनुरूप शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाये। उन्होने निर्देशित करते हुये कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये जमीनी विवादों के शिकायतों को राजस्व और पुलिस टीम द्वारा मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के उन शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाये। उन्होने सभी लेखपालों को कड़े निर्देश दिये कि सरकारी जमीनों पर जो भी अवैध कब्जे किये गये है उसे खाली कराया जाये, यदि कहीं पर सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे की

## इको क्लब पर्यावरण जागरूकता अभियान के अन्तर्गत ई कचरा अनुपयुक्त इलेक्ट्रॉनिक सामाग्री के विषय में बताया गया

जनपद श्रावस्ती राजकीय इंटर कालेज गब्बा पुर सिरसिया में इको क्लब पर्यावरण जागरूकता के अंतर्गत ई कचरा अनुपयुक्त इलेक्ट्रॉनिक सामग्री के विषय में श्री संजीत कुमार वर्मा द्वारा यह बताया गया कि ई कचरा क्या है भारत में ई कचरा के प्रबंधन से संबंधित चुनौतिया क्या हैं तथा इसके पुनर्चक्रण की पृष्ठि भूमि के विषय में जानकारी दी गई।

संचारी रोग नियंत्रण एवम दस्तक अभियान के साथ डायरिया रोको अभियान के अंतर्गत विद्यालय में वाटर कूलर, गमलो में जमा पानी एवम पानी टकियो/शौचालय तथा विद्यालय परिसर की साफ सफाई विद्यार्थियों एवं शिक्षकों शिक्षणेत्तर कर्मचारी द्वारा कराई गई।

## विद्यार्थियो में उर्जा टीम का गठन किया गया

जनपद श्रावस्ती राजकीय इंटर कालेज गब्बा पुर सिरसिया में विद्यालय में इको क्लब के अंतर्गत ऊर्जा बचाने हेतु विद्यार्थियों में ऊर्जा टीम का गठन किया गया तथा ऊर्जा संरक्षण जागरूकता हेतु पोस्टर, बैनर के माध्यम से छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया गया तथा ऊर्जा बचाने संबंधी उपकरणों के इस्तेमाल की भी जानकारी दी गई।






अगर आपके पास मे हैलमेट न हो और चालान के बचना चाहते है तो यह नया तरकीब है।

# नया बिहार बनाऊंगा, दिवंगत पिता के अधूरे सपने को करुंगा पूरा - चिराग पासवान, केंद्रीय मंत्री

**राम विलास पासवान की 78वीं जयंती समारोह में शरीक हुए लोजपा (आर) के नव निर्वाचित सांसद**



**दैनिक समाज जागरण**

हाजीपुर। पद्म भूषण प्राप्त पूर्व केन्द्रीय मंत्री राम विलास पासवान की 78 वीं जंयती के अवसर पर केन्द्रीय मंत्री व लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने दिवंगत राम विलास पासवान की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उपस्थित जन समूहों से कहा अपने दिवंगत पिता के अधूरे हैं को हर हाल में पूरा करुंगा क्यों कि आपलोगों ने जिस उम्मीद के साथ मुझे अपार बहुमत से विजय बनाया उस पर हमेशा खरा उतरूंगा। हाजीपुर को देश की सबसे विक-सित लोक सभा के रुप में देखना चाहता हूं। आगे उन्होंने कहा केन्द्रीय मंत्री बनने के बाद इस इलाके के युवाओं को अधिक से अधिक नौकरी मिले, प्रयास शुरू कर दिया हूं।अपने विभाग की योजनाओं के माध्यम से आपलोगों को बेहतर अवसर देने का काम करुंगा। उन्होंने यह भी कहा आपलोगों के सहयोग से विकसित हाजीपुर के साथ साथ नया बिहार बनाऊंगा। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों में प्रमुख थे नव निर्वाचित सांसद वीणा देवी, अरुण भारती, शांभवी चौधरी, राष्ट्रीय महासचिव डॉ सत्यानंद शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी, संजय पासवान, हुलास पाण्डे, कमलेश यादव, राम प्रवेश यादव, अनिल पासवान तथा अशफाक अंसारी आदि।

# सीएचजेयू ने सीएम को सौंपा ज्ञापन, पेंशन 20 हजार करने, सभी पत्रकारों को मान्यता कार्ड व पेंशन देने की मांग

- दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मंथली सभी अखबारों, टीवी व डिजिटल मीडिया के सभी पत्रकारों को मिले मान्यता
- कैशलेस कार्ड जारी करने, पत्रकार पेंशन योजना व प्रेस मान्यता के लिए जारी नई अधिसूचना वापस लेने की मांग



**दैनिक समाज जागरण**

हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) : चंडीगढ़ एंड हरियाणा जर्नलिस्ट यूनियन (सीएचजेयू) ने आज मुख्यमंत्री नायब सिंह से मुलाकात कर पत्रकारों की मांगों को उनके समक्ष रखा और एक ज्ञापन सौंपा। सीएचजेयू ने मुख्यमंत्री से एमरजेंसी दौरान जेल जाने वालों की तरह पत्रकारों की पेंशन भी 20 हजार रूपए महीना करने, सांध्य, दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मंथली छपने वाले मध्यम, लघु व स्थानीय समाचार पत्रों, टीवी व डिजिटल मीडिया के पत्रकारों को प्रेस मान्यता कार्ड पहले की तरह सीए रिर्पोट पर प्रदान करने व पेंशन योजना के लिए जारी नई अधिसूचना की शर्तों को गैर-तर्कसंगत बताते हुए अधिसूचना वापस लेने की मांग की है। सीएचजेयू के अध्यक्ष राम सिंह बराड़, प्रदेश चेयरमैन बलवंत तक्षक, चंडीगढ़ प्रेस क्लब के अध्यक्ष नलिन आचार्य ने मुख्यमंत्री नायब सिंह को दिए ज्ञापन में सीएम से कहा कि प्रदेश सरकार ने पत्रकारों को कर्मचारियों की तरह कैशलैस मेडिकल सुविधा देने का ऐलान किया था। अभी तक पत्रकारों को कैशलैस मेडिकल कार्ड नहीं मिले हैं। सीएचजेयू ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि सभी पत्रकारों को कैशलेस मेडिकल कार्ड की सुविधा दी जाएं। इस मौके पर मुख्यमंत्री के प्रेस सचिव प्रवीण आत्रेय भी मौजूद थे। सीएचजेयू ने सीएम से आग्रह किया कि पत्रकारों की निशुल्क बस सुविधा पर लगी किलोमीटर सीमा हटाते हुए पत्रकारों की अन्य लंबित सभी मांगे भी जल्दी लागू करवाएं। सीएचजेयू ने कहा कि विभाग द्वारा जारी नई अधिसूचना अनुसार परिवार के सिर्फ एक सदस्य को ही पेंशन मिल सकेगी। यानि अगर पति व पत्नि दोनों पत्रकार हैं तो उनमें अगर पति को पहले पेंशन शुरू हो गई तो पत्नी को पेंशन नहीं मिलेगी। पुराने नियमों में ऐसी कोई पाबंदी नहीं थी। इसके अलावा पुराने नियमों में यह प्रावधान था कि अगर पेंशन पाने वाले पत्रकार का निधन हो जाता है, तो उसके जीवन साथी (पत्नी अथवा पति) को पूरी पेंशन मिलेगी। यानि उस समय पत्रकार का निधन होने पर उसके जीवन साथी को पूरी 10 हजार रुपए महीना पेंशन मिलती थी। नए नियमों के अनुसार अब उनके लिए पेंशन 10 हजार से बढकर 15 हजार होने की बजाय घटाकर 7,500 रूपए कर दी गई है। इन नियमों में यह भी प्रावधान किया है कि किसी पत्रकार के खिलाफ कोई मामला दर्ज होने पर उसकी पेंशन बंद कर दी जाएगी, यह शर्त भी न्यायसंगत नहीं है। इसके अलावा पेंशन प्रदान करने के नियमों को सरल करने की बजाय और ज्यादा कड़े व सख्त कर दिए हैं। सीएचजेयू अध्यक्ष ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह ने पत्रकारों की मांगों व उन्हें पेश आ रही दिक्कतों को ध्यान से विस्तारपूर्वक सुना और इस संबंध में उनका रवैया बेहद सकारात्मक रहा।

# डॉ सुरेंद्र जैन आम आदमी पार्टी में हुए शामिल



**दैनिक समाज जागरण**

हरियाणा/ हिसार (राजेश सलूजा) : आम आदमी पार्टी के प्रदेश ज्वाइंट सेक्रेटरी डॉक्टर चंद्र प्रकाश गुप्ता ने डॉक्टर सुरेंद्र जैन को पार्टी का पटका पहनाकर आम आदमी पार्टी में शामिल कियो प्रदेश ज्वाइंट सेक्रेटरी डॉ चंद्र प्रकाश गुप्ता ने कहा कि डॉक्टर सुरेंद्र जैन के आम आदमी पार्टी में शामिल होने से हल्का बरवाला में पार्टी और अधिक मजबूत होगी डॉ सुरेंद्र जैन का समाज में बहुत अच्छा रुतबा है और बरवाला में चिकित्सकों के प्रधान है आम आदमी पार्टी में शामिल हुए डॉक्टर सुरेंद्र जैन ने कहा कि वो अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए हैं वो पार्टी में निष्ठा और मेहनत से काम करेंगे और पार्टी की नीतियों का जन-जन तक प्रचार करेंगे इस अवसर पर प्रदेश ज्वाईंट सेक्रेटरी डॉक्टर चंद्र प्रकाश गुप्ता के अलावा जिला कोषाध्यक्ष कृष्ण मित्तल, ब्लॉक अध्यक्ष मास्टर सतपाल, मुकेश, शुभम, पवन गोदारा, नूर, रमेश, श्रवण व आत्मा राम आदि मौजूद रहे

# हिन्दूहित के कानून बनाने हेतु सरकार को बाध्य बनाना चाहिएझ्र मुन्ना कुमार शर्मा,राष्ट्रीय अध्यक्ष, अखिल भारत हिन्दू महासभा।

**दैनिक समाज जागरण**

आज हमें अपनी संस्कृति, सीमा तथा हिन्दुओं की रक्षा हतु 'राजनीति का हिन्दूकरण' करन आवश्यक है । राजनीति का अर्थ केवल चुनाव जीतना नहीं है । वर्तमान राजनीति स्वार्थ से भरी तथा पारिवारीक बन चुकी है । देश की सीमाओं की रक्षा करना राज्यकताओं का दायित्व होता है । अभी भी गोहत्या रूकी नहीं है । मंदिर तोडे जा रहे हैं । हिन्दुओं की अल्प होती जा रही संख्या, लव जिहाद जैसी अनेक समस्याएं हैं । नरसिंह राव सरकार द्वारा बनाए गए ह्यमंदिर कानूनह्र को रद्द कर गिराए गए अथवा मुसलमानों द्वारा हडप लिए गए ३ लाख मंदिरों का पुनर्निर्माण करना है । सरकार को इन सभी कानून बनाने के लिए बाध्य बनाना चाहिए । अब इस महोत्सव के माध्यम से ह्यहिन्दू राष्ट्र समितिह्र बनाने के प्रयास चल रहे हैं, उसके लिए मेरा संपूर्ण समर्थन रहेगा । पहले राष्ट्रीय स्तर पर स्थित अधिवेशन अब विश्वस्तर का बन चुका है । उसके कारण अखंड हिन्दू राष्ट्र बनेगा, ऐसा लगता है; ऐसा प्रतिपादन अखिल भारत हिन्दू महासभा के अध्यक्ष श्री मुन्ना कुमार शर्मा जी ने किया ।वैश्विक हिन्दू राष्ट्र अधिवेशन के अंतिम दिन अर्थात ३० जून के द्वितीय सत्र में ह्यराजनीति का हिन्दूकरणह्र विषय पर वे ऐसा बोल रहे थे ।

उन्होंने आगे कहा कि अखिल भारत हिन्दू महासभा के कार्यकर्ता स्वतंत्रतासंग्राम में सहभागी हुए; परंतु उन्होंने राजनीतिक अधिकार लेने का कभी प्रयास नहीं किया । उसका परिणाम यह हुआ कि यह देश कांग्रेस के हाथ में चला गया । उसके उपरांत कांग्रेस ने संपूर्ण भारत का इस्लामीकरण करना आरंभ किया । उस समय मुख्यमंत्री, राज्यपाल, शिक्षामंत्री आदि सभी मुसलमान थे । वीर सावरकरजी ने कारागृह से बाहर आने पर यह घोषणा करते हुए कहा कि राजनीति का हिन्दूकरण तथा हिन्दुओं का सैनिकीकरण कीजिए । उन्होंने अंग्रेजी सेना में सम्मिलित होने का आवाहन किया । उसके लिए उनकी आलोचना हुई; परंतु उन्होंने यह पूछा कि स्वतंत्रता को टिकाए रखने हेतु सीमाओं की रक्षा करने हेतु क्या सैनिकों की आवश्यकता नहीं है

# पेरिस ओलंपिक से पहले विनेश फोगाट का गोल्डन दांव, मारिया को हराकर जीता स्पेन ग्रां प्री कुश्ती टूनार्मेंट

नई दिल्ली. स्टार महिला पहलवान विनेश फोगाट पेरिस ओलंपिक से पहले फॉर्म में लौट आई हैं. विनेश ने स्पेन ग्रां प्री में देश का परचम लहराया है. उन्होंने इस टूनार्मेंट में महिलाओं के 50 किलोवर्ग का स्वर्ण पदक जीतकर देश को गौरवान्वित किया. पेरिस ओलंपिक का आयोजन 26 जुलाई से होगा. विनेश खेलों के इस महाकुंभ में पदक के दावेदार के रूप में उतरेंगी. दो बार की विश्व चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता विनेश ने फाइनल में मारिया तियुमेरेकोवा को 10-5 से हराकर पहला स्थान हासिल किया. पूर्व में रूस की खिलाड़ी रही मारिया अब तटस्थ खिलाड़ी के तौर पर खेलती हैं.

बुधवार को ऐन मौके पर शेंगेन वीजा पाने वाली विनेश फोगाट (श्रल्लीरँ ढँङ्गं३) तीन मुकाबले जीतकर फाइनल में जगह बनाई. विनेश ने पहले क्यूबा की युस्नेलिस गुजमैन को 12-4 से हराया. इसके बाद कनाडा की मेडिसन पार्क्स को चित किया और सेमीफाइनल में कनाडा की ही कैटी डचाक को 9-4 से मात दी. विनेश इसके बाद 20 दिन की ट्रेनिंग के लिए फ्रांस जाएंगी.

# नोएडा सेक्टर 93: जिम खुद ही बिमार है, बुस्टर डोज की जरूरत।





**नोएडा समाज जागरण**

नोएडा सेक्टर 93 स्थित पार्क भले ही बारिश के बाद हरा भरा हो गया हो लेकिन पार्क मे लगे जिम को देखकर अभी भी लोगों मे भारी आक्रोश है। बारिश के पानी से पेड़ पौधों को तो डोज मिल गया है लेकिन पार्क मे लगे जिम को आज भी बुस्टर डोज की जरूरत है। प्राधिकरण के विभागीय लापरवाही के कारण पार्क मे लगे जिम मे एक भी इंस्टूमेंट ऐसा नही है जिस पर लोग स्वास्थ्य लाभ ले सके। पार्क मे सुबह शाम स्वास्थ्य लाभ लेने के लिए आने वाले लोगों के लिए इस कारण से भारी निराशा है और पुछ रहे है कि आखिर नोएडा प्राधिकरण के नींद कब खुलेंगे और कब होंगे मैंटेनेंस।
पार्क के टुटे हुए जिम को बच्चों ने अपने मनोरंजन का साधन बना लिया है। भले ही जिम नही कर सकते है लेकिन जिम के टुटे फुटे पार्ट को अपने खेलने का साधन तो बना ही लेते है। पार्क मे टुटे जिम को बच्चे सही करने का प्रयास करते हुए भी देखे गए।

# नोएडा मे पंचर वालों का नया परपंच, मजबूरी का उठाते है नाजायज फायदा।



**समाज जागरण डेस्क**

नोएडा मे सड़क किनारे लगे पंचर की दुकान और उसका नया परपंच। जब किसी के टायर मे हवा कम होता है तभी लोग हवा डलवाने के लिए रुकते है। जैसे ही बोला जाता है कि हवा डाल दो पहले मना कर देते है। अगर हवा डालने के लिए मान भी जाय तो कहते है नलकि खराब है इसे बदलवा लो। अगर मना कर दिया तो हवा भरने के बजाय और हवा निकालकर छोड़ देते है ताकि लोग परेशान हो और नलकि बदलने के नाम पर परेशान व्यक्ति से लुटा जाय। एक नलकि बदले के लिए 150 से 200 रुपये तक चार्ज करते है। जबकि नलकि की रेट अगर आप अमेजन पर भी देखेंगे तो 449 मे 12 पीस है। यानि एक पड़ता है 37 रुपये की चालीस मान लेते है। यानि कि 40 रुपये की नलकि और लगाने की 160 रुपये चार्ज करते है।
दूसरा परपंच हवा कम देखते है बोलेंगे टायर पंचर है। जबकि गाड़ी वाले यानि मोटरसाइकिल सवार कहता है कि यह पंचर नही है बल्कि धीरे धीरे हवा निकला है या कम हुआ है। बड़े विश्वास के साथ यकीन दिलाते है नही यह पंचर है। गाड़ी वाले कहता है चेक कर लो। टायर को चेक करने के लिए स-ुआदार पेचकश साथ मे लेकर आते है अगर गाड़ी वाले मुस्तैद दिखा तो ठीक है नही तो सुआदार पेचकश से पंचर करते है वह भी एक नही कई। फिर कहते है पंचर है ट्यूब बदलवा लो। अगर ट्यूब ही बदलवाना होता तो ट्यूब लेस टायर क्यो लेता। लोग मना कर देते है।

अब बात आती है पंचर बनाने के तो आपको याद होगा कि जब ट्यूबा वाले टायर होते थे और पूरे टायर खोलकर पंचर बनाने पड़ते थे उस समय 20 रुपये लगते थे अगर आज से 10-15 साल पहले की बात करे। जाहिर सी बात है उसमे ज्यादा मेहनत होता था। लेकिन जब से ट्यूब लेस टायर आये है पंचर बनाना भी आसान हो गया है। लेकिन अब ट्यूब लेस टायर के पंचर बनाने की चार्ज है 50-100 रुपये। जिसमे सिर्फ 5 रुपये के स्ट्रीप लगते है। हवा तो एक पंचर से ही निकला था लेकिन बना तीन पंचर क्योंकि दो पंचर पेचकश के माध्यम से बना दिए जाते है। यानि की 150 रुपये के जुगाड़ सिर्फ 15 रुपये के स्ट्रीप मे।

आम तौर पर मोटरसाइकिल पर चलने वाले लोग गरीब या मध्यम परिवार से आते है। कई बार उनके जेब मे इतने भी नही होते है और कोशिश करते है कि हवा भरवा लेते हे गतंव्य तक पहुँच जायेंगे कैसे भी लेकिन पंचर वाले हवा भरने से मना कर देते है। जरा सी आपने कुछ बोला तो बदतमीजी के नाम पर गाली भी आपको सुनने पड़ सकते है। जाहिर सी बात है आपने अगर जबाब दिया तो दो चार वही पर लेटा बैठा रहता है चाचा ताव के आपको मार भी पड़ सकते है। इसलिए ज्यादातर लोग चुप-चाप निकल लेते है या फिर इनके मनमानी के शिकार होते है।

दूसरी तरफ इनके कंप्रेशर चलाने के लिए बिजली फ्री मिलते है जो कि किसी बिजली वाले कि मेहरबानी से। इनको जगह फ्री मिलते है पुलिस वाले और प्राधिकरण वालों की मेहरबानी से। कई बार तो दुकान पर नाबालिग लोग ही होते है जिसको आप कुछ बोल भी नही सकते है।

सवाल उठता है कि आखिर क्यो नही नोएडा प्राधिकरण वाले रजिस्ट-र्ड वेंडर जो मोटरसाइकिल मैकेनिक के काम करते है उनको जगह देकर रोजगार शुरू करवाते है। जिससे प्राधिकरण के ऊपर वेंडिंग जोन बनाने के बोझ भी कम हो और लोग भी सुरक्षित महसूस करे। गाड़ी सवार के साथ मे मजबूरी का फायदा उठ-ाकर लूट न हो। पुलिश प्रशासन को भी चाहिए कि इनके मनमर्जी और बदतमीजी पर लगाम लगाए। ताजा घटना नोएडा सेक्टर 98 मॉल के पास की है। इससे पहले नोएडा सेक्टर 47 और सेक्टर 100 के पास लगने वाली पंचर के दुकान के बारे मे भी टवीटर के माध्यम से पुलिस को जानकारी दी गई थी लेकिन कोई संज्ञान नही लिया गया।

ऐसा नही कि सभी है कुछ अच्छे भी है। लेकिन पंचर को लेकर परपंच रचने वाले सभी पंचरवालों का हकीकत समाज जागरण आपको ऐसे बताता रहेगा।

# *123 वीं जयंती पर डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया नमन*

***123 वीं जयंती पर डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया नमन***

***समान आचार संहिता लागू कर डॉ.मु-खर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करो -राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य***

***राष्ट्रवाद के प्रहरी थे डॉ मुखर्जी-प्रवीण आर्य***




गाजियाबाद,शनिवार 6 जुलाई 2024,केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 123 वें जन्मोत्सव पर ऑनलाइन विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि देश में समान आचार संहिता लागू करना ही डॉ. मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।आज समान अचार संहिता लागू करना समय की आवश्यकता है,हमें विश्वास है कि प्रधानमंत्री मोदी जी धारा 370 के बाद इस पुनीत कार्य को भी अपने कर कमलों से करके इतिहास बनाएंगे उन्होने कहा कि आर्य समाज समान आचार संहिता का पुरजोर समर्थन करता है।एक देश में एक समान कानून लागू होने ही चाहिए।डॉ. मुखर्जी अखण्ड भारत के स्वप्न द्रष्टा थे,उन्होंने उस समय जम्मू कश्मीर की परमिट परिपाटी के विरुद्ध संघर्ष का सिंहनाद किया था।उन्होंने राष्ट्र को सन्देश दिया कि एक देश में दो प्रधान,दो विधान,दो निशान नहीं चलेंगे।वे जम्मू कश्मीर को भारत का अविभाज्य अंग बनाने के लिए बलिदान हो गए।उनके बलिदान को सच्ची श्रद्धांजलि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा धारा 370 व 35अ समाप्त करके दी गयी है। वह कलकत्ता विश्वविद्यालय के सबसे कम आयु के उपकुलपति बने,उन्होंने पश्चिम बंगाल में हिन्दुओं की रक्षा के लिए उल्लेखनीय कार्य किया।उल्लेखनीय है कि डॉ. मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को कलकत्ता के अत्यन्त प्रतिष्ठित परिवार में हुआ था।उनके पिता भी सर आशुतोष मुखर्जी बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे एवं शिक्षाविद् के रूप में विख्यात थे।अपने पिता का अनुसरण करते हुए उन्होंने भी अल्पायु में ही विद्याध्ययन के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलताएँ अर्जित कर लीं व 33 वर्ष की अल्पायु में वे कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति बने।
केन्द्रीय आर्य युवक परिषद उत्तर प्रदेश के प्रान्तीय अध्यक्ष प्रवीण आर्य ने कहा कि डॉ.मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता अखंडता के लिए अपना बलिदान दिया,उनके कार्य सदियों तक आने वाली पीढ़ियों का मार्ग प्रशस्त करते रहेंगे।वह राष्ट्र वाद के प्रहरी थे। आचार्य महेन्द्र भाई ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन से युवाओं को प्रेरणा लेने का आह्वान किया क प्रान्तीय महामंत्री अनुपम आर्य (हापुड़) ने आभार व्यक्त करते हुए डॉ.मुखर्जी को राष्ट्रवाद का प्रतीक बताया। ओम सपरा ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्शों पर चलने की आवश्यकता है तभी हम राष्ट्रीय एकता अखंडता को मजबूत रख सकते हैं।

# इस समाह के विजेता,

**जिनके द्वारा किए गए समाचार संकलन को पाठको के द्वारा समाज जागरण पोर्टल पर सबसे ज्यादा व्यूज मिले है।**

**1**
**अनिल कुमार , नवीनगर औरंगाबाद (बिहार)**

**2**
**सत्येन्द्र चौरसिया, नौडीहा बाजार पलामू (झारखंड)**

**3**
**सत्येन्द्र चौरसिया, नौडीहा बाजार पलामू (झारखंड)**